CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 22°C

हल्द्वानी, गुरुवार 7 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 347 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है: अखिलेश यादव पेज 2



करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा खेल टाइम्स



हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं सम्पादकीय



नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे का बनाया प्लान आर्मी चीफ ने जताया विरोध पेज 12

# RBI ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50 फीसदी घटाकर 5.5 फीसदी की थीं। यह फैसला मानेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के



- **5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा, लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी**

सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। टैरिफ अनिश्चितता के कारण ये फैसला लिया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मानसून सीजन अच्छा चल रहा है। साथ ही, त्योहारों का सीजन भी नजदीक आ रहा है, जो आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों में उत्साह और तेजी लाता है। ये अनुकूल माहौल, सरकार और रिजर्व बैंक की सहायक नीतियों के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य में अच्छा संकेत देता है। भले –शेष पृष्ठ दो पर

# धराली त्रासदी: 5 की मौत, 9 जवान सहित 100 लापता

## दो शव बरामद, 400 का रेस्क्यू, केरल के 28 टूरिस्ट का अभी तक सुराग नहीं, सर्च ऑपरेशन जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से प्रभावित इलाकों धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी है। त्रासदी में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ ,आईटीबीपी और आर्मी बचाव कार्य में जुटी हैं। आईटीबीपी के प्रवक्ता कमलेश कमल ने बताया कि 400 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 100 से ज्यादा अभी भी फंसे हैं। शाम तक उन्हें भी बचा लिया जाएगा। एनडीआरएफ डीआईजी शहीदी ने कहा कि सेना के 9 जवान लापता हैं। बुधवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगहों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मीटिंग भी –शेष पृष्ठ दो पर



- **पीएम ने दिल्ली में उत्तराखंड के सांसदों से मुलाकात की**
- **वायुसेना के विमान राहत सामग्री लेकर पहुंचे**

### पौड़ी जिले में बादल फटा

**देहरादून।** उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, बाकुंडा गांव में भी बादल फटा, जहां 5 नेपाली मजदूरों के बहने की सूचना है।

### अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा के लिए राज्य सरकारें 4 हफ्ते में अधिसूचनाएं जारी करें

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे अनाथ, कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा देने की अनुमति संबंधी अधिसूचनाएं चार सप्ताह के अंदर जारी करें। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि दिल्ली, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात ने पहले ही अनाथ बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1)(सी) की परिभाषा में शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बाकी राज्य भी इस संबंध में प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी कर लें।

### बिहार मतदाता सूची से गायब 65 लाख लोगों का शनिवार तक विवरण दे ईसी: SC

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुयान और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया।

### महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब क्यों नहीं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने महिलाओं को सीडीएस (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) नौसेना अकादमी (आईएनए) और वायुसेना अकादमी (एएफए) में शामिल न करने को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की बेंच ने बुधवार को कहा महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब नहीं मिल रही। यह मामला गंभीर है।

# ट्रम्प का भारत पर रंजिशन वार: 25 % एक्स्ट्रा टैरिफ थोपा

## 21 दिन बाद होगा लागू, अब कुल 50% टैरिफ, रूसी तेल खरीदने की बताया वजह

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। अब तक अमेरिका की तरफ से भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रम्प ने रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया है। मंगलवार को उन्होंने कहा था कि भारत रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प ने बुधवार के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है कि भारत सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25 फीसदी का एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। यह शुल्क 21 दिन बाद से लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में –शेष पृष्ठ दो पर



- **कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा**

### अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच से ट्रम्प की धमकियों से बच रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका में पीएम मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करता है। उनका कहना था कि यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं। राहुल गांधी 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत, कृपया समझे। पीएम मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, इसका कारण अडानी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है।

# सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी हो गई है। सपा नेताओं ने ग से गणेश को ग से गधा पढ़वाया, इन्होंने ग से गधा पढ़ाकर गणपति की अवमानना करने का काम किया है। वे बुधवार को मुरादाबाद पहुंचे और उन्होंने बिलारी के पीपली गांव में अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बटन दबाकर विकास की कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने कहा कि सपा के जीवन का हिस्सा था नकल कराना। उन्होंने नकल कराकर युवाओं और पीढ़ी को खोखला किया। सपा को शिक्षा का मॉडल देखना है तो अटल आवासीय स्कूल देखें। हमने एक लाख 54 हजार विद्यालयों की काया बदली। सपा ने हमें एक लाख 54 हजार जर्जर स्कूल दिए, भवन कब गिर जाए, पता नहीं था। स्कूल में बच्चों के लिए टॉयलेट तक की व्यवस्था नहीं थी। हमने कायाकल्प के –शेष पृष्ठ दो पर

**ग से गधा पढ़ाकर गणपति का अपमान किया**

**यूपी के सीएम ने मुरादाबाद में कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण**



### सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थी पिछली सरकारें: योगी

**बरेली (ब्यूरो)।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पिछली सरकारें सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं।

बरेली में 2264 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के अवसर पर उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।

# यूट्यूबर एल्विश को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रेव पार्टियों में कथित तौर पर 'सांप के जहर' का इस्तेमाल के आरोपी यूट्यूबर एल्विश यादव उर्फ सिद्धार्थ के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे पर बुधवार रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने इस इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एल्विश यादव की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने

- **'सांप के जहर' विवाद मामले में शीर्ष अदालत ने लगाई रोक**

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्रवाई को चुनौती दी है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता को राहत दी और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

### पीएम ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और सीएसएस की 10 में से पहली बिल्डिंग है। कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत

रांची/चाईबासा, वार्ता

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी को झारखंड के चाईबासा की एक एमपी-एमएलए अदालत ने 2018 में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दे दी।

राहुल गांधी सुबह करीब 10.55 बजे अदालत में पेश हुए। इस दौरान कांग्रेस सांसद के वकील ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अदालत में पेश हुए। उन्होंने जमानत मांगी थी, जो मंजूर हो गई। अब हम प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। यह मामला 2018 में चाईबासा में एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए भाषण से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी को लेकर प्रताप कुमार नाम के एक शख्स ने चाईबासा के मजिस्ट्रेट कोर्ट में उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। प्रताप कुमार का आरोप है कि राहुल गांधी ने जानबूझकर यह बयान दिया था।



- **झारखंड की चाईबासा कोर्ट से मिली जमानत**

### राज्यमंत्री से अभद्रता करने वाला कनिष्ठ अभियंता निलंबित

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उप्र के सीतापुर के कोरैया गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली गुल होने से कारागार राज्य मंत्री और हरगांव (सीतापुर) विधायक सुरेश राही नाराज़ होकर मंगलवार देर शाम को धरने पर बैठ गए। कनिष्ठ अभियंता के व्यवहार से दुखी मंत्री के विरोध के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ने मंगलवार देर रात एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया।

# सूरत के तीन स्टूडेंट्स ने बनाई एआई सुपर बाइक

सूरत, वार्ता

**गुजरात के** सूरत में तीन स्टूडेंड्स ने एआई आपरेटेड बाइक बनाई है। इस बाइक के 50 फीसदी पुर्जे कबाड़ से और बाकी 50 फीसदी खुद स्टूडेंट्स ने ही तैयार किए हैं। बाइक तैयार करने में 1.80 लाख रुपये की लागत आई है।

भगवान महावीर यूनिवर्सिटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के शिवम मौर्य, गुरप्रीत अरोड़ा और गणेश पाटिल ने इस बाइक को 'गरुड़' नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसे डिजाइन करने में उन्हें करीब एक साल का समय लगा है। शिवम मौर्य ने बताया कि बाइक वाईफाई और सेल्फ-ड्रिवन सिस्टम पर काम करेगी। इसमें दो अत्याधुनिक सेंसर लगाए गए हैं। इन सेंसर की मदद से बाइक खुद ही सड़क पर स्थिति का आकलन कर लेती है। अगर कोई दूसरा वाहन इसके 12 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक की स्पीड अपने आप स्लो हो जाती है। अगर कोई वाहन 3 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक पूरी तरह रुक जाती है। बाइक सवार को बस 3 फीट दूर रुकें कमांड देना होगा और बाइक बिना ब्रेक लगाए रुक जाएगी। यह फीचर हादसों जैसी स्थिति से बचने में काफी मददगार साबित होगा। इस बाइक के दिमाग को रासबेरीपाय के नाम से जाना जाता है, जो एक छोटा कंप्यूटर है। यह सिस्टम कमांड मिलने के बाद अपना काम करना शुरू कर देता है। वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध बाइक के दूसरे फंक्शन भी पूरी –शेष पृष्ठ दो पर



- **50 प्रतिशत पुर्जे कबाड़ से और बाकी के खुद ही तैयार किए, 1.80 लाख रुपये आई लागत**
- **छात्रों ने बाइक को 'गरुड़' नाम दिया**

# 11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं: सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है।

गवई ने कहा कि कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में एजेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामले केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं। इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं।

- **कहा: 'सीनियर वकीलों को मनाही, जूनियर वकील अर्जी दाखिल कर सकते हैं**

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य का दर्जा बहाल करने को उमर ने दलों को लिखा पत्र

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने संसद में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखने वाले राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाली का प्रयास करने का आग्रह किया है। अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने औपचारिक तौर पर कई दलों से संपर्क किया है और संसद के चालू सत्र में विधेयक पेश करने के लिए उनके समर्थन का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मैंने संसद में बड़ी संख्या में सांसदों वाले सभी दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को पूरा करने में मदद करने का अनुरोध किया है। यह वादा जनसभाओं, संसद और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी किया गया था।

### इण्टर व हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया जिसमें हाईस्कूल का रिजल्ट 100 फीसद व इण्टर मीडिएट का परिणाम 91 फीसद से ऊपर है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस बार हाईस्कूल कम्पार्टमेन्ट/ इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में 15985 बालक तथा 4783 बालिका कुल 20768 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 14685 बालक तथा 4460 बालिका कुल 19145 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में 12495 बालक तथा 13128 बालिका कुल 25623 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

# यूपी के 13 जिलों के मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में जवाब तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ समेत मान्यता प्रदान करने के आग्रह वाली एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद नियत कर इस बीच मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के वकील को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया। याची ने प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ मुहैया कराने समेत मान्यता देने का मुद्दा उठाया है। एक अखबार में प्रकाशित खबरों के आधार पर याची ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में स्थित राज्य मेडिकल कालेजों को 70 फीसदी संसाधन, स्टाफ आदि की कमी की वजह से मान्यता नहीं मिल सकी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की रिव्यू कमेटी ने इनको मान्यता प्रमाणपत्र देने की अर्जी खारिज कर दी।

ये मेडिकल कालेज कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, औरैया, सोनभद्र, बुलंदशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली और लखीमपुर खीरी के हैं। याची का कहना है कि जनहित में राज्य सरकार को इन मेडिकल कालेजों में पर्याप्त संसाधन, स्टाफ आदि की व्यवस्था तत्काल करनी चाहिए, जिससे इन्हें केंद्रीय आयोग से मान्यता प्रमाणपत्र मिल सके। और इन जिलों के लोगों को बड़े शहरों में इलाज के लिए भागदौड़ न करनी पड़े। मामले की सुनवाई के समय मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया वकील ने याचिका में उठाए गए मुद्दों का जवाब पेश करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर मामले को अगली सुनवाई के लिए तीन हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# यूपी के किसानों को आज से मिलेगी सब्सिडी

शाह टाइम्स ब्यूरो



## 75 जिलों में ई-लॉटरी से किया जाएगा चयन

**लखनऊ।** योगी सरकार यूपी के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का लाभ दे रही है। किसानों का पारदर्शिता से इसका लाभ मिले, इसके लिए सभी 75 जनपद में जिलाधिक.ारी की अध्यक्षता में कृषि विभाग ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों को चुनेगा। यह प्रक्रिया सभी जनपदों में गुरुवार और शुक्रवार को होगी। प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल (ऑयलसीड) योजना के अंतर्गत मिनी ऑयल मिल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट एवं तिरपाल की बुकिंग किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गई है।

इसका पारदर्शी पूर्ण चयन ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा कराया जाएगा। कृषि विभाग के मुताबिक सभी 75 जनपदों में सात और आठ अगस्त को स्थानीय स्तर पर ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा संबंधित किसानों और जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया गया है। ई-लाटरी के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों का विवरण विभागीय पोर्टल पर बुधवार तक अनिवार्य रूप से फीड कर लिया गया।समिति के कार्यालय ज्ञाप की पीडीएफ फाइल भी विभागीय पोर्टल पर अपलोड रहेगी। कृषि विभाग ने निर्देश जारी किया है कि ई-लाटरी की प्रक्रिया के लिए ऐसे स्थान का चयन किया जाए, जहां इसे अधिक से अधिक किसान देख सकें। सीएम योगी की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ यह प्रक्रिया कराई जाए। इसके लिए बड़ी स्क्रीन लगाकर भी व्यवस्था की जाए। ई-लॉटरी में चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस भेजा जाएगा। सूचना एवं बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को भी सूचित किया जाएगा। ई लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि अधिकतम छह महीने में वापस कर दी जाएगी।

### अधिकारियों की कार्यशैली पर बिफरे राधामोहन दास

**लखनऊ।** भाजपा के राज्यसभा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल ने अधिकारियों को उनकी कार्यशैली को लेकर जमकर फटकार लगाई है। अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि इसी को थूक कर चाटना कहते हैं, लेकिन अभी भी अधूरा चाटा जा रहा है असुरन से लेकर खजांची चौराहे तक नाला तोड़ना होगा। मेरा कोई निजी झगड़ा नहीं था। मजबूरी थी कि मैं शहर का विधायक था और देख रहा था कि अधिकारी मूर्खतापूर्ण काम कर रहे थे।

## अयोध्या के 48 गांवों पर खतरा, पीपा पुल बहकर बनारस पहुंचा

# 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ के पानी में डूबे

लखनऊ, वार्ता



यूपी में बाढ़ विकराल रूप धारण कर चुकी है। एक दिन पहले सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया था। बाढ़-बारिश से 40 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रयागराज, वाराणसी, उन्नाव, गाजीपुर, मिर्जापुर, चित्रकूट, बुलंदशहर समेत 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। नदी-नालों का पानी घरों में घुस चुका है, सड़कें डूब चुकी हैं और कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

लगातार हो रही बारिश भी मुश्किल खड़ी कर रही है। ग्रामीण इलाकों में 360 से अधिक मकान भरभराकर ढह चुके हैं। प्रयागराज के सलोरी, छोटा बघाड़ा में लोग बाढ़ के कारण पलायन कर रहे हैं।

मिर्जापुर में मंगलवार की रात करीब 7 बजे चुनार तहसील के रैयपुरिया गांव के पास रखे गए पीपे बह गए। इसमें 30 से 35 पीपे कैनाल नारायनपुर के पास रुके हैं। नारायनपुर चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा ने पीपा बहने की जानकारी दी। उधर, अयोध्या में सरयू नदी कहर बरपा रही है। 48 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मिर्जापुर जनपद के कछवां थाना क्षेत्र के बजहा गांव में उस समय कोहराम मच गया, जब एक किसान गाय चराते समय बाढ़ के पानी में डूब गया। गांव वालों ने किसान राजेंद्र को डूबते देख तत्काल बाहर निकालकर पहले सीपीआर दिया, इसके बाद कछवां सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### उप्र में बाढ़ से दो दर्जन जिले प्रभावित राहत कार्य में जुटी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 24 जिलों के 913 गांव प्रभावित हुए हैं। लगभग 83,091 लोग बाढ़ का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिनमें से 19 हजार 167 लोग सरकारी बाढ़ आश्रय स्थलों में जाने को मजबूर हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा, दो लाख से अधिक व्यक्तियों को राहत सहायता मिली है। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि अब तक 517 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और 360 लोगों को आर्थिक सहायता मिल रही है। 33,252 हेक्टेयर से ज्यादा ज़मीन जलमग्न हो गई है। 1,640 नावों और मोटरबोटों के ज़रिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अब तक 17,924 खाने के पैकेट और 2,47,277 लंच पैकेट बांटे जा चुके हैं। 40 से ज्यादा सामुदायिक रसोई में बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार सुबह तक, राज्य में 24 घंटों में 22.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश 6.4 मिमी होती है, जो सामान्य से 255 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों में अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की तीव्रता में मामूली कमी देखी गई। इस बीच, राहत और बचाव कार्यों की निगरानी के लिए 11 मंत्रियों का एक दल बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करता रहा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज का हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में एक राहत शिविर का दौरा किया, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

# सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे है। लाखों की आबादी के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। बाढ़ से खेती-बाड़ी, जानवर और फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है।

सरकार नुकसान भरपाई के लिए तैयार नहीं है। बाढ़ पीड़ितों की न प्रयागराज, फतेहपुर, बलिया में मदद हो पा रही है और न तो वाराणसी, हमीरपुर से लेकर अन्य जिलों में कोई मदद हो रही है। 20-20 हजार करोड़ रुपए बजट खर्च हुए उसके बाद भी जलभराव है, सड़कों में गड्ढे है। बाढ़ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है। सरकार की अकर्मण्यता से आम जनता के साथ सत्तारूढ़ दल के विधायक, मंत्री भी धरना और प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसी की कोई सुनवाई नहीं है। भ्रष्टाचारियों और अराजक तत्वों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं, आम जनता सभी को धोखा दिया है। सरकारी बजट को लुटाने के सिवा कोई काम नहीं किया।



सेंसेक्स 80583.99
निफ्टी 24574.20



सोना रु. 100672
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113576
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मुंबई, वार्ता



भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों को स्थिर रखने की घोषणा के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.35 अंक (0.31 प्रतिशत) फिसलकर 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। आज बैंकिंग को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में निवेशक बिकवाल रहे। फार्मा, आईटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलिटी क्षेत्रों में ज्यादा गिरावट रही। जहां आईटी और फार्मा में गिरावट का कारण अमेरिकी आयात शुल्क और बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी को माना जा रहा है, वहीं रेपो दर में कटौती न होने की वजह से रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक गिर गए। प्रमुख सूचकांकों में सुबह उतार-चढ़ाव देखा गया।

सेंसेक्स 15.27 अंक की मामूली गिरावट में 80,694.98 अंक पर खुला और मंगलवार की तुलना में 100 अंक से अधिक की बढ़त बनाता हुआ ऊपर 80,834.43 अंक तक गया। लेकिन रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में घोषणा के बाद अचानक 80,448.82 अंक तक उतर गया। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियां लाल निशान में रहीं। सन फार्मा का शेयर 2.33 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.97 और बजाज फाइनेंस का 1.67 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 1.64 फीसदी, एचसीएल टेक में 1.38 फीसदी और इटरनल में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। टीसीएस, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 2.19 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बीईएल में 0.80 प्रतिशत और ट्रेंट में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, स्टेट बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

## सोना 1,00,672 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 596 रुपए बढ़कर 1,00,672 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 1,00,076 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,154 रुपए बढ़कर 1,13,576 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,422 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,270 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# चावल, गेहूं महंगे, दालों-खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी का भाव बढ़ा

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल और गेहूं की औसत कीमतों में तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा, जबकि चीनी महंगी हो गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 23 रिंगिट गिरकर 4,267 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 53.85 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब तीन रुपए की तेजी के साथ 3,832.51 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी तीन रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा महंगा हुआ और 2,840.93 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी आठ रुपए बढ़कर 3,296.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 74 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 16 रुपए प्रति क्विंटल टूटा। पाम ऑयल तकरीबन 12 रुपए की तेजी में रहा। सूरजमुखी तेल भी 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 14 रुपए और वनस्पति 29 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन चार रुपए प्रति क्विंटल नरम हुई। चना दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल करीब पांच रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में तीन रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, दाल मूंग पांच रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे, जबकि चीनी तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7962.33 रुपए, मसूर काली 8134.81 रुपए, मूंग दाल 10123.90 रुपए, उड़द दाल 10493.52 रुपए, अरहर दाल 10929.83 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आरबीआई ने...** ही ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं कुछ हद तक कम हुई हैं। आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मानेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई। जून में तीसरी बार दरों में 0.50 फीसदी कटौती हुई। यानी, मानेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें एक फीसदी घटाई। किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की को.शिश करता है।

**धराली त्रासदी....** की। इधर, केरल के 28 टूरिस्ट्स का ग्रुप धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन लैंडस्लाइड के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे थे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने तीनों ही आपदाओं के बाद धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह राज्य सरकार को दी। यह भी बताया कि आपदा के लिहाज से धराली टाइम बम पर बैठा है, लेकिन इसे शिफ्ट नहीं किया गया। आपदा में धराली में स्थित प्राचीन कल्प केदार महादेव मंदिर भी मलबे में दफन हो गया। भागीरथी नदी किनारे स्थित 1500 साल पुराना यह मंदिर पंच केदार परंपरा से जुड़ा है। स्थानीय लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र था। उत्तराखंड की त्रासदी को लेकर पीएम मोदी ने दिल्ली में उत्तराखंड के चार सासंदों से मुलाकात की। इसमें अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, त्रिवेंद्र सिंह रावत और अनिल बलूनी शामिल रहे। बरेली स्थित एमआई-17 और एएलएच एमके-3 हाई अलर्ट पर हैं। आगरा से एएन-32 और सी-295 विमान प्रभावित क्षेत्रों में मिशन के लिए देहरादून पहुंच चुके हैं।

**ट्रम्प का...** अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमे.रिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी वे छूट अब भी जारी रहेंगी। इन सामानों में सेमीकंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं। इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्सट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा। इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी, तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150 फीसदी और फिर 250 फीसदी कर देंगे। ट्रम्प ने कहा था कि हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपये) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 फीसदी भारत से आती हैं।

**सपा नेताओं...** माध्यम से स्कूलों की काया बदली। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी, लैब्स, स्मार्ट क्लास हमने स्कूलों को दिए. जो विद्यालय बचे हैं हम वहां भी आधुनिक शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं। हमने कल्याण सिंह की बीजेपी सरकार में ग से गणेश पढ़ाया तो विरोध किया। तब सपा ने कहा कि ग से गणेश नहीं, ग गधा होता है। समाजवादी पार्टी ने गणपति की अवमानना की, इसीलिए उनकी बुद्धि गधे जैसी हो गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह समेत बीजेपी के कई नेता और जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। पीपली गांव के बाद मुख्यमंत्री मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचे और इसके बाद सीएम का 24 बटालियन पीएसी ग्राउंड पर कार्यक्रम प्रस्तावित है। रात को मुख्यमंत्री मुरादाबाद में ही रुकेंगे और कल गुरुवार को संभल जाएंगे।

**सूरत के तीन...** तरह से टचस्क्रीन डिस्प्ले पर आधारित है। इसमें डिस्प्ले पर जीपीएस, फोन कालिंग और म्यूजिक जैसे फीचर्स भी इस्तेमाल किए गए हैं। राइडर को आगे-पीछे की गाड़ियों को देखने के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा, इसमें वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध है। इको मोड पर 220 किलोमीटर की रेंज यह बाइक इको मोड पर 220 किलोमीटर और स्पोर्ट मोड पर 160 किलोमीटर की रेंज देती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बाइक की लिथियम बैटरी सिर्फ दो घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है, जो कि एक सामान्य बाइक से कहीं ज्यादा फास्ट है। बाइक वाईफाई और सेल्फ ड्राइव सिस्टम पर काम करेगी शिवम मौर्य ने बताया कि हमें बाइक बनाने में एक साल का समय लगा। हमारी टीम में तीन छात्र हैं। बाइक में आगे और पीछे कैमरे लगे हैं, जिससे डिस्प्ले पर आगे और पीछे के वाहन दिख सकते हैं। जीपीएस, ब्लूटूथ कूलिंग, म्यूजिक सुनने जैसी सुविधाएं हैं। डिस्प्ले को राइडर कंट्रोल कर सकता है। बाइक में आगे और पीछे सेंसर लगे हैं, इसलिए बाइक अपने आप रुक जाएगी। राइडर जो कमांड देगा, उतनी दूरी तय करने के बाद बाइक अपने आप रुक जाएगी, उदाहरण के लिए अगर आगे वाला वाहन बाइक से तीन फीट दूर है और कमांड दिया जाए कि बाइक रुकनी चाहिए, तो ब्रेक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे हादसों से बचा जा सकेगा। इस बाइक को ड्राइवरलेस बनाने की भी तैयारी की जा रही है। भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बनाना भी संभव इस बारे में आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े विनोद देसाई ने बताया कि भविष्य को ध्यान में रखकर इस तरह की बाइक बनना संभव है। इस बाइक की बात करें, तो इसकी बैटरी हल्की है, जिससे ये जल्दी चार्ज हो जाती है। भविष्य की डिमांड भी यही है। साथ ही इसके फंक्शंस को देखते हुए भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बाइक में कन्वर्ट करना भी संभव है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





**चिनूक पहुंचा जौलीग्रांट, बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर तैयार**

**देहरादून।** भारत सरकार की और से त्वरित गति से वायु सहायता उपलब्ध कराई गई है। 2 चिनूक हेलीकॉप्टर जौलीग्रांट पहुंच चुके हैं। इसमें एनडीआरएफ के 50 जवानों तथा उनके उपकरणों को ग्राउंड जीरो के लिए भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। एक एमआई 17 खराब मौसम के कारण जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर पाया और उसे वापस सरसावा बेस लौटना पड़ा। मौसम साफ होते ही एमआई 17 के पुन: लैंडिंग के प्रयास किए जाएंगे। वहीं 115 स्पेशल फोर्सेज के साथ सेना के 5 एएन-32 हेलीकॉप्टर जौलीग्रांट पहुंच चुके हैं।



## मौसम की चुनौतियों के बीच ग्राउंड जीरो पर पहुंचे मुख्यमंत्री, प्रभावितों को दिया मदद का भरोसा

# हर तरफ मलबा, तबाही के निशां...जवानों ने संभाला मोर्चा

### धराली आपदा प्रभावितों से मिले सीएम धामी, हर संभव मदद का भरोसा दिया, प्रधानमंत्री मोदी रेस्क्यू अभियान की ले रहे नियमित अपडेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मौसम की तमाम चुनौतियों तथा विषम परिस्थितियों की परवाह न करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को धराली में ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर, हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए, राहत कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे कर्मियों से भी भेंट की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री समयबद्ध तरीके से प्रभावितों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों को गति देने के उद्देश्य से दो हेलीकॉप्टरों के माध्यम से आवश्यक खाद्य और राहत सामग्री धराली क्षेत्र में पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक राहत पहुंचाते हुए, सामान्य स्थिति बहाल करना है।

आपदा ग्रस्त धराली (उत्तरकाशी) में राहत एवं बचाव अभियान में केंद्र के साथ ही राज्य की एजेंसियां भी युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। धामी ने बुधवार को मौसम की चुनौतियों के बावजूद, आपदा ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की है। बुधवार को हेलीकॉप्टर की 07 सार्टी हुई। सबसे पहली सार्टी में मुख्यमंत्री धामी ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। घटना के बाद बुधवार को ग्राउंड जीरो पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति थे। मुख्यमंत्री के ग्राउंड जीरो पर पहुंचते ही प्रभावितों का दर्द और आंसू छलक उठे। कई लोग मुख्यमंत्री से लिपटकर रोने लगे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं और राज्य सरकार के स्तर पर राहत व बचाव कार्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में पूरी राज्य सरकार धराली के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं। सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को 24 घंटे मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में शासन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राहत और बचाव कार्यों की निगरानी की जा रही है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि धराली आपदा में लगभग 15 लोगों के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई है। दो लोगों के शव बरामद हुए हैं।



### आपदा से सब कुछ तबाह हो गया: धामी

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूरा धराली आपदा की चपेट में आ गया है, और कल की घटना के बाद कई चरणों में वहाँ मलबा आया है। मैंने आज वहाँ जाकर लोगों से मुलाकात की, उनसे बात की और घटना की जानकारी ली आपदा से सब कुछ तबाह हो गया। इसके साथ ही, शाम तक सेना के जवानों ने लगभग 190 लोगों को बचा लिया है। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। अभी घायलों को भी वहाँ से रेस्क्यू करके उत्तरकाशी लाया जा रहा है। कई जगहों पर भूस्खलन से पूरा संपर्क मार्ग पूरी तरह प्रभावित हुआ है।

### क्षतिग्रस्त सड़कें बनीं बाधा हेली सेवा सहारा अस्थाई पुल बना रहे सेना के जवान

## मलबे में दबी जिंदगियों को बचाने की चुनौती

**उत्तरकाशी।** धराली में कुदरती कहर के बीच सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला लिया है। जगह-जगह भूस्खलन से रास्ते बंद होने से कई अधिकारी घटनास्थल नहीं पहुंच पाए हैं। वहीं सेना के जवान फंसे ग्रामीणों तक रास्ता बनाने में जुटे हैं। धराली की तबाही के बाद सभी रास्ते बंद हो गए, मगर सेना और आईटीबीपी के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। 25 फीट ऊंचे मलबे में फंसे ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। राहत अभियान में सेना की पूरी ताकत झोंक दी गई है।

उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने के बाद हर तरफ मलबा, तबाही और चीखें ही सुनाई दे रही थीं, तब सेना लोगों के लिए उम्मीद बनकर सामने आई। आईटीबीपी और आर्मी के जवानों ने अस्थाई पुल बनाने शुरू कर दिये हैं, ताकि गांव में फंसे 200 से अधिक लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके। उत्तरकाशी की आपदा में सेना और राहत दल दिन-रात डटे हुए हैं। मलबे में दबी जिंदगियों को बचाने के लिए सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ जैसे दल पूरी ताकत से मैदान में हैं। हर पल की निगरानी आपदा कंट्रोल रूम से की जा रही है। आईटीबीपी और आर्मी के जवान धराली में बीच गांव में फंसे ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए वहां करीब 25 फीट ऊंचे मलबे में रास्ता बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हर्षिल में राहत कार्यों को तेज करने के लिए और भी सेना की टीमें, खोजी कुत्ते, ड्रोन, और खुदाई करने वाली मशीनें भेजी गई हैं।

### दो लोगों के शव बरामद, 15 के लापता होने की सूचना कहा-आपदा प्रभावितों के साथ मजबूती से खड़ी है सरकार





## युद्धस्तर पर खोले जा रहे मार्ग: सुधांशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में उपस्थित शासन के वरिष्ठ अधिकारीगणों के साथ राहत और बचाव कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रभारी मुख्य सचिव आरके सुधांशु ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को किए जा रहे रेस्क्यू अभियान के साथ ही मौके पर भेजे जा रहे मानव संसाधन तथा उपकरणों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मार्ग बंद होने के कारण बचाव दल अलग-अलग स्थानों पर फंसे हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, राज्य सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग विनय कुमार रुहेला, सचिव शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया मेजर जनरल एमपीएस गिल, एडीजी एपी अंशुमन, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव नितेश कुमार झा, सचिव डॉ. आर राजेश कुमार, सचिव चंद्रेश यादव, सचिन कुर्वे, आईजी फायर मुख्तार मोहसिन, एसीईओ प्रशासन आनंद स्वरूप, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे।

## यूकाडा के हेलीकॉप्टर निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका, रेस्क्यू टीमें पहुंची धराली



**देहरादून।** इस पूरे रेस्क्यू अभियान में यूकाडा के हेलीकॉप्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मौसम की चुनौतियों के बीच बुधवार को यूकाडा के हेलीकॉप्टरों की कुल 7 सार्टी हुई। दूसरी सार्टी के जरिये जिलाधिकारी उत्तरकाशी व एसपी उत्तरकाशी घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं अन्य सार्टी में जिला प्रशासन की टीम, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के कुल 22 लोग ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। एनडीआरएफ के 28 जवान भी 2 सेटेलाइट फोन के साथ यूकाडा के हेलीकॉप्टरों के जरिये धराली पहुंच चुके हैं। वहीं यूकाडा के हेलीकॉप्टरों ने सेना के ले. कर्नल समेत 10 जवानों का धराली से रेस्क्यू किया है। सेना के 2 घायलों को हेलीकॉप्टर से हायर सेंटर भेजा गया है, दो अन्य को सड़क मार्ग से एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा जा रहा है। शेष अन्य का उपचार मातली तथा जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है। साथ ही 3 अन्य नागरिकों का रेस्क्यू किया गया।

## धराली हर्षिल आपदा प्रभावितों की मदद को पहुंचे माहरा

### उत्तरकाशी जन हानि पर सरकार खामोश क्यों: कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरकाशी में गंगोत्री क्षेत्र में हरसिल व धराली क्षेत्र में आई भीषण आपदा में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड के अध्यक्ष करन माहरा आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंच गए हैं और वहां कल से ही मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम की हौसला अफजाई व प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह जानकारी बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने दी। धस्माना ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार उत्तरकाशी जिला अध्यक्ष मनीष राणा प्रदेश महामंत्री घनानंद नौटियाल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कल घटन, घटित होने के कुछ घंटों के अंदर ही राहत बचाव व सहायता का कार्य शुरू कर दिया था और माहरा कल सूचना मिलते ही कुमाऊं से उत्तरकाशी के लिए रवाना हो गए थे और खराब रस्ते और खराब मौसम के बावजूद सड़क मार्ग से आज देर शाम हरसिल धराली पहुंच गए। धस्माना ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी व पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा लगातार प्रदेश नेतृत्व से संपर्क में हैं और हम उनको राहत बचाव कार्य व स्थितियों से अवगत करवा रहे हैं।

### झाला-हर्षिल में राहत शिविर शुरू

**उत्तरकाशी।** इस बीच मौके पर सेना, आईटीबीपी के साथ ही एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व विभाग की टीमें बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। प्रशासन ने इंटर कॉलेज हर्षिल, जीएमवीएन और झाला में राहत शिविर प्रारंभ किए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली और संचार नेटवर्क को बहाल किए जाने के प्रयास भी युदध्धस्तर पर किए जा रहे हैं। एनआईएम और एसडीआरएफ लिम्चागाड में अस्थायी पुल निर्माण में भी जुट गई है। राज्य सरकार मंगलवार शाम को ही तीन आईएएस अधिकारियों के साथ ही दो आईजी और तीन एसएसपी स्तर के आईपीएस को राहत एवं बचाव अभियान में समन्वय के लिए उत्तरकाशी रवाना कर चुकी है।



### प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़े जाने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएं: महाराज

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तरकाशी जनपद के आपदाग्रस्त क्षेत्र धराली व हर्षिल में ग्रामीण निर्माण विभाग की जितनी भी सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं उन्हें तत्काल ठीक किया जाये। उत्तराखंड राज्य के प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़े जाने को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रस्ताव अति शीघ्र तैयार किए जाएं और विभाग की और से कराए जा रहे कार्यों को उच्च गुणवत्ता तथा निश्चित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराया जाए। ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने ग्रामीण निर्माण विभाग के सभागार में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जितने भी भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है उनका निर्माण पहाड़ी संस्कृति एवं स्थानीय शिल्प शैली को ध्यान में रखते हुए किया जाए।

### गंगोत्री हाईवे तीन स्थानों पर वाश आउट

**उत्तरकाशी।** जिले में अतिवृष्टि से धराली में जल प्रलय आ गई है। अब लगातार से बारिश से गंगोत्री हाईवे डबरानी, पापड़ गाड़, सोन गाड के पास वाश आउट हो रखा है। वहीं गंगनानी से आगे लिमच्छा गाड़ पुल बहने से गंगोत्री हाईवे का आवागमन पूरी तरह से ठप पड़ा। इससे धराली रेस्क्यू अभियान के लिए आई टीमें नहीं पहुंच पा रही है। अधिकारी आधे रास्ते में ही फंसे हुऐ हैं। वहीं भागीरथी घाटी के 70 गांव की बिजली गुल और विभिन्न कंपनियों के 11 टावर की सप्लाई रूकने से संचार ठप है। जिला प्रशासन ने धराली जाने वाली टीमों को सेटेलाइट फोन दिया है लेकिन गंगोत्री हाईवे बंद होने से रेस्क्यू टीम नहीं पहुंच थी। इधर बीआरओ ने स्थिति का जायजा लेने और सड़क को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम करना शुरू कर दिया है।

### प्रधानमंत्री ने लिया अपडेट

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार प्रात: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत कर धराली क्षेत्र में हुई प्राकृतिक आपदा और इसके बाद चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को बताया कि राज्य सरकार राहत और बचाव कार्यों में पूरी तत्परता के साथ जुटी हुई है। लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण कुछ क्षेत्रों में कठिनाइयाँ आ रही हैं, लेकिन सभी संबंधित एजेंसियाँ समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं ताकि प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता मिल सके।

### भारतीय सेना की सात टीमें मोर्चे पर

**उत्तरकाशी।** भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तराखंड में हर्षिल के निकट धराली के पास हुए विनाशकारी बादल फटने के बाद भारतीय सेना ने एक त्वरित और समन्वित मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान शुरू किया है। कई सड़कों के टूटने और एक पुल के ढह जाने के कारण यह क्षेत्र वर्तमान में उत्तर और दक्षिण दोनों से कटा हुआ है। 225 से ज्यादा सैन्यकर्मी, जिनमें पैदल सेना और इंजीनियरिंग टीमें शामिल हैं, खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए जमीन पर तैनात हैं। तेखला के पास रीको रडार के साथ 7 टीमें काम कर रही हैं। हर्षिल में खोज एवं बचाव कुत्ते तैनात हैं; रिमाउंट और पशु चिकित्सा केंद्रों से और भी कुत्ते आ रहे हैं।

### युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य जारी

**देहरादून।** सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राहत और बचाव दल युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान में डटे हैं। मार्ग बंद होने के कारण विभिन्न बचाव दल विभिन्न स्थानों में फंसे हैं। बंद सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। मार्ग खुलते ही सभी दल ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान प्रारंभ करेंगे। भटवाड़ी में बंद सड़क को खोलने की कार्यवाही गतिमान है। हर्षिल तथा पापड़गाड़ में मार्ग बंद है। उत्तरकाशी तक सड़क खोल दी गई है। गंगनानी तथा लिंचा ब्रिज क्षतिग्रस्त हुए हैं। बैलीब्रिज बनाकर यहां यातायात सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### उत्तरकाशी में कल बंद रहेंगे स्कूल

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में कल यानी 7 अगस्त गुरुवार को भी कक्षा 1 से 12 तक स्कूल बंद रहेंगे। मौसम विभाग के अलर्ट के बाद ये फैसला लिया गया है।

### धराली को जाने वाले बैली ब्रिज के पुनर्निर्माण की कोशिशें तेज

**उत्तरकाशी।** आपदा प्रभावित धराली गांव तक रेस्क्यू के लिए मशीनें इस पुल से गुजरनी थीं, लेकिन यह कल रात बह गया। बीआरओ पीछे लैंडस्लाइड जोन को दुरुस्त कर आज शाम तक बैली ब्रिज निर्माण सामग्री यहाँ तक लाने की कोशिश कर रहा है। उम्मीद है की बैली ब्रिज का निर्माण गुरुवार से शुरू हो पाएगा, तभी रेस्क्यू ऑपरेशन तेज होगा।

### उत्तराखंड के सांसदों ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना को लेकर उत्तराखंड से सांसद अजय भट्ट, माला राज्य लक्ष्मी शाह, त्रिवेन्द्र सिंह रावत और अनिल बलूनी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

## उत्तरकाशी: गिरता है, लुढ़कता है, बहता है, फिर उठ खड़ा होता है

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला एक बार फिर कुदरत के कहर से जूझ रहा है। पांच अगस्त को धराली गांव में आई विनाशकारी प्राकृतिक त्रासदी ने क्षेत्र में गहरे जख्म छोड़े हैं। यह धरती गिरती है, लुढ़कती है, बहती है और ढहती भी है, लेकिन हर बार एक नई ताकत और उम्मीद के साथ उठ खड़ी होती है। हालांकि, इस बार मंजर दिल दहला देने वाला है और 50 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है।

केदारनाथ आपदा की तर्ज पर इस बार भी भारतीय सेना देवदूत बनकर उतरी है। भारतीय सेना के 150 से अधिक जवान राहत-बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। बुधवार दोपहर बाद भारतीय वायुसेना के एमआई-17 और चिनूक हेलीकॉप्टर ने धराली में भारी मशीनरी (क्रेन) को एयरलिफ्ट किया, जिससे बचाव अभियान में तेजी आई है।

प्रशासन ने गंगा नदी पर बनी झील को नियंत्रित विस्फोट से तोड़ने का निर्णय लिया है, ताकि पानी धीरे-धीरे निकले और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा न हो। सिंचाई विभाग की टीम भू-वैज्ञानिक डॉ. नीरज जोशी की निगरानी में यह कार्य करेगी।

जिला प्रशासन के अनुसार, अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 50 से अधिक



लोग लापता बताए जा रहे हैं। हर्षिल और सुखी टॉप में अचानक बाढ़ की खबरें हैं। हर्षिल में सेना के लगभग 11 जवान भी लापता बताए जा रहे हैं, जबकि सुखी टॉप में कोई हताहत नहीं हुआ है। ऋषिकेश-उत्तरकाशी हाईवे प्रभावित होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है। घायल 11 आर्मी जवानों को आईटीबीपी मातली, उत्तरकाशी पहुंचाया गया है।

जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ष्यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमारी टीमें पूरी मुस्तैदी से काम कर रही हैं। हमारी प्राथमिकता लापता लोगों को ढूंढना और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालना है।ष

गंगोत्री धाम में भी सैकड़ों श्रद्धालु फंसे होने की सूचना है, जिनके लिए प्रशासन ने टीम गठित की है। गुरुवार को गंगोत्री से श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से नेलांग भेजकर एयरलिफ्ट किया जा सकता है।

उत्तरकाशी का प्राकृतिक आपदाओं से पुराना नाता रहा है। 1978 की डबराणी बाढ़, 1991 का विनाशकारी भूकंप, 2003 का वर्णावत पर्वत भूस्खलन, 2012 में अस्सी गंगा घाटी पर कहर, 2013 में भागीरथी घाटी में भयावह बाढ़ और 2019 की आराकोट बंगाण आपदा, ये सभी इस बात के गवाह हैं कि उत्तरकाशी ने कितनी बार कुदरत के कहर का सामना किया है। और अब 5 अगस्त की धराली-हर्षिल त्रासदी ने नए गहरे जख्म दिए हैं।

धराली के एक स्थानीय निवासी ने आंखों में आंसू लिए कहा, ष्हमने इतनी भयानक आपदा पहले कभी नहीं देखी। सब कुछ तबाह हो गया है, लेकिन हमें उम्मीद है कि सरकार और सेना हमारी मदद करेगी।

# आफत बनकर बरसी बारिश, लोग बेहाल

## कालोनियों में जलभराव, घरों में घुसा पानी, लोगों की मदद के लिए नहीं पहुंचा कोई जिम्मेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** दो दिन की बारिश से नगर के विभिन्न स्थानों पर जल भराव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले दिन जनपद उधम सिंह नगर अंतर्गत काशीपुर क्षेत्र में सबसे अधिक बारिश हुई जबकि दूसरे दिन 177 एमएम बारिश के साथ काशीपुर दूसरे स्थान पर रहा। अब इतनी अधिक बारिश होने के कारण जल भराव तो होना तो लाजिमी है। नालों की सफाई होने के कारण मेन बाजार में भरा पानी तो जल्दी निकल गया, लेकिन नगर में अन्य स्थानों पर नई कालोनियों में पानी भरा है। रात में हुई तेज बारिश में महाराणा प्रताप चौक, स्टेशन रोड, जसपुर बस स्टैण्ड, आवास विकास, मुंशीराम चौराहा, मौहल्ला किला, गंगे बाबा रोड, रतन सिनेमा रोड, चीमा चौराहा



सहित बाहरी क्षेत्र में बनी विभिन्न कालोनियों में भी पानी भरा हुआ है। दुकानों में पानी भरने से लोगों का नुकसान भी हुआ। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि दशकों पुरानी जल भराव की समस्या इतनी जल्दी तो सही नहीं हो जायेगी? जमीनी स्तर पर बहुत काम हुआ है और अभी बहुत काम होना बाकी है। पहले से तो स्थिति सुधरी है। आने वाले समय में जलभराव की समस्या से जरूरी निजात मिल सकेगी। उधर भारी



बारिश के कारण सबसे अधिक प्रभावित वार्ड तीन की बहल्ला कालोनी हुई है। यहां लोगों के लिए बारिश आफत बनकर आई है। यहां के निवासियों ने बताया कि घर में पानी भर गया था, पूरा राशन बर्बाद हो गया। बच्चों को घर में कैद कर रखा है, बाहर डूबने का खतरा है। नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण रात को नींद नहीं आ रही है। इस कालोनी में करीब 200 लोग रहते हैं। यहां से बहल्ला नदी गुजरती है, जिसकी पिचिंग कराने की लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन विभाग की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिला। हर बरसात की तरह इस बार भी यहां के लोगों के लिए मुसीबतें खड़ी हो गई हैं। खस्ताहाल सड़क पर भरे पानी से बच्चों व अन्य को होकर गुजरना पड़ रहा है। यहां लोगों की मदद के लिए या उनकी स्थिति जानने के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं पहुंचा है। यहां के निवासी भजनलाल की पत्नी अचानक तबीयत खराब हो गई। ऐसे में पत्नी को सड़क पर भरे पानी से लेकर जाना पड़ा। डॉक्टर को दिखाने के बाद वापस बीमार पत्नी के साथ इसी पानी से होकर वापस आये। उधर वार्ड पार्षद अनिल कुमार का कहना है कि बहल्ला नदी का जब जलस्तर बढ़ जाता है, तो पानी घरों तक घुसने लगता है। वार्ड तीन, पांच और छह में पानी भरा है। नगर निगम की ओर से बनाई गई दो सड़कें भी खराब हो गई हैं। प्रशासन से अपील है कि यहां आएं और लोगों को जरूरी सामग्री उपलब्ध करवाएं तथा सिंचाई विभाग जल्द ही बल्ला नदी की पीचिंग कराए। यहां के निवासियों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि पानी भरा हुआ है और कीचड़ के कारण यहां से निकलना बहुत मुश्किल हो रहा है। सड़क पर फिसलकर बाइक गिरने का डर रहता है। नगर की कई अन्य कालोनियों का भी कुछ ऐसा ही हाल है।

## कालाढूंगी: हनुमान मंदिर के पास नाला उफान पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** लगातार 4 दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बुधवार की सुबह कालाढूंगी में हनुमान मंदिर के पास बहने वाले नाले ने विकराल रूप ले लिया जिसके चलते कालाढूंगी हल्द्वानी मार्ग घंटों बंद रहा सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगी रही पुलिस ने नाले में पानी कम होने पर वाहनों की आवा. जाही शुरू कराई। वहीं धापला के पूर्व प्रधान दयानंदन ने बताया कि निहाल नदी में जल स्तर बढ़ने से धापला ग्राम वासियों का कालाढूंगी से संपर्क टूट गया क्यू की नदी उफान पर होने से नाला पार नहीं होने दे रहा है। वही कोटाबाग के प्रवृति क्षेत्र के कई ग्रामों का भी कोटाबाग ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया। समाजसेवी कृपाल सिंह बिष्ट ने प्रशासन से उक्त मार्गो को खोले जाने की मांग की है। कालाढूंगी उपजिलाधिकारी परितोष सिंह वर्मा ने बताया क्षेत्र में कोई भी बड़ी घटना की सूचना नहीं है। उन्होंने नदी नालों के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बिलोना में अनियंत्रित पिकअप वाहन ने राहगीर महिला को टक्कर मार दी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर जुटी भीड़ ने पिकअप चालक को पकड़ा। जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बुधवार दोपहर करीब दो बजे बिलोना सीएमओ कार्यालय गेट के पास पिकअप वाहन यूके 02 सीए 1101 ने 52 वर्षीय भागुली देवी पत्नी प्रेम सिंह को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना स्थल पर जुटी भीड़ ने पिकअप चालक संतोष पांडे पुत्र शंकर पांडे को पकड़ लिया है। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया व पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। वही चालक को गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि मृतक महिला गरुड़ से वापस अपने घर बिलोना को जा रही थी। तभी नशे में वाहन चला रहे पिकअप चालक ने महिला को रौंद दिया। घटना के बाद मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। लोगों ने बताया कि मृतक महिला के चार बच्चे दो बेटे व दो बेटियां है। दोनों बेटे बाहर नौकरी करते है। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वही शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया है।

## बाज़ारों में सन्नाटा, सड़कों पर मलबा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में बीते 36 घंटों से हो रही रुक रुक कर बारिश ने चारों ओर तबाही मचाई है। मौसम को देखते हुए जहां पिछले तीन दिनों से जिले के समस्त विद्यालय बंद है। वही बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। लागतार हो रही बारिश से जिले के कई सड़कों में मलवा, जल भराव हुआ है। जबकि कई सड़क टूट चुकी है। जिला प्रशासन लगातार राहत बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

**जिले में बारिश से हुए नुकसान**

जनपद में सर्वाधिक नुकसान सड़कों को पहुंचा है। जिला मुख्यालय के विकासभवन को जाने वाली सड़क का एक छोर टूटकर सरयू नदी में समा गया है। धारी गिरे छीना मोटर मार्ग में पहाड़ी से बोल्डर व मालवा आने से बंद है। कमेडी देवी स्याकोट जाने वाला मोटर मार्ग बीच में धंस गया है। कुकुड़ मैया को जाने वाली मोटर मार्ग ओखलसो के पास क्षतिग्रस्त हो गई है। सनेती बेकुडी में जगह जगह मलवा आने से बंद है। कौसानी बैजनाथ मोटर मार्ग, कांडा सानिउडियार मोटरमार्ग, कपकोट कर्मी, भानी हरसिंग्या मोटर मार्ग, हरसिला नानकन्यालिकोट मोटर मार्ग, सिमखेत मोटर मार्ग, बांस पटान रावत सेरा मोटर मार्ग, कपकोट पिंडारी मोटर मार्ग, चीराबगड़ पोथिंग मोटर मार्ग सहित जिले के 33 सड़कों में यातायात ठप रहा। बंद सड़कों को खोलने के लिए जेसीपी मशीन लगातार कार्य कर रही है।

**सरयू से गोमती विकराल रूप में बही**

जिले में पिछले 36 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। लेकिन मंगलवार की रात से बुधवार की सुबह तक सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। जिससे बुधवार को गोमती नदी का विकराल रूप देखने को मिला। हालांकि सरयू नदी के जल स्तर भी खतरे से ऊपर रहा। दोनों नदियों का पानी बढ़ते देख पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार नदी तट पर लोगों को चेतवानी देते हुए नदी किनारे न जाने की सलाह दी गई। बाबा बागनाथ मंदिर के पास संगम स्थल पर शवदाह ग्रह का निचला भाग पूरा जलमग्न हो गया। जबकि सरयू तट पर बने घाट पूरी तरह पानी से भर गए। जिला आपदा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है। कपकोट ने जहां 100 मिमी, गरूड़ में 52 मिमी, तथा बागेश्वर में 72 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी क्रम में सरयू नदी का जल स्तर 868.10 मीटर, गोमती नदी का जल स्तर 864.60 मीटर रहा।

## डीएम ने किया निरीक्षण

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बुधवार को विकास भवन के नज़दीक नुमाइश खेत जाने वाली सड़क पर नदी से हो रहे भू कटाव और बाल विकास विभाग परिसर के पास हुए भूस्खलन का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिक. ारियों को सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिक. ारी ने बाल विकास विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में रखे स्टॉक रजिस्टर, पुष्टाहार की उपलब्धता, वितरण प्रणाली एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने डीपीओ को सभी स्टॉक रजिस्टर मेंटेन रखने के साथ सभी फाइल, रजिस्टरों की सूची आलमारी पर चस्पा करने, लंबे समय से पड़े समान व अन्य चीज़ों के निस्तारण को लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने कार्यालय में अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए कार्यालय को सुव्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में समय पर पुष्टाहार वितरण किया जाए और उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और कार्य संबंधी जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मंजू लता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि कार्यालय स्थानांतरित की कार्यवाही प्रगति पर है।

## पेयजल लाइन में आया मलबा, सप्लाई ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जखेड़ा पेयजल योजना के पाइप लाइन में मलबा आ गया। इस कारण नगर के विभिन्न हिस्सों में पानी की सप्लाई ठप हो गई। हैंडपंपों तथा प्राकृतिक स्रोतों से पानी ढोकर लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को पानी जुटाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई स्थानों पर रास्तों पर फिसलन हो गई है। ठाकुरद्वारा वार्ड के सभासद ललित मोहन निवारी ने बताया कि जखेड़ा पेयजल योजना से मंगलवार शाम से पानी की आपूर्ति ठप है। बुधवार सुबह भी पानी की सप्लाई नहीं हुई। इस कारण ठाकुरद्वारा, कठायतबाड़ा, लोनिवि, भतरौला, भट्ट कालोनी, राम मंदिर परिसर आदि क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ठप रही। पानी के अभाव में लोग परेशान रहे। ठाकुरद्वारा के प्राकृतिक स्रोत के पास सुबह से ही लोगों की लंबी लाइन लगी रही। कई लोगों ने सड़क के पास लगे हैंड पंपों से पानी ढोया। मंगलवार रात से हो रही लगातार बारिश से पानी जुटाना भारी पड़ रहा है। उन्होंने जल संस्थान से जल्द आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है। इधर लगातार हो रही बारिश से लोगों को काफी नुकसान हुआ है। आपदा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तहसील बागेश्वर के ग्राम सिरोली निवासी नंदन राम की गौशाला क्षतिग्रस्त होने से 3 बकरियों की मृत्यु हो गई। इसके अलावा घनश्याम पुत्र मोहन राम ग्राम बिलौनाशेरा, बहादुर राम पुत्र बची राम ग्राम गुनाकोट, के आंगन की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। रेखा देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद ग्राम सीमी नरगोल व नीमा देवी माधो राम ग्राम सीमी नरगोल का आंगन टूट चुका है।

## एक नजर

### जंगल में फांसी लगाकर जान दी

**बागेश्वर।** 48 वर्षीय व्यक्ति ने घर के पास जंगल में पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या की। मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कपकोट पुलिस टीम गांव पहुंची। पुलिस ने शव पेड़ से उतरा व पंचनामा भर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। इधर बुधवार को शव का पीएम कर उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कपकोट के तोली निवासी महिपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह ने मंगलवार की शाम घर से कुछ दूरी पर पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि मृतक पहले दुबई के एक होटल में नौकरी करता था। वहां छोड़कर वह मुंबई में काम करने लगा। लेकिन कुछ समय से वह घर में ही था। मृतक के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा मर्चेंट नेवी में नौकरी करता है। जबकि छोटा बेटा देहरादून से पढ़ाई कर रहा है। घर में महिपाल व उसकी पत्नी रहते थे। घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है। इधर पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### पटरी से उतरी बीएसएनएल की सेवा

**बागेश्वर।** कपकोट क्षेत्र में बीते तीन दिन से बीएनएसएन सेवा पटरी से उतरी है। इस कारण दानपुर क्षेत्र जिला, तहसील मुख्यालय से कट गया है। क्षेत्र में आपदा होने पर भी वह इसकी सूचना आपदा कंट्रोल नहीं दे पा रहे हैं। लोगों ने विभाग से जल्द सुविधा सुचारू करने की मांग की है। संचार सुविधा से महरूम बदियाकोट, किलपारा, सोराग, खाती, धूर, कर्मी, बघर, विनायक, शामा-लीती, फरसाली, भराड़ी तथा कपकोट एक लाख से अधिक लोग संचार सुविधा से वंचित हैं। भराड़ी से आगे सिर्फ बीएसएनएल की सेवा है। वह भी पटरी से उतरी हुई है। तीन दिन से क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। लोग अपने प्रवासी बच्चों से बात तक नहीं कर पा रहे हैं, जबकि अधिक बारिश से बच्चे भी परदेश में चिंतित हैं। यदि क्षेत्र में कोई आपदा आती है तो इसकी जानकारी ग्रामीण संचार सुविधा के अभाव में नहीं दे सकते हैं। ग्राम प्रधान जमन सिंह दानू, किशन सिंह दानू, खिलाफ सिंह दानू, मोहन सिंह, हरीश सिंह, महिपाल सिंह, धरम सिंह, सरस्वती गड़िया ग्राम प्रधान पोथिंग ने जल्द सुविधा बहाल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

### जिले में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने की मांग

**अल्मोड़ा।** पूर्व सैनिक लीग की बुधवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, नगर की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर नाराजगी जताई। कचहरी बाजार स्थित लीग कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने स्वतंत्रता दिवस मनाने, सितंबर में कुमाऊं रेजीमेंट सेक्टर में होने वाली रैली आदि पर चर्चा की। इसके अलावा प्रतिवर्ष जल कर में वृद्धि, अस्पताल व मेडिकल कॉलेजों में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था, बाजार में अतिक्रमण व दो पहिया वाहनों के संचालन पर नाराजगी जताई। कहा कि सुधार नहीं होने पर सितम्बर में अधिकारियों व सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। उत्तरकाशी के धराली में प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक संवेदना भी व्यक्त की गई। वहीं, विधिक सेवा प्राधिकरण से आए संदीप नेगी ने साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी। यहां बैठक में लीग अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, संरक्षक मोहन सिंह अल्मियां, जीवन नाथ वर्मा, राजेंद्र सिंह साही, मोहन बिष्ट, नंदन लाल साह, मनमोहन वर्मा, देवेंद्र लाल साह, शरत कुमार, सुधीर जोशी, पूरन सिंह मेहता समेत कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### कोसी नदी के तेज बहाव में बहा बुजुर्ग

**अल्मोड़ा।** देर रात से हो रही लगातार बारिश से कोसी नदी उफान पर है। वहीं, बुधवार को एक बुजुर्ग नदी के तेज बहाव में बह गया। सूचना के बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा। लेकिन देर शाम तक बुजुर्ग का कहीं पता नहीं लग सका है। सकार गांव निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग महिपाल सिंह भगतोला से सामान लेकर अपने गांव की तरफ जा रहे थे। इस बीच गांव से पहले पैदल पुल पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग नदी छोर की ओर उतरे। लेकिन इस बीच अचानक नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गए और कोसी नदी में बह गए। बताया जा रहा है कि पास में ही कुछ काम कर रही महिलाओं की नजर नदी में बहते हुए बुजुर्ग पर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन और थाना सोमेश्वर टीम को दी। मौके पर पहुंची राहत एवं बचाव दल ने नदी में बह गए बुजुर्ग की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। लेकिन देर शाम तक बुजुर्ग का पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह बताया कि सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची सकार पुलिस से बैराज तक अभियान चलाया।

### चार घंटे देरी से पहुंची दून एक्सप्रेस

**हल्द्वानी।** भारी बारिश के चलते हरिद्वार में भारी भूस्खलन होने से काठगोदाम और देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस बुधवार सुबह अपने निर्धारित समय से चार घंटे देरी से पहुंची। हालांकि काठगोदाम रेलवे स्टेशन से सभी ट्रेनों को समय से रवाना किया गया। रेलवे अधिका. रियों के मुताबिक मंगलवार शाम को भारी बारिश के चलते हरिद्वार में भारी भूस्खलन हो गया, जिसके चलते रेल मार्ग भी बाधित हो गया। काठगोदाम से मंगलवार शाम को 7.55 बजे देहरादून के लिए निकली दून एक्सप्रेस लक्सर में ही फंस गई। निर्धारित समय के तहत दून एक्सप्रेस सुबह 7.10 मिनट पर पहुंचती है लेकिन बुधवार सुबह यह करीब 11.30 मिनट पर पहुंची, जिससे यात्रियों को फजीहत का सामना करना पड़ा।

## खतरा बने सड़कों पर आवारा पशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर की सड़कों पर इन दिनों आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या लोगों के लिए बड़ा खतरा बनती जा



रही है। खासकर सुबह और शाम के समय जब स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग नागरिक और ऑफिस जाने वाले लोग सड़कों से गुजरते हैं, तब गायों, सांडों और कुत्तों का झुंड ट्रैफिक को बाधित कर रहा है। इससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं लगातार बनी हुई हैं। कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दूध दुहने के बाद पशु मालिक जानबूझकर अपनी गायों को सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं। वहीं सांडों का झुंड कई बार राहगीरों पर हमला करने की कोशिश कर चुका है। सबसे अधिक खतरा उन बुजुर्गों और बच्चों को है जो अकेले सड़कों पर निकलते हैं। इसके अलावा आवारा कुत्तों की भी संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे रात के समय चलना और भी खतरनाक हो गया है। व्यस्त सड़कों पर जगह-जगह रुकावटें बनने से जहां ट्रैफिक बाधित हो रहा है, वहीं लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। कई बार वाहन चालक इन पशुओं से टकराने से बाल-बाल बचे हैं। इसके बावजूद नगर निगम और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से मांग की है कि किसी अनहोनी से पहले इन समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं। सड़क सुरक्षा और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आवारा पशुओं को पकड़ने, पुनर्वासित करने और पशु मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। यदि समय रहते इन पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी दुर्घटना होना तय है।

## पाषाण देवी मंदिर में अनुष्ठान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर में बुधवार को पवित्र सावन माह के मद्देनजर मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट के दिशा-निर्देशन में दिनभर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया



जिसकी वजह से क्षेत्र व नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। इससे पूर्व आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी, नवीन तिवारी व अमित डालाकोटी के नेतृत्व में सुबह 9 बजे गणेश पूजा, 10 बजे से रुद्राभिषेक पाठ (एक सौ लीटर दूध से स्नान) हुआ। उसके बाद अपराह्न एक बजे से हवन जबकि अपराह्न दो बजे से सुंदरकांड का विशेष आयोजन किया गया। बाद में भकतजनों को प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों में यजमान की भूमिका प्रकाश जोशी, गिरीश लाल साह, राजू नारंग, पंकज भट्ट, धीरज भट्ट, प्रदीप कुमार, हेमंत खत्री, प्रकाश बिष्ट व भूपाल सिंह बिष्ट ने निभायी। दिनभर चले अनुष्ठानों को कामयाब बनने में प्रमोद सुयाल, राजेश मिश्रा, प्रदीप बिष्ट, नवीन चौधरी, ज्योति, गौरव, कामेश लोहनी, मंजू रौतेला, दीपा जोशी, कविता, विनीता, मुन्नी भट्ट, सुमन साह, आशा मनराल, पूजा नारंग व भाव्या आदि भक्तजनों की अहम भूमिका रही।

## अल्मोड़ा: एक एनएच, तीन स्टेट हाइवे समेत 14 आंतरिक सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में इन दिनों बारिश का दौर लगातार जारी है। जिले के सभी 11 ब्लाकों में जमकर मेघ बरस रहे है। बारिश से पहाड़ी से मलबा आने से अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब समेत तीन स्टेट हाइवे और 14 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद है। जिससे 20 हजार से अधिक की आबादी सीधे प्रभावित रही। हालांकि प्रशासन की ओर से सभी बंद मोटरमार्गों को खोलने के लिए जेसीबी मशीने लगाई गई हैं। जिलेभर में बीते मंगलवार देर शाम से अगले दिन बुधवार दिनभर जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में जमकर मेघ बरसे। जिससे जगह-जगह पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ और एक राष्ट्रीय राजमार्ग समेत तीन स्टेट हाइवे और 14 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हो गए। वहीं, मुख्यालय के विभिन्न वार्डों में नालियां चोक होने से सड़कों पर पानी भरा रहा। जिससे आने-जाने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानक. ारी अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिला मुख्यालस समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार रात से बुधवार दिन भर झमाझम बारिश हुई। आपदा कंट्रोल से मिली जानक. ारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में अल्मोड़ा में 47.0 मिमी, रानीखेत में 55.0 मिमी, द्वाराहाट में 74.0 मिमी, चौखुटिया में 75.0 मिमी, भिकियासैंण में 47.0 मिमी, सोमेश्वर में 136.0 मिमी, जागेश्वर में 82.0 मिमी, ताकुला में 144.0 मिमी, सल्ट में 121.0 मिमी, शीतलाखेत में 41.5 मिमी, मासी में नील, जैंती में 80.0 मिमी और ताकुला में सर्वाधिक 144.0





मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। अल्मोड़ा- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग क्वारब, मेहचौरा-छुवाबाण-चौखुटिया मोटर मार्ग, खैरना- रानीखेत मोटर मार्ग, बौरमल्ला-बौरतल्ला, ज्वारनौडी-बसगांव, कालीका-दलमोटी, बौरमल्ला-बौरतल्ला, पीपना मंहेत- डंगूला, चकना-अधौथात, गुरूड़ाबाज-अडोली, पच्चीसी-काटली, भाकुड़ा- तल्ला चनौली, गनाई- जौरासी, मंगलता-त्रिनेली, चलमोड़ी-गाड़ा कलोटा, जैंती-भनाली, पुनवानौला-वृद्ध जागेश्वर, वेतनधार-मारकुवा बाखाल मोटर मार्ग में मलबा और बोल्डर आने से बंद रहे।

## कैबिनेट मंत्री आर्या ने आपदाग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को सोमेश्वर में आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर रह रहे कई परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट भी कराया। कहा कि लगातार बारिश के चलते प्रदेश में कई जगहों पर आपदा जैसी स्थितियां पैदा हो गई है। प्रदेश सरकार 24 घंटे हर नागरिक के साथ खड़ी है और हर किसी की मदद करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में जिन लोगों का नुकसान हुआ है उनकी भरपाई के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है और हर पीड़ित की मदद की जाएगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तरकाशी के धराली में हुई आपदा बेहद दुखदाई है और प्रदेश सरकार की सभी एजेंसियां पीड़ितों को राहत पहुंचाने में दिन-रात जुटी हुई है।

## स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर दिया ज़ोर


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कई रोजगारपरक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में विवि के माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र जीआई स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु अग्रसर है। यह केंद्र ऐपण कला का 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित कर रहा है जिसमें कक्षाएं हाइब्रिड मोड में होगी। इस कोर्स में उत्तराखंड के टू जीआई ऐपण एवं रंगवाली शामिल हैं। बता दें इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को डिजाइन के साथ साथ मार्केटिंग के बारे में नई-नई जानकारी देना तथा उत्पाद के विभिन्न पहलुओं पर काम सीखना है, इसके साथ ही इस कोर्स में विभिन्न लोक कलाकारों और विशेषज्ञों के द्वारा अपने अनुभव साझा किए जाएंगे एवं व्यापार की बारीकियां पर विशेष महत्व दिया जाएगा। केंद्र की निदेशक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा ने बताया कि यह सर्टिफिकेट कोर्स देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति के संवर्धन में अमूल योगदान प्रदान करेगा, डा. किरन तिवारी (प्राध्यापिका) माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र ने बताया की टू जीआई जैसी गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशक्त बनाना है। कहा कि इसके लिए 15 अगस्त तक इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, इस हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क भी जमा करना पड़ेगा। कहा कि अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र के राकेश कुमार के मोबाइल नंबर-6398435837 पर संपर्क कर सकते हैं।

## यूओयू कुलपति प्रो. लोहनी ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन



चंद्र लोहनी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की शैक्षिक गति. विधियों की प्रगति की जानकारी ली और खासतौर पर दूरस्थ शिक्षा में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और रोजगारपरक कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग को और अधिक सशक्त करना आवश्यक है। उन्होंने ऐसे पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने की बात कही जो बाजार की मांग और स्थानीय रोजगार के अवसरों से सीधे जुड़ते हों। प्रो. लोहनी ने विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई प्रचार सामग्री मुख्यमंत्री को भेंट की और राज्य के कोने-कोने तक पहुंचने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रचार अभियान में रेडियो, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, विश्वविद्यालय के विभागों द्वारा निर्मित शैक्षिक वीडियो, तथा प्रचार-प्रसार टीमों द्वारा राज्यभर में आयोजित कार्यक्रमों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इन माध्यमों के ज़रिए दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों तक जानकारी पहुंचाना और उन्हें विश्वविद्यालय से जोड़ना प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार प्रदेश के शैक्षिक परिदृश्य को सशक्त करेंगे और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद देंगे।

# अमित हत्याकांडः इंसाफ की मांग, हाइवे पर लगाया जाम

## आक्रोशित लोगों ने डेढ़ घंटे तक काठगोदाम चौकी घेरी, पुलिस ने लाठियां फटकार खदेड़ा















शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम में 10 वर्षीय अमित मौर्या की रहस्यमयी और निर्मम हत्या ने पूरे इलाके में आक्रोश की लहर दौड़ा दी है। सिर और दाहिना हाथ अभी तक नहीं मिलने से परिजन और स्थानीय लोग बिफर गए। बुधवार को गुस्साए लोगों ने नैनीताल हाईवे जाम कर दिया और मल्ला काठगोदाम पुलिस चौकी का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। हालात बिगड़ते देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे जाम रहा, जिसमें कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस को चौकी भी खाली करानी पड़ी।

गौरतलब है कि बीते 4 अगस्त को गौलापार के पश्चिमी खेड़ा काठगोदाम में रहने वाला 10 वर्षीय अमित मौर्या पुत्र खूबकरन मौर्या दोपहर साढ़े 12 बजे गायब हो गया। वह घर से कोल्डड्रिंक खरीदने निकला था। तभी लापता हो गया और अगली सुबह उसकी लाश घर से करीब 100 मीटर दूर एक घर के पीछे गड्ढे में गड़ी मिली। अमित का सिर और दाहिना हाथ धड़ से अलग कर दिया गया था, जो बुधवार तक पुलिस को काफी छानबीन के बाद भी नहीं मिला। इस घटना में परिजन पहले ही दिन से पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। बुधवार को आक्रोशित लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मौत की जानकारी पर खूबकरन के मूल निवास बरेली के अमोर शाही गांव से बड़ी संख्या में लोग काठगोदाम पहुंच गए।

भारी भीड़ मल्ला काठगोदाम चौकी पहुंच गई और नैनीताल हाईवे जाम करते हुए हत्यारे को फांसी देने व अमित का सिर व हाथ बरामद करने की मांग करने लगे। लोगों के आक्रोश के सामने चंद पुलिस वाले नाकाफी साबित हुए। करीब डेढ़ घंटे तक जाम की वजह से नैनीताल रोड पर कई किमी तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। लोग पुलिस की एक भी सुनने को तैयार नहीं थे, जिसके बाद पुलिस ने बलपूर्वक लोगों को सड़क से हटाया। लोग सड़क से तो हट गए, लेकिन पुलिस चौकी का घेराव करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।

सुबह से सैकड़ों की भीड़ ने पुलिस की जांच में खलल डाल दिया। पुलिस ने समय मांगा, लेकिन लोग हंगामा करते रहे। नहीं माने तो पुलिस ने लाठियां फटकारीं और लोगों को खदेड़ दिया। मल्ला काठगोदम पुलिस चौकी से खदेड़ते हुए पुलिस लोगों को नरीमन तिराहे तक ले गई। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि आक्रोश की वजह से पुलिस का काफी समय बर्बाद हुआ और जांच में बाधा उत्पन्न हुई। पुलिस टीमें अमित के सिर व हाथ की तलाश कर रही हैं। हत्यारोपी से भी लगातार पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुला.सा कर दिया जाएगा।

### कब क्या-क्या हुआ

- सुबह 9 बजे मल्ला काठगोदाम चौकी में भीड़ जुटना शुरू हुई
- सुबह साढ़े 9 बजे करीब डेढ़ सौ लोगों ने नैनीताल हाईवे जाम किया
- सुबह साढ़े 10 बजे पुलिस ने लोगों से जाम खुलवाने की नाकाम कोशिश की
- पौने 11 बजे चंद पुलिस वाले भीड़ और जाम से जूझते रहे
- सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर कोतवाल हल्द्वानी टीम के साथ पहुंचे
- सुबह 10 बजकर 59 मिनट पर पुलिस ने बलपूर्वक जाम खुलवाया
- सुबह 11 बजकर 11 मिनट पर मृतक की बहन फिर सड़क लेट गई
- सुबह 11 बजकर 31 मिनट पर पुलिस ने 4 घंटे का समय मांगा
- 12 बजकर 57 मिनट पर विधायक लालकुआं मल्ला काठगोदाम चौकी पहुंचे
- 01 बजकर 27 मिनट पर सीओ नितिन लोहनी मौके पर पहुंचे
- 01 बजकर 44 मिनट पर लाठी भांजकर लोगों को खदेड़ा गया
- 01 बजकर 46 मिनट पर पुलिस ने खाली कराई पुलिस चौकी।

### 'पुलिस चौकी को लगा दूंगा आग'

दस साल के मासूम अमित की हत्या दो दिन पहले यानि सोमवार को ही कर दी गई थी और मंगलवार को उसका शव बरामद किया गया, लेकिन परिवार के लोग आखिरी बार बेटे का चेहरा नहीं देख पाए। क्योंकि सिर बरामद ही नहीं किया जा सका। अमित का चेहरा आखिरी बार न देख पाने का मलाल और गुस्सा परिवार पर बुधवार को साफ नजर आया। अमित का बदहवास भाई पुलिस को धमका रहा था। वह कह रहा था कि अगर उसे इंसाफ न मिला तो वह पुलिस चौकी को आग लगा देगा।

### ...तो क्या नशेड़ी युवक के लिए दी गई बलि?, लाल रंग की कार सवार एक महिला संदिग्ध

**हल्द्वानी।** 10 वर्षीय अमित मौर्या की हत्या ने सनसनी मचा दी है। शव के धड़ का तो पता चला, लेकिन सिर और दाहिना हाथ अब भी गायब हैं। इस भयावह घटना को लेकर अब एक चौंकाने वाली बात सामने आ रही है। परिजनों का कहना है कि अमित की हत्या केवल हत्या नहीं थी, बल्कि इसे तंत्र-मंत्र के लिए की गई बलि माना जा रहा है। पुलिस भी इस दिशा में गंभीरता से जांच कर रही है। अमित की हत्या के पीछे कथित रूप से एक नशेड़ी युवक का हाथ हो सकता है, जो अपने इलाज के लिए तंत्र-मंत्र में विश्वास करता था। सूत्रों के अनुसार, हत्या से पहले एक लाल रंग की कार को घटना स्थल के पास देखा गया था, जिसमें एक महिला सवार थी। महिला, जो हत्यारोपी की रिश्तेदार बताई जा रही है, ने कथित तौर पर हत्यारोपी की मां को बताया था कि उसका बेटा तंत्र-मंत्र से ठीक हो सकता है, अगर वह किसी बच्चे की बलि दे। तांत्रिक ने दावा किया था कि यदि वह एक बच्चे की बलि चढ़ाए, उसका सिर और दाहिना हाथ लाकर दे तो उसका नशेड़ी बेटा ठीक हो जाएगा। इसके बाद यह कयास लगाया जा रहा है कि अमित को चुनकर उसकी हत्या कर दी गई और उसके सिर और हाथ को तंत्र-मंत्र के उद्देश्य से काट लिया गया। सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे अमित घर से बाहर गया और फिर गायब हो गया। अमित को उसी दिन उसके घर से महज 100 मीटर की दूरी पर रहने वाले एक युवक के साथ देखा गया था। युवक उसे अपने घर ले जा रहा था। इसके बाद अमित का शव उसी युवक के घर के पीछे खोदे गए एक गड्ढे से बरामद हुआ। इस घटना से पहले, सीसीटीवी कैमरे में एक लाल रंग की कार को हत्यारोपी के घर के पास जाते देखा गया था। माना जा रहा है कि वही कार अमित का सिर और हाथ हल्दूचौड़ में स्थित एक स्थान पर पहुंचाने में इस्तेमाल हुई थी। सीओ सिटी, नितिन लोहनी ने कहा कि जांच में तंत्र-मंत्र के पहलू को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पुलिस ने न केवल हत्यारोपी की तलाश शुरू की है, बल्कि हर एंगल से जांच की जा रही है, जिसमें तंत्र-मंत्र और बलि देने की आशंका शामिल है। अमित के पिता खूबकरन का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या केवल एक हत्या नहीं थी, बल्कि इसे एक बलि के रूप में अंजाम दिया गया। उन्होंने पुलिस से सिर और हाथ की बरामदगी की अपील की है और इस हत्या को लेकर उनके मन में गहरे शक और गुस्से का माहौल है। पुलिस ने शव के बाकी हिस्सों की तलाश के लिए घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया है। साथ ही, फॉरेसिक टीम ने भी जांच में जुटी है और किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है।

### अमित के पोस्टर लेकर मांगा इसाफ

महानगर हल्द्वानी सड़कों पर लंबे समय बाद ऐसा नज़ारा देखने को मिला जिसमें हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोग मृतक की तस्वीरें लेकर सड़कों पर उतरे और इंसाफ की मांग की। अमित की मौत से दुखी लोग काठगोदाम में जब पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे तो उनके हाथों पर अमित की तस्वीरें थीं। प्रदर्शनकारियों में अधिकतर अमित के पिता खूबकरन के मूल निवास बरेली जनपद के लोग शामिल थे।

### पुलिस ने खेत, नदी, नाले और नहरें खंगालीं

एक ओर पुलिस नाराज लोगों को बर्दाश्त कर रही थी, वहीं दूसरी ओर पुलिस की कुछ टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही थीं। इस सर्च अभियान में स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की मदद की। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि घटना स्थल के आस-पास सभी खेत, जंगल, नदी और नालों का खंगाल डाला गया है। संभव है कि सिर व हाथ को नहर के तेज बहाव में फेंक दिया गया हो, तो नहर के छोर तक सर्च अभियान चलाया जा रहा है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से जुटाए साक्ष्य हैं।

### 'क्यों दी इन्होंने मेरे बच्चे की बलि'

प्रदर्शनकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को याद किया और कहा अगर अब तक अगर यूपी पुलिस और योगी की सरकार होती इंसाफ मिल चुका होता। अमित की मां पुष्पा का रो-रोकर बुरा हाल है। मल्ला काठगोदाम चौकी में मौजूद अमित की मां दहाड़े मारकर रो रही थी और हत्यारोपियों और उनके परिवार को कोस रही थी। वह कह रही थी कि मेरे बच्चे का सिर और हाथ दे दो और इन्हे फांसी दे दो। मुझे भी इनके लड़के की बलि चहिए, क्यों दी इन्होंने मेरे बच्चे की बलि। गरीब का बच्चा क्यों मार दिया।

# आफत की बारिशः बढ़ गया नदियों का जलस्तर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बुधवार को भी सुबह से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था, हालांकि दोपहर बाद बारिश का दौर थम गया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बुधवार शाम पांच बजे तक जिले में 95.9 एमएम औसत वर्षा रिकॉर्ड की गयी, जबकि हल्द्वानी में सबसे ज्यादा 147.0 एमएम बारिश दर्ज की गयी। बारिश के चलते जिले में 21 मार्ग बाधित हो गए है, इनमे एक राष्ट्रीय राजमार्ग क्वारब- भवाली- ज्योलिकोट, एक राज्य मार्ग और 19 ग्रामीण मार्ग शामिल है। अगले 18 घंटे बारिश के रेड अलर्ट को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों में जाने की अपील की है। महानगर हल्द्वानी और आसपास बुधवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। लगातार हो रही बारिश से तापमान में आठ डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। जिला आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी के मुता.बिक पिछले 24 घंटों जिले में 95.9 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। नैनीताल में 98.5 एमएम, हल्द्वानी में 147.0 एमएम, रामनगर में 21.4 एमएम, बेतालघाट में 105.0 एमएम,



कालाढूंगी में 112.0 एमएम, मुक्तेश्वर में 107.4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के चलते जिले में 21 मार्ग बाधित हो गए है, इनमें एक राष्ट्रीय मार्ग क्वारब-भवाली-ज्योलिकोट, एक राज्य मार्ग गर्जिया-बेतालघाट-खैरना और 19 ग्रामीण मार्ग शामिल है। वही लगातार हो रही बारिश से जिले में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बुधवार को सिंचाई विभाग ने गौला में 12408 क्यूसेक, कोसी में 29524 क्यूसेक और नंधौर नदी में 9873 क्यूसेक दर्ज किया है। इधर बारिश के अलर्ट को देखते हुए प्रशासनिक टीम ने गौला, कलसिया और रकसिया नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने नाले के आसपास रह रहे लोगों से बात की और उन्होंने लोगों से सावधानी बरतते हुए प्रशासन के संपर्क में रहने की अपील की।

### कुमाऊं में 71 सड़कें बंद, राहत कार्य जारी

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण 71 सड़कें बंद हो गई हैं, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, ग्रामीण और जिला सड़कें शामिल हैं। नैनीताल जिले में तीन राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन प्रभावित है, जबकि क्वारब और अल्मोड़ा मार्गों पर पत्थर गिरने से रास्ते अब भी बंद हैं। टनकपुर-चंपावत राष्ट्रीय राजमार्ग को खोल दिया गया है। बागेश्वर जिले में कपकोट से नाचनी मार्ग के अंतिम हिस्से में भी बाधा आई है, लेकिन मलबा हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि पिथौरागढ़ जिले में क्वीटी के पास आठ मकान क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन प्रशासन ने समय रहते सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया और प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरित की गई। कैलाश मानसरोवर यात्रा का चौथा दल धारचूला में फंसा हुआ है क्योंकि धारचूला-लिपुलेख मार्ग पर भूस्खलन के कारण रास्ता बंद है। आयुक्त रावत ने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में भी जलभराव की स्थिति का तत्काल समाधान किया गया। हल्द्वानी में नालों के पास रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया। प्रशासन ने जलस्तर बढ़ने के संभावित क्षेत्रों में राहत केंद्र पहले से तैयार कर लिए हैं। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे नदियों और नालों के पास न रहें और भारी बारिश के दौरान यात्रा से बचें। सभी जिलों में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है, और लोगों से अफवाहों से बचने की सलाह दी गई है।

### हल्द्वानी-नैनीताल नेशनल हाइवे तीन बार हुआ बंद

**हल्द्वानी।** बुधवार को हल्द्वानी-नैनीताल नेशनल हाइवे पर पहाड़ से भारी मलबा गिरने के कारण तीन बार मुख्य मार्ग बंद हो गया, जिससे यात्रियों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, मौके पर मौजूद नेशनल हाइवे एनएच अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हाइवे को जल्दी खुलवाया। एनएच के अधिशाषी अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि सुबह 5:30 बजे बल्दियाखान के पास भारी मलबा गिरने के कारण मार्ग बंद हो गया, जिसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यह मार्ग करीब तीन घंटे बाद, सुबह 8 बजे सुचारू हो सका। इसके बाद, दोगांव के पास सुबह साढ़े 11 बजे फिर से मलबा गिरा, जिसके कारण हाइवे बंद हो गया, लेकिन इसे आधे घंटे में खोल लिया गया। दोपहर करीब 12 बजे गुलाबघाटी के पास मलबा गिरने से फिर से मार्ग बंद हो गया। अधिकारियों ने साढ़े 12 बजे तक खोलने का दावा किया है।

### प्रभावित परिवारों को मुआवजे दे सरकार

**हल्द्वानी।** उत्तरांखंड के धराली क्षेत्र में आई आपदा से प्रभावित व्यापारियों के लिए प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड सक्रिय हो गया है। संगठन के अध्यक्ष नवीन वर्मा और महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने पीड़ित व्यापारियों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। उन्होंने बताया कि खीर गंगा से आए मलबे की गाद ने धराली के सुंदर रिजॉर्ट, गेस्ट हाउस और व्यापारी प्रतिष्ठानों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। धराली की आपदा में मलबे में डूबे हुए मकान और दुकानें अब ठीक नहीं की जा सकतीं। ऐसे में छोटे व्यापारी और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े व्यापारी इस स्थिति से उबरने के लिए नए सिरे से काम शुरू करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि इस वक्त पीड़ित व्यापारियों को यथासंभव सहायता पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। इसके साथ ही प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने बताया कि वे उधम सिंह नगर, काशीपुर, हरिद्वार, रुड़की और देहरादून के व्यापारिक प्रतिनिधियों से संपर्क कर रहे हैं ताकि आपदा पीड़ित व्यापारियों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा सके। इसके अलावा, वे खुद भी शीघ्र धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा करने और राज्य व केंद्र सरकार से राहत पैकेज की मांग करने की योजना बना रहे हैं।

# धराली आपदा में जान गंवाने वालों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

## विधायक सुमित हृदयेश ने सरकार की तैयारियों पर भी उठाए सवाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में आई भीषण दैवीय आपदा में जान गंवाने वाले सभी लोगों को बुधवार को विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। नैनीताल रोड स्थित झंडा पार्क (शहीद पार्क) में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि यह घटना सम्पूर्ण उत्तराखंड के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदयविदारक है। उन्होंने इस आपदा में राज्य सरकार की तैयारी एवं तत्परता पर सवाल उठाते हुए कहा कि समय रहते अलर्ट सिस्टम लागू न होना एक गंभीर लापरवाही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि भविष्य में इस प्रकार की त्रासदियों से बचाव के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू किया जाए और ड्रोन की मदद से निगरानी की जाए। वही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी गहरी संवे.दना प्रकट करते हुए राज्य सरकार से अनुरोध किया कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता, पुनर्वास और समुचित राहत मुहैया कराई जाए। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, महानगर अध्यक्ष गो.विंद सिंह बिष्ट, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, हरीश मेहता, एनबी गुणवंत, गिरीश तिवारी, हेमंत बगड़वाल, रवि जोशी, त्रिलोक बनौली, राजेन्द्र जीना, जीवन कार्की, कैलाश शाह, मलय बिष्ट, लईक कुरैशी, शकील सलमानी, समीर अंसारी, धर्मवीर, सतनाम सिंह, हेमंत साहू, दीप पाठक, नेत्र बल्लभ जोशी, राजू सुयाल, राजेन्द्र बिष्ट, मो. गुफरान, मनु गोस्वामी, महेंद्र कुमार, शराफत खान, अलका आर्या, दीपा बिष्ट, राज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसटीएच में दूरबीन विधि से जटिल ऑपरेशनों के टिप्स दिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में महाराष्ट्र से आए वरिष्ठ चिकित्सकों ने स्त्री व प्रसूति रोग संबंधित जटिल ऑपरेशनों का दूरबीन विधि से करने का प्रशिक्षण दिया जिसका पीजी के छात्र-छात्राओं ने लाभ उठाया। विभागाध्यक्ष स्त्री व प्रसूति रोग विभाग डा. गोदावरी जोशी ने बताया कि कार्यशाला में वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने पीजी के छात्र-छात्राओं को दूरबीन विधि से जटिल ऑपरेशन करने का प्रशिक्षण दिया जिसका लाभ क्षेत्र व दूरदराज से आये मरीजों को मिलेगा। पहले इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन के लिए मरीजों को एम्स व दिल्ली जैसे महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। डा. गोदावरी ने बताया कि दूरबीन विधि से ऑपरेशन का प्रशिक्षण सर्जिकल प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह डॉक्टरों को रोगियों के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद करता है। दूरबीन विधि से जटिल सर्जरी करना भी संभव है जो पहले मुश्किल या असंभव मानी जाती थी। यह विधि कम चीरों के साथ की जाती है, जिससे रोगियों को कम दर्द, तेजी से ठीक होने और कम निशान पड़ने में मदद मिलती है। प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने स्त्री व प्रसूति रोग विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन से पीजी छात्र-छात्राओं को आधुनिक व नयी-नयी तकनीक का ज्ञान मिलता है, जिसका लाभ मरीजों के उपचार में मिलेगा। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. जीएस तितियाल, डा. एके सिन्हा, डा. महिमा रानी, डा. सुरभि गुप्ता, डा. प्रीति शर्मा, डा. पल्लवी पंत, डा. पूनम समेत पीजी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### महिला को जान से मारने की धमकी, मुकदमा

**हल्द्वानी।** ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला ने एक युवक पर अभद्रता, छेड़छाड व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार टीपीनगर मानपुर पश्चिम क्षेत्र की रहने वाली प्रियंका सिंह पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 4 अगस्त की दोपहर करीब 1 बजे के करीब जब वह महर्षि स्कूल रोड, सेंट लॉरेन्स के पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर में कार्य कर रही थीं, तभी गौरव नामक व्यक्ति वहां पहुंचा और उन्हें उसके साथ अभद्रता व छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि गौरव ने अभद्र भाषा का प्रयोग करके उसको बार-बार अन्य नंबरों से कॉल करके परेशान भी करता है। पीड़िता ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए तहरीर सौंपी और कार्रवाई की मांग की।

# सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी वन प्रभाग ने दूरस्थ वन चौकियों और फायर क्रू स्टेशनों में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत प्रणाली की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस परियोजना को उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) के सहयोग और मार्गदर्शन से लागू किया जा रहा है। यह कदम वन सुरक्षा, पर्यावरणीय संतुलन और वन कर्मियों की कार्यशक्ति को बढ़ाने के लिए उठाया गया है। हल्द्वानी वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले कई वन क्षेत्र अत्यंत दुर्गम और वनाच्छादित हैं, जिनमें बिजली आपूर्ति की स्थिति नाजुक है। इन क्षेत्रों में कार्यरत वनकर्मी अक्सर रात्रिकालीन ड्यूटी, संचार, मोबाइल चार्जिंग और अन्य उपकरणों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करते थे। इन समस्याओं के समाधान के लिए वन विभाग ने सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने का



निर्णय लिया है, जिससे इन चौकियों पर 24 घंटे निशुल्क, प्रदूषणरहित और टिकाऊ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इस पहल के तहत, हल्द्वानी वन प्रभाग ने अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल दूरस्थ चौकियों में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना प्रारंभ कर दी है। प्रत्येक सौर ऊर्जा प्रणाली में बैटरी बैकअप, चार्ज कंट्रोल यूनिट और इन्वर्टर जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं, जो चौकियों की स्थायित्व और कार्यकुशलता को बढ़ाएंगी। इस सौर ऊर्जा परियोजना के अंतर्गत, वनकर्मियों को आधुनिक संसाधनों से युक्त किया जाएगा, जिससे उनकी कार्यकुशलता में सुधार होगा और उन्हें ऊर्जा के स्वावलंबन में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, यह परियोजना वनाग्नि की सूचना, गश्त और निगरानी कार्यों को भी गति प्रदान करेगी।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कल्याणी नदी ने फिर मचाई तबाही, घरों में घुसा पानी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बरसात से जहां जिला मुख्यालय व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है तो वहीं शहर के मध्य बहने वाली कल्याणी नदी का जल स्तर भी धीरे धीरे बढ़ने लगा । जिस कारण लोगों की परेशानियां निरंतर बढ़ती जा रही हैं। साथ ही लगातार हो रही बरसात के कारण मंगलवार की रात्रि से कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ते जाने से नदी का पानी अनेक मौहल्लों में लोगों के घरों व दुकानों में कई फुट तक प्रवेश कर गया है। जिस कारण तमाम लोग अपना जरूरी सामान समेटकर बच्चों को लेकर सुरक्षित स्थानों को जाने लगे हैं।

बाढ़ की स्थिति के चलते जगतपुरा, मुखर्जी नगर में कई घरों को खाली कराकर लोगों को राहत शिविरों में शरण दी गयी। वर्षा के कारण नगर की कई आवासीय कालोनियों जगतपुरा, मुखर्जीनगर, संजय नगर खेड़ा, इन्द्रा कालोनी, वैशाली कालोनी,

- **कई बस्तियां जलमग्न, लोग घरों को छोड़कर भागे**
- **जल भराव को लेकर प्रशासन चौकस**

आवास विकास, भूत बंगला, पहाड़गंज, भदईपुरा, रम्पुरा, खेड़ा, ट्रांजिट कैम्प, समेत तमाम इलाकों में जलभराव हो गया है। अनेक मौहल्लों में तो लोग कमर तक पानी में सुरक्षित स्थानों को जाने पर मजबूर हो रहे हैं। कल्याणी नदी का जल स्तर बढ़ने से नदी किनारे के मौहल्लों में भारी जल भराव हो जाने से एसडीआर एफ की टीमें भी प्रभावित लोगों की मदद के लिए आ गई हैं। बताया जाता है कि जगतपुरा की तीन गलियों से लगभग 15 परिवारों को सुरक्षित अन्य स्थानों को भेजा गया है।

अनेक मौहल्लों के लोग अपने घरों की छतों पर चढ़कर पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं। लोगों के घरों में बरसात का कीचड़ भरा पानी आ जाने से काफी नुसान होने की भी सम्भावना बनी हुई है। कल्याणी नदी से सटे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर रात से ही प्रशासन अलर्ट हो गया। महापौर विकास शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश बुडोला, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी समेत तमाम अधिकारियों ने जलभराव वाले इलाकों का दौरा कर हालातों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने जलभराव से प्रभावित क्षेत्रें में पैदल भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की राहत शिविरों में भी प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। महापौर ने कहा कि जलभराव से निपटने के लिए नगर निगम की चार टीमें लगाई गयी हैं। जो लोगों को जलभराव से निजात दिलाने के प्रयास में लगातार जुटी हैं। जो नाले किसी कारणवश बंद हो गये हैं, उन्हें खोलने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। प्रभावित लोगों के लिए तीन स्थानों पर राहत कैम्प लगाए गए है। जहाँ पर भोजन आदि की व्यस्था भी की जा रही है। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि कल्याणी नदी पर हो रहे अतिक्रमण के चलते हर वर्ष जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा पूर्व में चिन्हीकरण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जानी थी, लेकिन स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर कुछ समय के लिए राहत दी गई थी। अब जब यह समस्या बार-बार विकराल रूप ले रही है, तो इसे स्थायी समाधान की दिशा में ले जाना आवश्यक हो गया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा कल्याणी नदी को उसके मूल स्वरूप में लाने की योजना तैयार की जा रही है। शासन से स्वीकृति मिलते ही इस योजना पर अमल शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नगर निगम ने एक माह तक महाअभियान चलाकर नदी की व्यापक सफाई कराई थी। पोकलैंड मशीनों व जेसीबी के माध्यम से की गई सफाई ने इस बार बाढ़ की स्थिति को काबू में रखने में अहम भूमिका निभाई, अन्यथा नुकसान और अधिक हो सकता था। कहा कि अब समय आ गया है कि अतिक्रमणकारियों को हटाकर जनता को बार-बार होने वाली समस्या से निजात दिलाई जायेगी। आने वाले समय में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की ठोस कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में जलभराव और बाढ़ की समस्या से स्थायी रूप से निजात मिल सके।

## कल्याणी नदी की बाढ़ में बह गया 16 वर्षीय सूरज


सूरज कोली (16 वर्षीय)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महागनर की कल्याणी नदी इन दिनों दुख और त्रासदी की प्रतीक बन चुकी है। भारी बारिश के बाद उफनाई इस नदी ने शहर के कई हिस्सों को जलमग्न कर दिया है। अब यह सिर्फ बाढ़ नहीं, बल्कि मानव जीवन की पीड़ा और असहायता की कहानी भी बन गई है।

इस भीषण बाढ़ में 16 वर्षीय सूरज लापता हो गया, जिसे खोजने के लिए एसडीआरएफ की टीम तीसरी बार पानी में उतरी है। इससे पहले दो बार की तलाशी विफल रही। हर बार जब रेस्क्यू टीम नाव या रस्सियों के सहारे उतरती है, एक उम्मीद की किरण जागती है, शायद इस बार सूरज का कोई सुराग मिल जाए। लेकिन हर बार खाली हाथ लौटना उस परिवार के लिए एक असहनीय पीड़ा बन चुका है, जो लगातार भगवान और प्रशासन की तरफ उम्मीद से देख रहा है।

यह घटना सिर्फ एक लापता किशोर की नहीं है, बल्कि हमारे सिस्टम की भी परीक्षा है। क्यों नहीं समय रहते नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया? क्यों नहीं कल्याणी नदी के उफान पर कोई स्थायी समाधान तलाशा गया?

प्रशासन को चाहिए कि राहत कार्यों के साथ-साथ दीर्घकालिक योजनाएं भी बनाए, जिससे हर साल रुद्रपुर जैसे इलाके ऐसे संकट का सामना न करें। और सबसे जरूरी है, सूरज जैसे हर बच्चे को बचाने के लिए तंत्र की पूरी ताकत झोंक दी जाए ख्र क्योंकि एक जिंदगी की कीमत, किसी आंकड़े से कहीं ज्यादा होती है।

# भू कटान में धंस गया रपटा पुल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** गौला नदी का जलस्तर बढ़ने तथा लगातार भू कटान के कारण कई जगह से रपटा पुल धंस गया है। रात्रि में हुई बरसात से गौला नदी का पानी रफ्ता पुल के ऊपर तथा रेलवे पुल के खतरे के निशान से ऊपर गौला नदी बह रही है।स्थिति रही तो देर रात में गौला नदी के कटान से रपटा पुल गिरकर नदी में समा जायेगा।

पहाड़ों पर लगातार हो रही वर्षा के कारण पुरानी गल्ला मंडी स्थित गौला नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण करोड़ों रुपए की लागत से बने रपटा पुल को खोखला कर दिया तथा कई मीटर रपटा पुल धस गया है तथा बाढ का पानी रपटा पुल के ऊपर तथा रेलवे पुल के खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। यहीं स्थित रही तो रपटा पुल पूरी तरह नदी में समा जायेगा जिससे दर्जन भर गावों के लोगो का आवागमन बंद हो जएगा। गौला नदी द्वारा तेजी से किए जा रहे भू कटान से क्षेत्रीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

**वहीं** गौला नदी के पास स्थित बस्ती के लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि गौला नदी द्वारा किए जा रहे कटान को देखने के लिए प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी स्थिति का जायजा लेने नहीं आया है। नदी किनारे निवास करने वाले लोगों में गौला नदी का रौद्र रूप देखकर भय का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय प्रशासन द्वारा नदी किनारे रह रहे लोगों के लिए कोई भी मुनादी नही कराई गई है जिससे लोग सतर्क हो जाए।

# महापौर ने जलभराव का लिया जायजा

- **हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने बुधवार को संजय नगर खेड़ा, जगतपुरा मुखर्जी नगर सहित अन्य जलभराव वाले इलाकों का दौरा कर हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल सहित नगर निगम की पूरी टीम और सिचाई विभाग की टीम भी मौजूद रही। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों को हरसंभव सहायता पहुंचाई जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

महापौर ने जलभराव से प्रभावित क्षेत्रें में पैदल भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की इसके साथ ही उन्होंने ट्रैक्टर से भी जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने राहत शिविरों में भी प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनका हाल जाना।

उन्होंने प्रभावित नागरिकों को भरोसा दिलाया कि नगर निगम हर संभव सहायता के लिए तत्पर है और राहत व बचाव कार्यों में पूरी सक्रियता के साथ जुटा है। महापौर ने कहा कि जलभराव से निपटने के लिए नगर निगम की चार टीमें लगाई गयी हैं। जो लोगों को जलभराव से निजात दिलाने के प्रयास में लगातार जुटी हैं। जो नाले किसी कारणवश बंद हो गये हैं, उन्हें खोलने की कार्रवाई लगातार की जा रही है।

प्रभावित लोगों के लिए तीन स्थानों पर राहत कैम्प लगाए गए है। जहाँ पर भोजन आदि की व्यस्था भी की जा रही है। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, एसडीएम मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश खटोला, कोतवाल मोहन पांडे भी मौजूद थे।

# लैंप लाइटिंग एण्ड औथ टैकिंग समारोह का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देवस्थली विद्यापीठ कालेज में नर्सिंग विभाग में लैंप लाईटिंग एण्ड औथ टैकिंग समारोह का आयोजन किया गया। प्रत्येक नर्सिंग संस्थान में नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा यह कार्यकम 'फ्लोरेन्स नाईटिंगेल' की याद में मनाया जाता है। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के समय में घायल सैनिकों के उपचार हेतु अपना जीवन लगा दिया था और युद्ध क्षेत्र में रात्रि के समय लैंप के उजाले में घायल सैनिकों का उपचार किया। इस कारण संपूर्ण विश्व में इन्हें ष्लेडी विद लैंपष के नाम से जाना जाता है और इन्हीं की वजह से समस्त नर्सिंग की छात्र/छात्रायें निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करने हेतु यह शपथ लेती हैं।

संस्थान में यह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि नर्सिंग निदेशक, उत्तराखण्ड मंजू केडा (सेवानिवृत्त) थी। प्रबन्ध निदेशक मनीन्द्र कोश्यारी, मुख्य सलाहकार प्रो. एनएस भण्डारी, कार्यकारी निदेशक आरसी चौधरी एवं परिसर निदेशक डा. सीएस मेहता, सेवानिवृत्त नर्सिंग निदेशक, उत्तराखण्ड मंजू केडा, नर्सिंग प्राचार्या दयावती सौयम, सह प्राचार्य श्री नवीन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दयावती सौयम, सह प्राचार्य नवीन शर्मा, नर्सिंग ट्यूटर शिखा जोशी, रिचा साह, निर्मला जोशी, कल्पलता, भूमिका दुम्का आदि ने छात्र/छात्राओं को नर्सिंग व्यवसाय के प्रति सर्मपण एवं निष्ठा की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए प्रो. एनएस भण्डारी ने कहा कि समाजिक क्षेत्र में रोगियों की उपचर्या हेतु नर्सेस का बहुत बड़ा योगदान है। नर्से बिना किसी भेदभाव और संपूर्ण समर्पण से रोगियों की सेवा करती हैं। उत्तराखण्ड जैसे विषम परिस्थितियों वाले राज्य में इनकी महत्ता और भी बढ़ जाती है।

यह प्राथमिक उपचार देकर रोगियों की एवं प्रसूती महिलाओं की जान बचाकर अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही हैं। आरसी चौधरी ने कहा कि डाक्टरों के पश्चात रोगियों की मनोयोग से सेवा करने में नर्सों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि यहां से पासआउट विद्यार्थी निश्चित ही समाज एवं देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

इस अवसर पर संस्थान के परिसर निदेशक डा. सीएस मेहता ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने कहा कि संस्थान अल्प शिक्षण शुल्क लेकर विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा देने का प्रयास करता रहा है। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने अनेक सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# किराना के गोदाम में आग से लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** आवास विकास क्षेत्र में अज्ञात कारणों से किराना के गोदाम में आग लग जाने से गोदाम में रखा लाखों रूपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौंके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आवास विकास कालोनी निवासी रमेश भट्ट की घर के ही प्रथम तल पर भट्ट डेली नीड्स नाम से किराने की दुकान है और इसके साथ ही उन्होंने किराने के सामान का गोदाम बनाया हुआ है। बताया जाता है कि आज प्रात: करीब साढ़े ग्यारह बजे उन्होंने गोदाम के शटर से धुंआ निकलते देखा। जब उन्होंने गोदाम का शटर उठाया तो भीतर आग लपटें उठ रही थीं। शोर होने पर आस पड़ोस के लोग भी आ पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी मौंके पर आ गये और उन्होंने आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी रमेश भट्ट ने बताया कि अग्निकांड की इस घटना में उन्हें करीब दो लाख रूपयों के सामान का नुकसान हुआ है।

# रामनगर में टेंपो पर गिरा पेड़, बड़ी जनहानि होने से बची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में तीन दिन से हो रही लगातार बारिश के बाद जहां एक ओर आम जनजीवन पूरी तरह ठहर गया तो वहीं कई स्थानों पर बारिश का जहर भी लगातार जारी है। बुधवार की सुबह नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग पर एक टेंपो के ऊपर अचानक पेड़ गिरने के पास मौके पर अफरा तफरी मच गई।

वहीं टैंपो में बैठे यात्रियों में भी चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि मौहल्ला खताडी निवासी सावेज बुधवार सुबह ग्राम टांडा से अपने टेंपो में दो सवारियों को बैठाकर रामनगर की ओर जा रहा था इसी बीच रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे एक पेड़ टूट कर अचानक टेंपो के ऊपर गिर गया जिसके बाद टेंपो में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया और मौके पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह टेंपो चालक एवं उसमें सवार यात्रियों को बाहर निकाला दुर्घटना में टेंपो चालक के चोट लगी है जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया हालांकि टेंपो में सवार यात्री सुरक्षित है दुर्घटना के बाद पेड़ की चपेट में आने से कुछ विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त होने के साथ ही विद्युत लाइन में भी क्षतिग्रस्त हुई है। फायर स्टेशन अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि रामनगर काशीपुर मार्ग पर टेंपू में पेड़ गिर गया था।जिससे यातायात प्रभावित हो गया सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पेड़ को काट कर यातायात को शुरू किया गया।



उन्होंने बताया कि वहीं हाथीडगर मालधन चौड़ रोड पर दो से तीन पेड़ो के गिरने की सूचना मिली।पेड़ो को काटकर रोड को साफ किया गया। वही उन्होंने बताया कि रामनगर हल्द्वानी मार्ग पर भी एक पेड़ सड़क पर गिर गया था।उसको भी कड़ी मशक्कत के बाद काटकर रोड चालू किया गया। वही उन्होंने बताया कि सीतावनी क्षेत्र में पाटकोट से रामनगर की ओर एक पर्यटकों की कार नाले में फंस गई। बताया कि नाला उफान पर था।सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार को निकाल गया।उन्होंने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में अनावश्यक रूप से नदी नलों की ओर न जाएं।पानी कम होने पर ही सड़क पार करें।

## सावन महोत्सव में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** थारू विकास भवन में वन्यआ थारू उत्थान समिति खटीमा के तत्वाधान में सावन महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल ने किया। कार्यक्रम में सावन का झूला मुख्य आकर्षण रहा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सावन गीत, झींझी नृत्य, होली नृत्य आदि मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम में 23 गांव को समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दान सिंह राणा, राजकुमार राणा, विजय चौहान, मनोज बाजवा, विवेक रस्तोगी, नीलम राणा, आदित्य सिंह राणा, बंटी राणा, रिंकू राणा, केवल राणा, उपकार सिंह, रानू राणा, पुष्पा राणा, रोहित सिंह राणा आदि रहे।

## एक नजर

### पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वार्ड नंबर 4 इस्लामनगर निवासी आसिफ अख्तर पुत्र अख्तियार अहमद ने कोतवाली खटीमा में एक तहरीर देकर बताया है कि 4 अगस्त की शाम करीब 4.51 बजे आजम नाम के एक व्यक्ति का फोन आया जिसने फोन पर गालियां देनी शुरू कर दी। पीड़ित आसिफ ने समझाने का प्रयास किया तो उसने फोन अपने पिता अब्दुल हमीद को पकड़ा दिया।अब्दुल हमीद द्वारा भी उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए घर से उठा ले जाने की धमकी दी गई। इसके साथ ही खटीमा आकर उसे उठा ले जाने की बात कहते हुए फोन काट दिया गया। तहरीर के मुताबिक रात करीब 11 बजे आजम, अनस पुत्रान, निवासी न्यूरिया , मोहल्ला खब्बापुर, थाना न्यूरिया तथा राजा उर्फ गद्दा, फैज व अन्य 4-5 लोग फार्च्यूनर व थार दो गाड़ियों से आकर पीड़ित के घर के सामने खड़े हो गए। पीड़ित का आरोप है कि उनके हाथ में नाजायज हथियार थे तथा आरोपी पीड़ित व उसके परिजनों को गंदी-गंदी गालियां देते हुए घर से बाहर निकलने और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पीड़ित व उसके परिजन डर के मारे घर से बाहर नहीं निकले। वहीं पीड़ित द्वारा 112 नंबर पर कॉल किया गया तो पुलिस के आने से पहले ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने तहरीर में लिखा है कि सभी आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद है। वहीं पीड़ित का कहना है कि आरोपी राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं तथा उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं पीड़ित व उसके परिजन इस घटना से काफी चिंतित और परेशान है तथा पीड़ित व उसके परिजनों को उक्त लोगों से डर बना हुआ है। पीड़ित आसिफ अख्तर ने कोतवाली खटीमा में तहरीर सौंप कर रिपोर्ट दर्ज करने व कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### पार्षद प्रतिनिधि ने जलभराव का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** पार्षद प्रतिनिधि व पूर्व मंडी समिति उपाध्यक्ष सचिन मुंजाल ने बुधवार को वार्ड नंबर 31 क्षेत्र में जलभराव वाले इलाकों का दौरा कर हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में पीड़ितों को हरसंभव सहायता पहुंचाने और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। इसके लिए सुबह से ही क्षेत्र में भ्रमण किया

पार्षद प्रतिनिधि ने जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की उन्होंने राहत शिविरों में भी प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। उन्होंने प्रभावित नागरिकों को भरोसा दिलाया कि नगर निगम हर संभव सहायता के लिए तत्पर है और राहत व बचाव कार्यों में पूरी सक्रियता के साथ जुटा है। आज सुबह ही नगर निगम द्वारा जेसीबी और दो ट्रैक्टर ट्राली मंगवाकर हाथों-हाथ नाला साफ करवा कर ट्राली में भरवा कर तुरंत भिजवाया गया

उन्होंने बताया कि इस वर्ष नगर निगम ने नगर आयुक्त महोदय के सहयोग से एक माह तक महाअभियान चलाकर हर वार्ड में व्यापक सफाई कराई थी जेसीबी के माध्यम से की गई सफाई ने इस बार बाढ़ की स्थिति को काबू में रखने में अहम भूमिका निभाई।

### बाढ़ पीड़ितों का सुशील गाबा ने जाना हाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** संकट की घड़ी में हमेशा साथ देने वाले रुद्रपुर के समाज सेवी सुशील गावा, रुद्रपुर के हर गरीबों और पीड़ितों की आवाज, जिनका नाम गरीबों और पीड़ितों की मदद के लिए जाना जाता है। बुधवार की सुबह, जब कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ रहा था, सुशील ने बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुँचकर लोगों को हिम्मत दी।

उन्होंने जोरदार आवाज में अपील की, कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। जनहानि का खतरा है। कृपया अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाएँ। हमारी टीम खाने-पीने और इलाज की पूरी व्यवस्था करेगी।" उनकी यह अपील लोगों के लिए एक नई उम्मीद बनी। सुशील ने न सिर्फ लोगों को प्रेरित किया, बल्कि राहत सामग्री का इंतजाम करने का वादा किया। जगतपुरा के एक निवासी कहते हैं, "सुशील भाई हमेशा हमारे लिए खड़े रहते हैं। इस मुश्किल वक्त में भी वे हमारी मदद कर रहे हैं।" ग्रामीणों ने उनकी इस पहल की दिल से सराहना की। सुशील का कहना है, "यह मेरा शहर है, मेरे लोग हैं। इनकी मदद करना मेरा फर्ज है।

### उत्तरकाशी आपदा में मृतकों के प्रति व्यक्त की शोक संवेदना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तरकाशी में मंगलवार को अतिवृष्टि के कारण अचानक बादल फटने से आई भीषण आपदा में भारी तबाही हुई है। जिसमें 50 से ज्यादा लोगों के लापता, चार लोगों की मौत तथा कई लोगों के मलवे में दबे होने की खबर सामने आ रही है। घटना काफी दर्दनाक और रूह कंपा देने वाली है। बुधवार को खटीमा में पूर्व सैनिक संगठन ने एक शोक सभा का आयोजन किया तथा इस भीषण आपदा में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखा। इसके साथ ही इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति सांत्वना भी व्यक्त की गई। शोकसभा में कप्तान गंभीर सिंह धामी, दौलत सिंह, भूपाल सिंह कार्की, दीवानी चंद, धर्म सिंह सामंत, नवीन चंद्र, भूपेंद्र पांडे, रमेश सिंह, कल्याण सिंह भंडारी, मोहन सिंह धामी, ईश्वरी दत्त जोशी, भूपेंद्र सिंह खोलिया, त्रिलोक सिंह, वासुदेव, इंद्र सिंह कुंवर, मनोहर सिंह ज्याला आदि उपस्थित रहे।

### नालियों को लेकर नवनिर्वाचित प्रधान मुकेश ने लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के ग्राम मझोला नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान दिव्या के पति मुकेश सक्सेना ने बरसात के मद्देनजर नाले व नालियों की जेसीबी से साफ सफाई करवाकर एक बार फिर जनता का दिल जीत लिया। आपको बताते चलें कि अभी ग्राम प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह भी नहीं हुआ है तो दूसरी ओर ग्राम मझोला प्रधान पति मुकेश ने जनता के बीच पहुंचकर उनकी पानी की निकासी की समस्या का समाधान कर उनका दिल जीत लिया। वहां मौजूद जनता ने भी कहा कि हमें ऐसे ही प्रतिनिधि की जरूरत है जो उनके लिए हर समय उपस्थित रहे। इस दौरान वहां करन सिंह, गौरीशंकर, बिर्जमोहन राठौर, शिवशंकर, यूसुफ, हुजूर अहमद, रेहान अंसारी, हाशिम अंसारी आदि थे।

# डीएम ने जल भराव क्षेत्रों का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** लगातार भारी वर्षा के कारण बाजपुर, काशीपुर शहर में जल भराव क्षेत्रों का जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने अधिकारियों के साथ बाजपुर के चकरपुर, इंद्रा कालोनी व अपर जिलाधिकारी ने झारखंडी का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने विगत दिवस निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता सिचाई को लेवड़ा नदी में इन्द्रा कालोनी पुल के दोनो ओर तत्काल अस्थाई तटबन्ध बनाने के निर्देश दिये थे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी, ई ई सिंचाई को वर्षाकाल में नदी नालों पर पैनी नजर रखने व जल भराव प्रभावितों को भोजन पानी वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिन कालोनियों में मलवा भर गया है उसे हटाने हेतु नगर पालि. का से तुरंत कर्मचारी लगाकर हटाया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा, अधिशासी अभियंता एके जैन, सीएमओ डा. केके अग्रवाल, तहसीलदार अक्षय भट्ट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मनोज दास, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, गौरव व अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

# झमाझम बारिश से कहीं राहत, तो कहीं आफत

- **नदी नाले उफान पर, सुरक्षित स्थानों पर लोगों ने किया पलायन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड प्रदेश में लगातार तीन-चार दिनों से कही हो रही मूसलाधार बारिश तो झमाझम बारिश से जहां नदी नाले उफान पर आ रहे हैं तो वहीं झमाझम मूलाधार बारिश से नगर भी जलमग्न होता नजर आ रहा है, जिसके चलते नगर की अधिकांश कॉलोनी जलमग्न हो गई तो वहीं अत्यधिक बारिश से नाले नालियों में भरे कूडो की वजह से नाले नाली चौक हो गए जिसके चलते नगर की अधिकांश गलियां मुख्य चौराहे जलमग्न हो गई यहां तक की जसपुर नगर के नालों के पानी निकासी को सहने वाली लपकना नदी भी तूफान पर आ गई जिसके चलते नगर पालिका का नया भवन पूरी तरह जलमग्न हो गया।

नगर का मुख्य चौराहा सुभाष चौक में काशीपुर जसपुर को जाने वाली मुख्य मार्ग न 74 भी जलमग्न हो गया यहां तक की नगर से गुजरने वाले वाहनों के



पानी के झकोलो से सड़क किनारे बनी दुकानें व घरों में पानी घुसने से दुकानों में जहां लाखों रुपए का नुकसान हुआ तो वही मकान में जल भराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया घरों में सांप विच्छू कीटनाशक कीड़ो का भय सताने लगा उधर नगर की जसपुर भूतपुरी मार्ग पर ठाकुरद्वारा चुंगी के समीप शिव राइस मिल के सामने डॉक्टर एमपी सिंह वाली नहर में कूड़ा अटने की वजह से जहां शिव राइसमिल पूरी तरह जलमग्न हो गयी लगातार रात भर हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नहर की पुलिया में पानी के प्रेशर ने जसपुर- भुतपुरी मार्ग की पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई यहां तक की पुलिया के उपर की सड़क भी धस गई जिसमे मोहल्ले वासियो की सूझबूझ से बड़ा हादसा कहे या अप्रिय घटना घटित होने से बच गई। घटना की सूचना पाते ही जसपुर एस डी एम चतर सिंह चौहान जसपुर, क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और अधिशासी अधिकारी को नगर की व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की वहीं शिव राइस मिल के स्वामी प्रदीप गोयल ने बताया कि राइस मिल में जल भरा होने से लाखों रुपए का धान में चावल भी कर बेकार हो गया जिसका पूरा दोषी सिंचाई विभाग में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ठहराया तो उधर लकड़ी मंडी चौराहे से एसडीएम कोर्ट जाने वाला मार्ग भी पूरी तरह जलमग्न हो गया जिसमें अनुप्रिया सीड्स एवं राइस मिल में नई बस्ती का पानी घुस जाने से राइस मिल तालाब में तब्दील हो गया राइस मिल में रखें चावल में से सीडस का बीज भी बेकार नाश हो गया न्यू स्वामी कुलदीप प्रधान ने बताया कि गोदाम में पानी भरने से लाखों रुपए का माल नुकसान हो गया जिसकी सूचना जसपुर एसडीएम कार्यालय में में देकर लकड़ी मंडी रोड पर पानी निक. ासी अनूरूप करने वाले अतिक्रमण को हटाने की मांग की जिस पर जसपुर एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी निकासी की सुचारू व्यवस्था बनाई साथ ही पालिका अधिशासी अधिकारी सारा नजारा देखते रहे लेकिन एसडीएम चतर सिंह चौहान ने अपने सूझबूझ से समस्या का निराकरण कराते रहे। पीडब्ल्यूडी के ए ई ने बताया की क्षतिग्रस्त हुई पुलिया का शीघ्र निर्माण कराया जाएगा वहीं शहर की जनता ने कहीं ना कहीं इस क्षतिग्रस्त पुलिया का दोषी नगर पालिका प्रशासन/ सिंचाई विभाग को ठहराया।

## एक नजर

# एसडीएम ने सीमांत बाढ़ चौकियों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजस्व विभाग की टीम ने बुधवार की सुबह सुनपहर बाढ़ चौकी व जलभराव क्षेत्र का मौका मुआयना किया

उपजिलाधिकारी तुषार सैनी के निर्देशन में खटीमा राजस्व विभाग की टीम ने बाढ़ चौकियों व जल भराव क्षेत्र का किया निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए वहीं बुधवार की सुबह ग्राम कुटरी पचोरिया निवासी मनीराम पुत्र हरिराम का कच्चा आवास गिरने से घर गृहस्ती का बहुत बड़ा नुकसान हो गया खटीमा तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया और पीड़ित परिवार को आहूत राशि प्रदान की

इधर देर रात ग्राम कंचनपुरी पचपेड़ा निवासी राम बेटी पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश कच्चा खपरैल मकान गिरने व कंचनपुरी निवासी कनिजा पत्नी अहमद हुसैन का टिन शेड गिर गया नवनियुक्त प्रधान ताहिर अंसारी की सूचना पर हल्का पटवारी नवनीत सिंह चौहान ने मौका मुआयना कर नुकसान का आकलन किया और इस दौरान टीम में खटीमा एसडीएम तुषार सैनी खटीमा तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान हल्का पटवारी सुनील गढ़कोटी आसिफ अली नवनीत सिंह चौहान मनीष पंत आदि थे।

# पूर्व सैनिक संगठन ने आपदा में लोगों की सलामती के लिए की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पूर्व सैनिक संगठन द्वारा उत्तराखंड पर आपदा की मार झेल रहे धराड़ी, गढ़वाल के लोगों की सलामती के लिए दुआएं करते हुए ऐसी दुर्घटनाओं पर हादसे का शिकार हुए दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

पूर्व सैनिक संगठन द्वारा आज एक विचार गोष्ठी का आयोजन करते हुए कल हरसिल, धराली पर हुई प्राकृतिक आपदा पर दुख व्यक्त करते हुए लोगों की सलामती हेतु दुवाएं की गई, जिस पर आम जनमानस के साथ साथ सेना के जवान भी लापता हैं, उनके लिए मां कालिका से सभी की सलामती हेतु प्रार्थना की गई, साथ ही ऐसी विषम परिस्थितियों में लोगों को एक साथ खड़े होने की बात भी कही गई. पूर्व सैनिक संगठन द्वारा जनपद पर भी एक रेस्क्यू टीम का गठन करने हेतु पूर्व सैनिक संगठन के माध्यम से प्रयास किया गया है, संगठन द्वारा बताया गया है कि जल्द ही पूर्व सैनिकों के अनुभव और ऐसी विषम परिस्थिति पर शासन प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाने और लोगों को सुरक्षित करने हेतु पूर्व सैनिकों के द्वारा एक रेस्क्यू टीम का गठन किया जाएगा, जो कि आपदा या विषम परिस्थितियों पर जल्द से जल्द आम नागरिकों को सुविधा प्रदान कर सके. ऐसे विषम दिनों पर इसकी आवश्यकता है, ऐसे दुर्गम क्षेत्रों पर और भी बढ़ जाती है. पूर्व सैनिक संगठन में कई पूर्व सैनिक जो विशेष तौर से आपदा रेस्क्यू कार्य और फर्स्ट ऐड टीम मे दक्षता रखते हैं उनकी एक टीम गठित की जा रही है, जिसकी जानकारी शीघ्र ही शासन प्रशासन को भी दी जाएगी ताकि जरूरत के समय पूर्व सैनिक जनपद के आम नागरिकों की मदद के लिए आगे आ सके. पूर्व सैनिक संगठन द्वारा ऐसी विषम समय पर एक दूसरे की मदद करने की बात आम जनमानस से कही गई है। सभा में उपाध्यक्ष मयूख भट्ट, रमेश सिंह महर, प्रहलाद बोहरा, लक्ष्मण सिंह देओपा, दिवाकर सिंह बो. हरा, श्याम विश्वकर्मा और अन्य पूर्व सैनिक,युवा तथा महिला मौजूद रहे।

# वन विभाग बंदरों को पकड़कर लोगों को पहुंचा रहा है बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर एवं आबादी वाले क्षेत्र में बंदरों को पकड़कर आम लोगों को राहत देने के उद्देश्य से वन विभाग ने अभियान शुरू किया है।डीएफओ नवीन चंद्र पंत के अनुसार नगरीय एवं इसके आस पास के गांव में बंदरों के उत्पात व लोगों को काटने की घटनाओं को देखते हुए इस क्षेत्रों में बंदरों को पकड़ने का अभियान शुरू कर उन्हें बधियाकरण के लिए रानीबाग हल्द्वानी ले जाया जा रहा है। फिलहाल लोहाघाट नगर समेत आस पास के गांव से इसकी शुरुआत कर दी गई है। रेंजर एचडी पांडेय के अनुसार 40 बंदरों को अभी तक पकड़ा जा चुका है तथा कई अन्य बंदर अपने साथियों को पिंजड़े में पकड़ता देखकर भाग जा रहे हैं। बंदरों की पहली खेप रानीबाग पहुंचने के बाद अन्य शेष बंदरों को दोबारा पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# ‘बुरांश बाइट्स कैफे’ का भव्य शुभारंभ

- **महिला स्वयं-सहायता समूह की आत्मनिर्भरता की नई उड़ान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** विकासखंड कनालीछीना स्थित ग्राम सतगढ़ में मल्लिकार्जुन स्वयं सहायता महिला समूह द्वारा संचालित रेस्टोरेंट/कैफे ष्द बुरांश बाइट्सष का भव्य उद्घाटन आज 119 इंडिपेंडेंट इन्फैंट्री ब्रिगेड के कमांडर गौतम पठानिया एवं श्रीमती पठानिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी भी विशेष रूप से समूह की महिलाओं के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे और इस नवाचार के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने समूह की महिलाओं को इस अभिनव पहल के लिए बधाई देते हुए कहा, ष्स्वाद और सेवा के इस समन्वय को निरंतर बनाए रखें।ष उन्होंने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो न केवल पिथौरागढ़ जनपद, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणास्पद मॉडल बन सकती है। उन्होंने समूह को भविष्य में भी हरसंभव प्रशासनिक सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने इस पहल को महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत शुरू किया गया यह रेस्टोरेंट न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि स्वयं सहायता समूहों के संगठन और फेडरेशन को भी मजबूती प्रदान करेगा।

डॉ. सैनी ने रेस्टोरेंट की प्रमुख महिला संचालिकाओं ज्योति बिष्ट और ममता के प्रयासों की भरपूर सराहना की और इसे ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणास्पद प्रयास बताया। उन्होंने परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा को भी इस नवाचारी पहल के लिए शुभकामनाएं दीं और इसी प्रकार कार्य करते रहने को कहा। परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास पुनेठा ने बताया कि दोनों महिला संचालिकाओं ने ऋण लेकर यह आजीविका गतिविधि प्रारंभ की है। इस समूह को ब्लॉक मिशन मैनेजर यूनिट द्वारा निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जाता रहेगा, ताकि महिलाओं के उत्साह और प्रयासों में कोई कमी न आने पाए। उन्होंने बताया कि इस कैफे में छत्स्ड की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी भी की जा सकती है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डीडीहाट खुशबू पांडेय, क्न्म राजेश सिंह बिष्ट, ठडड बलवन्त जोशी व टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# चाणक्य लॉ कॉलेज में दीक्षारंभ सत्र का आयोजन

- **अधिवक्ता रघुवीर सिंह रावत ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चाणक्य लॉ कॉलेज में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय दीक्षारंभ 2025 (छात्र दीक्षा कार्यक्रम) की शुरुआत सोमवार को अत्यंत गरिमामय और प्रेरणाप्रद वातावरण में हुई। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को विधिक शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन देनाए नैतिक मूल्यों की समझ विकसित करना और उन्हें एक समग्रए जिम्मेदार नागरिक एवं विधिवेत्ता के रूप में तैयार करना है।

सत्र के प्रथम दिन बतौर मुख्य अतिथि पधारे वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर सिंह रावत (अधिवक्ताए उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहाए विधि केवल एक शैक्षणिक विषय नहींए बल्कि समाज और न्याय के बीच की मजबूत सेतु है। इसमें सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रमः गहन अध्ययन और व्यावहारिक अनुभव अनिवार्य हैं।

उन्होंने छात्रों को अनुशासनए निरंतरता और जिज्ञासु प्रवृत्ति बनाए रखने की प्रेरणा दी। श्री रावत ने कोर्ट विजिटए इंटर्नशिप और कक्षाओं में नियमित उपस्थिति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को शुरुआत से ही न्यायालयी प्रक्रियाओं का अनुभव लेने का प्रयास करना चाहिएए जिससे वे अपने करियर को दिशा देने में सक्षम हो सकें।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ अधिवक्ता श्री रावत एवं कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दीपक्षी जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। डॉ. जोशी ने स्वागत भाषण में कहा किए दीक्षारंभ सत्र विश्व. विघ्द्यालय अनुदान आयोग की अनुशंसा है जिसका उघ्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना है बल्कि उन्हें जीवन मूल्यों सामा. जिक उत्तरदायित्व और पेशागत नैतिकता से भी जोड़ना है। इस अवसर पर विधि संकाय के सभी शिक्षकगण सलीम अहमद, अनिल कुमार, आयशा अमीन, रुबीना, डॉ. प्रतिभा सिंह, दीपाली, सिघ्द्धि एवं उपासना तिवारी सहित सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सुरक्षित एवं सफल यात्रा करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकताः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा राज्य में अलर्ट एवं जनपद में जारी लगातार अतिवृष्टि को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आज आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील विकासखंड धारचूला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी स्थल पर जाकर विभागीय अधिकारियों से प्राप्त की और सभी संबंधितों को अलर्ट मोड में कार्य करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने सड़क मार्गों से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अतिवृष्टि के कारण अवरुद्ध सभी मार्गों को तत्काल खोले जाने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए, ताकि आवागमन सामान्य हो सके। निरीक्षण के दौरान चौथे दल के कैलाश मानसरोवर यात्रियों से मुलाकात करते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि जैसे ही सड़क मार्ग पुनः सुचारु होते हैं, उनकी यात्रा तत्काल पुनः प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क मार्गों को खोलने हेतु जिला प्रशासन एवं बीआरओ द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जल सस्थान के अधिशाशी अभियंता ने कोसी नदी का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जल सस्थान के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने बताया कि तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से कोसी नदी में जल संस्थान के रौ टैंक तक मालवा आ गया, जिसके चलते बांध टूट गया है और पेयजल प्लांट बंद है। बांध बनाकर उसको ठीक किया जा रहा है।जल्द ही पानी आ जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि बांगाजाला में भारी बारिश के चलते मलबा और कूड़ा करकट आ गया था।जिसको जेसीबी मशीन से हटाया जा रहा है।

# महिला एकता मंच का आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महिला एकता मंच ने ग्राम मालधन अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति व अन्य मांगों के लिए 18 अगस्त को मालधन बंद सफल बनाने के लिए जन संपर्क अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत बुधवार को ग्राम मालधन के गोपाल नगर न.6 में महिलाओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुष्पा ने नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को जीत पर बधाई देते हुए उनसे नशा नहीं इलाज दो अभियान में शामिल होने व नेतृत्व करने की अपील की।बैठक में देवी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालधन से फीजिशियन प्रशांत कौशिक व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना कौशिक का पिथौरागढ़ ट्रांसफर करने के बाद अस्पताल की हालत बद से बद्तर हो गई है। जनता को मिल रही नाममात्र की स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलनी बंद हो गई हैं।उन्होंने कहा कि मानकों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालधन में सर्जन,बाल रोग विशेषज्ञ, निश्चेतक, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजी जांचें, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, इमरजेंसी व प्रसव की सुविधाएं भी पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं हैं। सरकार जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जगह शराब की दुकान खोलकर जनता को नशे में डुबो रही है।जिसे किसी भी शर्त पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ममता आर्य ने क्षेत्र की जनता से जन हित में 18 अगस्त को मालधन बाजार, शिक्षण संस्थान व बैंक बंद रखने की अपील की।इस दौरान बैठक में ग्राम प्रधान अन्जू देवी,देवी आर्य, सरस्वती जोशी, रंजनी,ममता, पुष्पा,ममता आर्य, शिवानी, सरस्वती देवी,ममता देवी,हेमा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

# चीनी मिल नादेही के खाद गोदाम में घुसा पानी, भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारी वर्षा के चलते क्षेत्र की एकमात्र सहकारी चीनी मिल नादेही में चीनी मिल समिति के खाद गोदाम में रात्रि भारी वर्षा के चलते पानी घुस गया जिससे गोदाम में किसानों के वितरण हेतु रखें उर्वरक/ कीटनाशक पानी में डूब कर खराब हो गए जिससे चीनी मिल को लगभग 2 लाख की हानि का आंकलन किया जा रहा है।

खाद गोदाम प्रभारी राकेश सिंह द्वारा सुबह गोदाम खोलने पर गोदाम में घुसे पानी की जानकारी हुई उनके द्वारा त्वरित चीनी मिल अधिकारियों को उक्त विषय की जानकारी दी गई चीनी मिल के प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी व प्रधान प्रबंधक सी एस इमलाल ने मौके पर पहुंचकर गोदाम की वास्तविक परिस्थितियों का अवलोकन करके गोदाम के पानी निकालने को संबंधित सिविल इंजीनियर को आदेशित किया वह इंश्योरेंस कंपनी को उक्त विषय की जानकारी दी। इंश्योरेंस कंपनी द्वारा पहुंचे सर्वेयर ने मौके पर पहुंचकर उर्वरक /कीटनाशक की हुई हानि/क्षति का जायजा लिया और उसकी रिपोर्ट बनाकर संबन्धित इंश्योरेंस कंपनी को भेज दी है।

उक्त विषय पर मीडिया को बताते हुए जी एम सीएस इमलाल ने बताया कि इस समय प्रदेश भर में भारी बारिश के चलते आपदा की स्थिति बनी हुई है कल रात हुई भयंकर बारिश से पानी खाद गोदाम में भी घुस गया था जिससे खाद गोदाम में रखे उर्वरक/ कीटनाशक का नुकसान हो गया है इसके नुकसान का जायजा के लिए संबंधित इंश्योरेंस कंपनी को सूचित कर दिया गया है इंश्योरेंस कंपनी द्वारा टीम भेज कर हानि/ क्षति का जायजा लिया जा रहा है चीनी मिल गोदाम में शेष सही उर्वरक स्टॉक को चीनी मिल के दूसरे गोदाम में ट्रांसफर कर दिया गया है।

# एकल विद्यालय की बहनों ने पुलिस की कलाई पर सजाई राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** एकल अभियान संभाग उत्तराखंड भाग कुमाऊं अंचल खटीमा के अन्तर्गत संच नानकमत्ता के थाना नानकमत्ता में एकल विधालय की आचार्य एवं समिति की बहनो ने पुलिस कर्मियों के कलाइयों में रक्षा सूत्र बांध कर रक्षा का वचन लिया स

बुधवार को थाना नानकमत्ता में थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने एकल परिवार के साथ साथ बहनों का आभार व्यक्त किया तथा बहनों को कहा कि 24 घंटे वो एकल बहनों के साथ है जब भी जरूरत हो वो बेहि. चक सम्पर्क या फोन कर सकती हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बहनों को मिष्ठान वितरण तथा भेंट भी प्रदान की, इस अवसर पर अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, अरविंद कन्नौजिया संगठन मंत्री एकल अभियान उत्तराखंड, , केश्वर चौरसिया संच अध्यक्ष, दयाशंकर जी आईवीडी अध्यक्ष , शशि रस्तोगी ,अंचल युवा प्रभारी सत्यम चौरसिया, सरोजनी, सीमा , राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सुरेन्द्री राणा, भगत सिंह, सबनम, बबली राणा, रेखा, साधना आदि उपस्थित रहे स अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने थानाध्यक्ष उमेश कुमार का समय देने का धन्यवाद भी किया ।

# त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तहसील परिसर रामनगर मे दस्तावेज लेखक, अरायजनवीज एवं स्टाम्प विक्रेता समिति और अधिवक्ताओं ने एक शोक सभा की।शोक सभा मे उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से हुई भीषण त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।इस दुखद घटना में प्रभावित परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।

हम ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और दुख की घड़ी में उनके परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते है। साथ ही, लापता लोगों के सकुशल होने और राहत व बचाव कार्यों में लगी टीमों को सफलता की कामना करते है। इस दौरान अधिवक्ता राजपाल रावत,विक्रम सिंह नेगी,अजय गोयल,रईस आलम,पंकज कुमार, कुद्दुस अहमद, एडवोकेट फईम चौधरी,संजय, ओमप्रकाश सुयाल, लीलाधर जोशी आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# एसडीएम ने आपदा संभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ उपजिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार द्वारा रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों और आपदा संभावित क्षेत्र का निरिक्षण किया गया। एसडीएम ने बताया कि बुधवार शाम को रामनगर में कोसी नदी और अन्य क्षेत्रों में जल स्तर सामान्य हो गया।सभी जगह स्थिति सामान्य है।

राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों को अलर्ट पर रहने के लिए निर्देशित किया गया।बुधवार सुबह धनगढ़ी नाले पर पानी का लेवल बढ़ने के कारण यातायात प्रभावित हो गया था।जेसीबी मशीन से काम किया गया।

रामनगर क्षेत्रांतर्गत भारी बारिश के दृष्टिगत बहला नाले में पानी का जल स्तर काफी बढ़ने से लोगों के भवनों के पास पानी बहने लग गया जिस कारण मौके का निरीक्षण किया गया।बहला नाला के बहाव को चौनलाइज करने के लिए उसे काशीपुर क्षेत्र से ही डायवर्ट किया गया।धनगढ़ी नाले में जल स्तर ज्यादा होने से बुधवार सुबह से मोटर मार्ग बंद हो गया था, जो दोपहर तक खोल दिया गया। उन्होंने बताया कि रामनगर क्षेत्र में बारिश से कोई नुकसान नहीं हुआ है।इस दौरान तहसीलदार मनीषा मरकाना,राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य,सिंचाई विभाग एसडीओ जगत नारायण सिंह रावत सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# जागरूकता एवं तत्परता से आपदा से हो सकता है बचाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण अस्त-व्यस्त हो रहे जनजीवन को देखने के लिए जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों की टीमें विभिन्न क्षेत्रों की ओर निकल पड़ी है। ये टीमें मौके में ही क्षति का जायजा लेने के साथ लोगों से संवाद कर क्षति का जायजा भी ले रहे हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार स्वयं राष्ट्रीय राजमार्ग स्वाला का निरीक्षण किया।

# नैनीताल के होटलों में बुकिंग कैंसिल

## पर्यटन कारोबार पर पड़ा बारिश का असर, होटल कारोबारियों ने कहा–सुरक्षित है नैनीताल, घूमने आइये

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश का असर अब नैनीताल के पर्यटन उद्योग पर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। भारी बारिश के चलते सड़कों पर मलबा आने, भूस्खलन और ट्रैफिक अवरोधों की वजह से पर्यटक नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में आने से परहेज कर रहे हैं। इससे होटल व्यवसायियों की आमदनी पर बड़ा असर पड़ा है। बता दें कि इस वर्ष मानसून सीजन में पहले से ही पर्यटकों की संख्या कम थी वहीं अब भारी बारिश और लगातार रेड अलर्ट की वजह से बुकिंग्स रद्द हो रही हैं। मामले में नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि उत्तरकाशी में प्राकृतिक आपदा की खबरें फैलने के बाद नैनीताल आने वाले पर्यटकों में भय का माहौल बन गया है, इसके चलते 95 प्रतिशत तक होटल बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। बिष्ट के मुताबिक नैनीताल सहित प्रदेश के अधिकांश पर्यटन स्थल पूरी तरह सुरक्षित हैं और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। हालांकि कुछ जगहों पर छोटे-मोटे भूस्खलन हुए हैं जिन्हें प्रशासन द्वारा तुरंत हटाया जा रहा है, सुरक्षा बल मौके पर तैनात हैं और सतर्कता बरती जा रही है। आजकल पर्यटक सोशल मीडिया रील्स देखकर घूमने का प्लान बनाते हैं लेकिन रील्स में दिख रहे भूस्खलन के दृश्य उन्हें भ्रमित कर रहे हैं, इसका असर यह है कि ना केवल नए पर्यटक आना बंद कर चुके हैं बल्कि जो लोग पहले से नैनीताल में रुके थे वे भी लौटने लगे हैं। दूसरी ओर दिल्ली से आए पर्यटक सरबजीत ने बताया कि आज ही अपने परिवार के साथ यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि रास्ते में कहीं भी भूस्खलन जैसी कोई समस्या नहीं देखी गई और सफर पूरी तरह सुरक्षित रहा नैनीताल पहुंचने के दौरान बारिश जरूर हुई लेकिन इसके बावजूद मौसम बेहद सुहावना और आनंददायक बना हुआ है। सरबजीत ने कहा कि नैनीताल में मौसम का लुत्फ उठाया जा सकता है और पर्यटक यहां निश्चिंत होकर घूमने आ सकते हैं। नैनीताल पर्यटकों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। पर्यटक मनप्रीत कौर ने बताया कि सोशल मीडिया पर जो रील्स देखी थीं उनमें हालात को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया था। रील्स देखकर मन में कई सवाल थे डर भी था लेकिन फिर भी हम घूमने चले आएं। उन्होंने बताया कि नैनीताल में कहीं भी भूस्खलन नहीं मिला। बारिश जरूर हो रही है लेकिन मौसम सुहावना है और माहौल शांत है, रील्स में पूरी सच्चाई नहीं दिखाई जाती है केवल रील्स देखकर भ्रमित न हों, असलियत इससे काफी अलग होती है। नैनीताल सुरक्षित है और घूमने लायक भी।

### बारिश ने रसोई का बजट बिगाड़ा

**नैनीताल।** नैनीताल तथा आस पास के क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण जनजीवन ही नहीं बल्कि आम जनता की रसोई भी प्रभावित हो गई है। मानसून और आपदा का सीधा असर अब सबजियों और फलों की कीमतों पर दिखाई दे रहा है। स्थानीय बाजारों में 20 प्रतिशत तक की मूल्यवृद्धि दर्ज की गई है जिससे उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ा है। बता दें कि ट्रांसपोर्ट और आपूर्ति श्रृंखला पर मानसून का असर सबसे ज्यादा पड़ा है। भूस्खलन और सड़कों के अवरुद्ध होने से मालवाहक वाहन समय पर बाजार नहीं पहुंच पा रहेए जिससे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की किल्लत हो रही है। बाजार भावों की बात करें तो टमाटर जहां पहले 80 रुपए प्रति किलो था अब 100 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। आलू 35 था अब 40 रुपए किलो बिक रहा हैए जबकि शिमला मिर्च 40 रुपए किलो के न्यूनतम स्तर से 60 रुपए पर आ गई है जो इसके कम आपूर्ति वाले क्षेत्रों में अधिकता का संकेत देती है। कद्दू 40 से बढ़ कर 60 रुपए जबकि सेब 100 रुपए से 120 और अनार 120 रुपए से बढ़कर 140 प्रतिकिलो के भाव पर बिक रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि मौसम की स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं। स्थानीय दुकानदा कैलाश उपाध्याय ने बताया भारी बारिश और सड़क जाम के कारण समय पर सप्लाई नहीं हो पा रही है। हमें खुद महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा हैए जिससे खुदरा मूल्य भी बढ़ाना पड़ रहा है।

## एक नजर

### मारपीट का आरोप लगाया

**नैनीताल।** मल्लीताल के एक युवक ने दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। मल्लीताल निवासी कमल ने बताया कि मंगलवार देर रात घर लौटते समय चीना बाबा चौराहे के पास एक युवक ने बिना किसी कारण गाली गलौज कर मारपीट कर दी। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि आरोपीत को कोतवाली बुलाया गया। पूछताछ के बाद चम्पावत निवासी प्रकाश चंद्र का चालान कर हिदायत देकर छोड़ दिया।

### मकान के ऊपर गिरा विशाल पेड़

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते चार दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते बुधवार को चार्टन लॉज में एक मकान के ऊपर विशाल काय पेड़ गिर गया। यह मकान डा. दीनानाथ मिश्रा का थास गनीमत है की पेड़ गिरने से जनधन की हानि नहीं हुई। यह पेड़ लंबे समय से लटका हुआ था, तेज बारिश के चलते पेड़ ढह जाने से दो अन्य मकान भी खतरे की जद में है। मौके पर मौजूद लोगों ने पेड़ ढहने की सूचना प्रशासन को दी जिसके बाद पटवारी भुवन चंद्र जोशी ने इलाके का निरीक्षण किया, पटवारी ने जांच रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को भेजी है साथ ही वन विभाग को पेड़ के कटान कर हटाने को कहा गया है।

### प्रवेश की तिथि बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के छात्र नेताओं ने परिसर निदेशक व छात्र अधिष्ठता कल्याण को छात्रावास में प्रवेश की तिथी बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बीते तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण छात्र प्रवेश के लिए नहीं पहुंच पाए। बुधवार को छात्र नेताओं ने परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा व छात्र अधिष्ठता कल्याण प्रो. संजय पंत को ज्ञापन के माध्यम से बताया की परिसर में छात्रावास में प्रवेश लेने के लिए प्रथम मैरिट के छात्रों को शुक्रवार तक का समय दिया गय था। छात्र नेताओं ने बताया की बीते चार दिनों से लगातार बारिश के कारण मार्ग बाधित होने से कई छात्र प्रवेश लेने नहीं पहुंच पाए जिसे देखते हुए छात्रावास में प्रथम मैरिट के छात्रों के प्रवेश की तिथी बढ़ाई जाए। छात्र नेताओं के ज्ञापन व मौसम को देखते हुए परिसर निदेशक व छात्र अधिष्ठता कल्याणा ने प्रथम मैरिट के छात्रों को छात्रावास में प्रवेश लेने के लिए 11 अगस्त (सोमवार) तक का समय दिया है।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट -2025 को जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन बुधवार को 397 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में विभिन्न माध्यमों से पौधारोपण किया जा रहा है।

### छात्रावास की वार्षिक बैठक सम्पन्न

**हल्द्वानी।** समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास की वार्षिक प्रबंध कार्यकारिणी बैठक पीएम श्री अटल उत्कृष्ट विद्यालय, हल्दूचौड़ परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष भर की गतिविधियों की समीक्षा कर आगामी रणनीति तय की गई। कार्यक्रम में कक्षा दस के छात्र अनमोल आर्या को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। योग दिवस पर विश्व रिकॉर्ड में योगदान देने वाले छात्रावास के बच्चों, मार्गदर्शकों और अधीक्षक डा. हिमांशु पांडे को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## हाथियों के झुंड ने रौंदी खड़ी फसल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के बोहरागांव में हाथियों के झुंड ने कई किसानों के खेतों में खड़ी फसल बर्बाद कर दी। क्षेत्र में जंगली हाथियों की दस्तक के बाद लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। सूचना के बाद वन विभाग की ओर से लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है। बता दें कि बीते जुलाई माह में पटवाडांगर के समीपवर्ती देवीधूरा ग्राम पंचायत के पापड़ी तोक में जंगली हाथियों का झुंड दिखा था। दूसरे दिन हाथियों के झुंड ने बाना गांव में उत्पात मचाया था। इसके बाद से आसपास के क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। उस समय हाथियों का झुंड जंगल की ओर चला गया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जंगल की ओर से हाथियों के चिंघाड़ने की आवाजें आ रही थीं। अब सोमवार व मंगलवार रात जंगली हाथियों का झुंड बोहरा गांव पहुंच गया है। हाथियों ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बिष्ट, मनोहर लाल, पूरन मेहरा व महेंद्र के खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान किया है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि गांव में जंगली हाथियों की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत में हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि हाथियों की दस्तक के बाद टीम गश्त कर रही है। हाथियों के झुंड को जंगल की ओर भगाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सचेत रहने की अपील की है।

# जिम्मेदार, आत्मविश्वासी बनने का अवसर: प्रो. रावत

## कुमाऊं विश्वविद्यालय में सेवा चयन बोर्ड का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में बुधवार को एसएसबी (सेवा चयन बोर्ड) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल चयन की तैयारी नहीं है बल्कि छात्रों को एक जिम्मेदार, आत्मविश्वासी और नेतृत्वशील नागरिक बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह पहल विश्वविद्यालय की छात्र हितैषी सोच और समग्र शिक्षा दृष्टिकोण का प्रतीक है। कहा कि जीवन में बाधाएं आती हैं लेकिन यदि आपके अंदर सीखने की भूख, सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प है तो आप हर कठिनाई को पार कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि इस प्रशिक्षण को केवल परीक्षा पास करने का माध्यम न समझें बल्कि इसे स्वयं को एक बेहतर व्यक्ति में ढालने का अवसर मानें। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर शंकर प्रसाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए और कहा कि सेना न केवल एक पेशा है बल्कि यह जीवनशैली और सम्मान से जुड़ा दायित्व है। उन्होंने छात्रों से ईमानदारी, साहस और सेवा-भावना के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने का आह्वान किया।



कर्नल डीके रावल ने एसएसबी प्रक्रिया की बारीकियों और व्यवहारिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को ग्राउंड रियलिटी से जोड़ने वाली बातें बताई। उन्होंने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने की सलाह दी और कहा कि इसमें सफलता पाने के लिए केवल शारीरिक क्षमता नहींए बल्कि मानसिक संतुलन और नेतृत्व क्षमता की भी आवश्यकता होती है। प्रो. ललित तिवारी (निदेशक विज़िटिंग फैकल्टी निदेशालय) ने विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के शामिल होने से छात्रों को मिलने वाले लाभ पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्रीय चेतना का वातावरण बनता है। इससे पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डा. रीतेश साह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कुलपति प्रो. रावत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की समावेशी और नवाचारी सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को नौकरी नहीं जिमेदारी की तैयारी के लिए तैयार करना है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अनुशासन व समर्पण और आत्मविश्वास के साथ इस यात्रा को अपनाएं। नैनीताल । बता दें कि कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क है ताकि हर वर्ग के छात्र-छात्राएं इसमें भाग लेकर रक्षा सेवाओं में कैरियर बनाने का सपना साकार कर सकें। इस प्रशिक्षण में नैनीताल/हल्द्वानी और खटीमा जैसे क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

# मरीज़ों को असुविधा न हो: सरिता आर्य

## विधायक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विधायक सरिता आर्या ने बुधवार को नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विशेष रूप से हाल की बारिश और बाढ़ से प्रभावित मरीजों की देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था तथा मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलबधता की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानक. ारी ली और यह भी जाना कि उन्हें



किस प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं जिला अस्पताल प्रबंधन मुहैया करा रहा है। विधायक ने मंगलवार को उत्तरकाशी हुई प्राकृतिक आपदा पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए नैनीताल क्षेत्र में किसी संभावित आपदा की स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता का मूल्यांकन किया। उन्होंने यह जानने का प्रयास किया कि ऐसी आपात स्थिति में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल किस हद तक प्रभावी भूमिका निभा सकता है और किन कमियों को दूर करना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अनुपयोगी मशीनों, अव्यवस्थित चिकित्सा प्रणाली और चिकित्सकों की अनुपलबधता जैसे गंभीर मुद्दों पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिका. रियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए आवश्यक संसाधनों की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, उपाध्यक्ष मोर्. हत लाल साह, निखिल बिष्ट, आशीष बजाज, कार्यालय मंत्री भारत सिंह समेत जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा, डा. द्रौपदी गर्बियाल, कमल जोशी, विक्रम राठौर, पंकज बर्गली, सभासद गजाला कमाल, भगवत सिंह रावत समेत भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला आदि मौजूद रही।


### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, लोहाघाट (चम्पावत)

Office of the Executive Engineer Construction Division P.W.D. Lohaghat.
Ph.-05965-234525-234725 Fax- 05965-234525 E-Mail- eepwdlohaghat@rediffmail.com

पत्रांक: 1236/1ए०सी० दिनांक: 06/08/2025

**निविदा शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 825/निविदा दिनांक 06-06-2025 एवं पत्रांक 848/1ए०सी० दिनांक 11-06-2025 द्वारा आमंत्रित निविदा एवं निविदा शुद्धि पत्र सं0 926/1ए०सी० दिनांक 23-06-2025 द्वारा संशोधित निविदा शुद्धि पत्र में पुन: निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है -
1-निविदा बेचे जाने की अवधि- दिनांक 07-08-2025 से 18-08-2025 सायं 5:00 बजे तक
2-निविदा आमंत्रित किये जाने की तिथि- दिनांक 19-08-2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक
3-निविदा खोले जाने की तिथि- दिनांक 19-08-2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक
निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, लोहाघाट

### कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़

पत्रांक :- 200/सहा0अभि0द्वि/निविदा/2025-2026 दिनांक : 01/08/2025

निविदा सूचना संख्या 1/सहा0अभि0–द्वितीय/2025–2026 दिनांक–01.08.2025

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहर बन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.08.2025 को अपराह्न 01.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। यह निविदायें दिनांक 13.08.2025 को अपराह्न 03.30 बजे तक निर्धारित मूल्य जमाकर सहायक अभियन्ता द्वितीय, लघु डाल खण्ड डीडीहाट पिथौरागढ़ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं, तथा दिनांक 14.08.2025 को अपराह्न 01.00 बजे तक निविदा कार्यालय में जमा की जा सकती है।निविदा में उल्लेखित कार्यो की शर्तो का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, लघु डाल खण्ड डीडीहाट पिथौरागढ़ में किया जा सकता है। यह निविदाये सील्ड कवर में भेजी जायेंगी, विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी।निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा सूचना संख्या एवं लॉट संख्या अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचतपत्र, डी0डी0 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक/मान्यता प्राप्त बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़ के नाम से बन्धक बनाकर लिफाफे में रखी जायेंगी। लिफाफे स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। धनराशि व निविदाप्रपत्र को एक सील्डकवर लिफाफे में प्रेषित करना होगा।बिना धरोहर धनराशि जमा किये ससर्त निविदायें मान्य नही होंगी। अधोहस्ताक्षरी को कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉनज्यूडिशियल स्टाम्पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट चस्पा करते हुये दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा ।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्णकरने की अवधि दिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत उपखण्ड प्रथम पिथौरागढ़ एवं उपखण्ड द्वितीय डीडीहाट में राजकीय कार्य हेतु एक डीजल चलित हल्के यात्री/सामान ढुलाई कैम्पर की एक वर्ष तक आवश्यकता है। | 7700.00 | 500.00 + 90 | 12 माह |

सहायक अभियन्ता, द्वितीय
लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़


# प्रीपेड टैक्सी बूथ संचालक को नोटिस

## हाईकोर्ट में दून टैक्सी/बस ओनर्स की याचिकाओं पर सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में दून टैक्सी/बस ओनर्स की याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने प्रीपेड टैक्सी बूथ संच. ालक को नोटिस जारी करते हुए जवाब पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार देहरादून की टैकसी ओनर्स संचालकों के द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि 2015 में तत्कालीन सरकार ने चार धाम यात्रा को बढ़ावा देने के लिए मेरे बुजुर्ग मेरे तीर्थ यात्री नाम से एक स्कीम निकली थी। जिसकी यात्रा करने के लिए देश व विदेश से पर्यटक आते हैं। इनको मंजिल तक पहचाने के लिए रेलवे स्टेशन के पास दून टैकसी स्टैंड का बूथ भी बनाया गया था। लेकिन रेलवे प्रशासन ने वर्तमान समय मे उसे बंद कर उसे लीज पर दे दिया है। जिसकी वजह तीर्थ यात्रियों सहित स्थानीय लोगो को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटक तय समय के भीतर अपने तय स्थानों पर नहीं पहुँच पा रहे हैं। इसलिए प्रीपेड बूथ पर रोक लगाई जाए। एक समय मे पांच से अधिक टैक्सियों के ठहरने की पाबंदी रोक को हटाया जाए। इस संबंध में उनके द्वारा समय समय पर पूर्व सीएम हरीश रावत, रमेश पोखरियाल निशंक, विजय बहगुणा व केंद्र सरकार को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक किसी भी सरकार ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया।

### आउटसोर्स से नियुक्ति पर जवाब मांगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सरकारी विभागों में उपनल के द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से पूर्व सैनिकों के आश्रितों को नियुक्ति देने ने खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 18 अगस्त सोमवार की तिथि नियत की है। तब तक कोर्ट ने सभी पक्षकारों से जवाब पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी अमित खोलिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वर्तमान समय में सरकारी विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति उपनल के माध्यम से की जा रही है। इसमें उपनल के द्वारा पूर्व सैनिकों के आश्रितों को ही शामिल किया जा रहा है। जिस कारण बेरोजगारों का एक बड़ा तबका रोजगार से वंचित हो रहा है। वर्तमान समय में राज्य के रोजगार कार्यालयों में लगभग 16 लाख शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत हैं। जब से उपनल के माध्यम से सरकारी विभागों में आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति की जा रही है तब से रोजगार कार्यालय में पंजीकृत शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी सेवा करने से वंचित होना पड़ रहा है। जो संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। जनहित याचिका में कोर्ट से आग्रह किया गया कि उपनल को सभी बेरोजगारों के लिए खोलने हेतु निर्देशित किया जाए। जिसमें पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षण निर्धारित कर लिया जाए और उपनल को कुछ ही अभ्यर्थियों तक सीमित न किया जाए ताकि रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगारों को इन नियुक्तियों से वंचित न होना पड़े।

### सरकार हर माह समय पर दे मेहनताना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य के पेयजल निगम में कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियरों को तय समय के भीतर वेतन न दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से कहा है कि उनका मेहनताना हर माह में निर्धारित समय के भीतर अदा करें। मामले के अनुसार पेयजल निगम में कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियर संघ की तरफ से उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि वे उत्तराखण्ड राज्य बनने से पहले ही राज्य के पेयजल निगम में डिप्लोमा इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। लेकिन राज्य सरकार अन्य सरकारी कर्मिको की भांति उन्हें तय समय के भीतर भुगतान नही कर रही है। जिसकी वजह से उनको व उनके परिजनों को कई तरह की आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है। याचिका में उनके द्वारा कोर्ट से प्रार्थना की है कि उनका भी वेतन समय पर दिया जाए। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनको भी तय समय के भीतर ही वेतन दिया जाएगा जिसके बाद कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दी।

### चेक बाउंस के मामले में कार्रवाई पर रोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने चैक बाउंस मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय हल्द्वानी में याचिकाकर्ता के खिलाफ चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार मार्शल कॉटेज मल्लीताल नैनीताल निवासी कौशल्या देवी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय हल्द्वानी ने उसके खिलाफ 29 फरवरी 2024 को समन जारी कर तलब किया था जिसे याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा कि परिवादी ऊषा आर्या सेवानिवृत पीएनबी बैंक कर्मचारी की ओर से दाखिल किया गया। परिवाद धारा अंतर्गत 138 एनआई एकट विधि के अनुसार पोषणीय नहीं है कयोंकि परिवाद कालबाधित है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जो समय सीमा धारा 138 सपठित धारा 142 एनआई एक्ट में निर्धारित है उसके विपरीत परिवादी द्वारा बिना प्रार्थना पत्र विलंब के संबंध में संलग्न न कर सीधे परिवाद दायर कर दिया जो कि कानूनी रूप से पोषणीय नहीं है।

### विपरीत मौसम में भी कैडेट्स ने की 26 किमी की सेलिंग

**नैनीताल।** 5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा संचालित बहुप्रतीक्षित सेलिंग अभियान (मेनू कैंप) का बुधवार को तृतीय दिवस पूरी उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। कैडेट्स ने इस दिन 26 किलोमीटर की नौकायन (सेलिंग) यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की जिसके साथ शिविर की कुल नौकायन दूरी अब तक 88 किलोमीटर हो चुकी है। यह कैडेट्स की शारीरिक सहनशक्ति तथा धैर्य और टीम समन्वय का प्रमाण है। बुधवार के प्रशिक्षण सत्र में कैडेट्स ने सेलिंग, सेमा फोर तथा फायर फाइटिंग से संबंधित सामान्य ज्ञान जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों में भाग लिया। कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल शाह ने बुधवार को प्रशिक्षण की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा किए प्रतिकूल मौसम के बावजूद कैडेट्स की ऊर्जा और निष्ठा अद्वितीय है।


### कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, ऊधम सिंह नगर

पत्रांक: 827/कृषि-धान बुआई/2025-26/ दिनांक: 06 अगस्त 2025

**धान बुआई से सम्बन्धित सूचना**

ग्रीष्मकालीन धान की बुआई से हो रहे दुष्प्रभावों को दृष्टिगत रखते हुए एवं विकल्प के रूप में मक्का व अन्य वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से कार्यालय- जिला मजिस्ट्रेट, ऊधम सिंह नगर के कार्यालय पत्र संख्या 720 दिनांक 23 जुलाई 2025 के क्रम में जनपद में वर्ष 2025 के उपरान्त अनवरत रूप से निम्न बिन्दुओं पर परिपालन करते हुए धान की बुवाई की जा सकेगी।

> सम्पूर्ण जनपद में 01 फरवरी से 30 अप्रैल तक ग्रीष्मकालीन धान की बुवाई, रोपाई व नर्सरी लगाना पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
> खरीफ में लगने वाले धान हेतु सम्पूर्ण जनपद में धान की सीधी बुवाई 01 मई से 30 जून तक की जा सकेगी।
> खरीफ में सम्पूर्ण जनपद में धान की नर्सरी लगाने का कार्य 01 मई से 30 जून तक किया जाएगा।
> खरीफ में सम्पूर्ण जनपद में धान की रोपाई 01 जून के उपरान्त ही की जा सकेगी।

मुख्य कृषि अधिकारी
ऊधम सिंह नगर

### लक्सर विधायक हाजी मौहम्मद शहजाद का प्रयास लाया रंग

# सुल्तानपुर व क्षेत्र के ग्रामीणों को मिली बाईपास की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद के अथक प्रयासों से क्षेत्र के नगर पंचायत सुल्तानपुर व बाकरपुर टीकमपुर बाईपास की ग्रामीणों को सौगात मिल गई है । जो ग्रामीणों के लिए एक बेहतरीन तोहफा है जिससे बड़ी तादात में लोगों को राहत मिलेगी ।

**❖बाईपास बनने से सुल्तानपुर व अन्य गांव वालों को खनन वालों से भी मिल जाएगी निजात : शहजाद**




हाजी शहजाद विधायक के प्रयासों के बाद बाईपास का तोहफा मिलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक शहजाद का धन्यवाद किया है । लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने बताया कि आमजन की मांग पर नगर पंचायत सुल्तानपुर बाईपास के लिए कहा गया था लोगों की मांग पर मैंने बाकरपुर से टीकमपुर तक बाईपास के लिए सरकार से लिखित पत्र दिया मेरे लिखित पत्र पर सरकार के द्वारा नगर पंचायत सुल्तानपुर बाईपास को 100% मंजूरी मिल गई है । उन्होंने कहा सुल्तानपुर में खनन लेकर जो गाड़ी आती थी उससे बहुत दिक्कत होती थी गन्ने के सीजन में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था उसी को देखते हुए मैंने बाकरपुर से होते हुए नगर पंचायत सुल्तानपुर से बाहर बाहर टीकमपुर तक बाईपास को मंजरी दिलवा दी है यह एक बहुत ही बड़ी सुल्तानपुर के ग्रामीणों के एवं गंगा पार कई दर्जनों गांव के लोगों के लिए भी मिल का पत्थर साबित होगी उन्होंने कहा इस बाईपास के लिए मैं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरे कहने से इतने बड़े काम को मंजूरी दी है।

# सिविल लाइन पुलिस ने दस हजार के दो इनामी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एनडीपीएस में फरार दस हजार के दो इनामियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनामियों की गिरफ्तारी होने पर अधिकारियों ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है।



रुड़की कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 15 अप्रैल 2025 को एक कार सवार को डमडम चौक के पास रोका था। तलाशी में कार से 2915 नशीले इंजेक्शन और 50 हजार की रकम बरामद हुई थी। पूछताछ में कार चालक सुलेमान निवासी गांव बुढाहेड़ी थाना पथरी जिला हरिद्वार ने बताया था कि वह नशे के कारोबार से जुड़ा है। मनोज निवासी मुजफ्फरनगर से एक लाख रुपये में नशे के इंजेक्शन खरीदने की बात कही थी। जबकि कबूल किया था कि खुर्शीद, नूरआलम मुदस्सिर और आस मोहम्मद निवासी गांव बुढाहेड़ी थाना पथरी भी नशे के धंधे से जुड़े हैं। तभी से पुलिस नशे के कारोबार में शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी थी। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पांच-पांच हजार के इनामी खुर्शीद और नूरआलम को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार, हेड कांस्टेबल युनुस बेग और रणवीर चौहान शामिल रहे।

# कोटवाल में दो पक्ष में हुई गोलाबारी में शामिल तमंचे सहित एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम कोटवाल आलमपुर में 2 अगस्त को दो पक्षों में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल एक अभियुक्त को पुलिस द्वारा मंगलवार रात्रि गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक तमंचा तथा दो खोखा कारतूस भी बरामद किए गए। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 2 अगस्त की सुबह ग्राम कोटवाल आलमपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद गोली चल गई थी। गोली लगने से बाप बेटा सुशील कुमार व वंश कुमार घायल हो गए थे। जिनका इलाज ऋषिकेश एम्स में चल रहा है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर एक पक्ष की ओर से तीन तथा दूसरे पक्ष की ओर से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मंगलवार रात्रि मुखबीर की सूचना पर एक अभियुक्त बलिस्टर को ग्राम लाठरदेवा हुण के पास नहर पटरी से पुलिस द्वारा उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह कहीं दूसरी जगह भागने की फिराक में था। उक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 312 बोर का तमंचा व दो खोखा कारतूस भी बरामद किए गए। उक्त का चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है ।पुलिस टीम में थाना निरीक्षक अजय सिंह एस आई नितिन बिष्ट बरहम दत्त बिजलवान कांस्टेबल रामवीर सिंह रणवीर सिंह वह नसीमुद्दीन शामिल रहे।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी दबोचा किशोरी सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वारदात के बाद लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और तकनीकी निगरानी से आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

थाना लक्सर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 13 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को अनित पुत्र राजकुमार निवासी फतवा, बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर लक्सर पुलिस ने एक टीम गठित कर आरोपी की तलाश में जुट गई। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, लेकिन पुलिस की तकनीकी टीम ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर ली।छह अगस्त को पुलिस ने आरोपी अनित को लक्सर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अपहृत किशोरी को भी सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की तैयारी में है।

# बदमाशों ने घर में घुसकर बच्चों पर किया जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** धनौरी चौकी क्षेत्र के तेलीवाला उर्फ शिवदासपुर गांव में सुबह एक घर के अंदर खेल रहे बच्चों पर दो अज्ञात बदमाशों ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुचीं पुलिस ने घायल बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार तजमीम निवासी तेलीवाला उर्फ शिवदासपुर अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में अपनी सुसराल गया हुआ था और अपने दो बच्चों को पास के मकान में रह रहे अपने परिजनों के पास छोड़कर गया हुआ था। बुधवार कि सुबह उसके बच्चे अपने घर में आकर खेलने लगे इसी बीच दो अज्ञात बदमाश आये और उसके घर में घुसकर बच्चियों को धमकी देकर बाहर निकाल गए। एक बच्ची उनके पीछे चली गई। अज्ञात बदमाशों ने पीछे चल रही बच्ची पर हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। बच्ची की चीख सुनकर पास के मकान में रह रहे उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। खून से लहूलुहान बच्ची को देख कर परिजनों ने शोर मचा दिया। जिसके बाद आसपास के लोगो की भीड़ इक्कठा हो गई। इस बीच किसी ने पुलिस को सुचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुची और घायल बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा कर मामले की जांच शुरू कर दी हैं। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि एक घायल बच्ची को उपचार के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी हैं।जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सोलानी नदी के कटाव से चोली शहाबुद्दीनपुर में दर्जनों किसानों की जमीन बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ग्राम चोली शहाबुद्दीनपुर में सोलानी नदी के तेज बहाव के चलते भूमि कटाव की गंभीर समस्या सामने आई है। इस प्राकृतिक आपदा में दस ग्रामीणों की कृषि भूमि प्रभावित हुई है, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है।



घटनास्थल पर उपजिलाधिकारी भगवानपुर के निर्देश पर नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता, क्षेत्र पटवारी बृजभूषण, एवं पीड़ित किसान मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि कटाव से प्रभावित दस व्यक्तियों की व्यक्तिगत नुकसान रिपोर्ट अलग से तैयार कर शासन को भेजी जा रही है। नियमों के अनुसार, सभी प्रभावितों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन द्वारा समय पर की गई जांच और त्वरित कार्यवाही से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। क्षेत्रवासियों ने भी अधिकारियों की तत्परता की सराहना की है।

### खाद्य पदार्थों में मिलावट होने की आशंका पर

# खाद्य विभाग का मिठाई की दुकान व डेयरी पर धावा, छह के भरे सैंपल

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** खाद्य विभाग ने रक्षाबंधन के मध्य नजर खाद्य पदार्थों की दुकानों को खंगाल है विभाग की चेकिंग से मिठाई परचून और डेयरी संचालकों में हड़कंप मचा रहा टीम ने रुड़की के विभिन्न जगहों से खाद्य पदार्थ के छहसैंपल जांच के लिए लैब भेजे हैं।

पर्व पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले लोग सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने रुड़की के विभिन्न जगहों पर डेयरी और मिठाई की दुकान में चेकिंग की। जहां पर उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि अपने यहां ताजा समान ही रखें। कोई भी खाद्य पदार्थों को तैयार करने में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। इस दौरान रुड़की के परचून मिठाई और मक्खन, दूध, पनीर बनाने वाले डेयरी संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। टीम कई घंटे तक रुड़की में डेरा डाले रही। वरिष्ठ खाद्य अधिकारी योगेंद्र पांडे ने बताया कि ने रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए रुड़की एवं आसपास के क्षेत्र में रामनगर से गोस्वामी स्वीटशॉप से बर्फी, रामपुर चुंगी से आजाद स्वीटशॉप से सफेद रसगुल्ला, पुहाना से हिन्दुस्तान स्वीटशॉप से बेसन के लड्डू, दुग्ध पदार्थों में दूध, दही एवं छाछ के सैम्पल राज्य प्रयोगशाला में जाँच के लिए भेजे है। जाँच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# कलियर में 8 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप, आमजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर क्षेत्र में मंगलवार की रात को करीब आठ घँटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।लोगों को घर मे लगे इन्वर्टर के सहारे रात गुजारने को मजबूर होना पड़ा और कुछ लोगों को अंधेरे में ही रात गुजारनी पड़ी है।

ब्रह्मपुर बिजलीघर के अंतर्गत आने वाले मेहवड कलां ,बाजुहेड़ी, मेंहवड खुर्द , बेलड़ा, शेरपुर ,ब्रह्मपुर, शंकरपुरी, बेलड़ी, केलहनपुर, हल्डेडी,भरा पुर, भोरी, शिव बिहार कालोनी, सहित आदि गांव की बिजली आपूर्ति बधित रही। ग्रामीण देशराज, तेजपाल, महेंद्र ,शौकीन, राजेश दिग्विजय, नरेश, याकूब, दिलशाद, नोमान, प्रमोद जुगेंद्र, महबूब, राजेन्द्र सुखेन्द्र, सुखपाल, हुकमचन्द, रवि, राकेश, कंवरपाल, नाथी, विनोद, लालचंद, सहित आदि का कहना है कि मंगलवार की रात करीब को करीब आठ घँटे बिजली आपूर्ति बंद रही है। जिसके कारण अंधेरा होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। कुछ लोगों ने अपने इन्वर्टर के सहारे रात गुजारी वह भी जवाब दे गए।और कुछ को अंधेरे में ही रात गुजारने को मजबूर होना पड़ा है।जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।ऊर्जा निगम के अवर अभियंता फैजान मलिक ने बताया कि लाईन ब्रेक डाउन में चली गई थी जिस कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही हैं।

# श्मशान घाट की दीवार गिरने से महिला समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** बरसाती पानी से मिट्टी कटाव होने के कारण शमशान घाट की दीवार जमीन पर सौ रहे लोगों पर जा गिरी हादसे में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए घायलों को थिथौला में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों से उनका हालचाल जाना। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण आमजन परेशान है। मंगलवार की देर रात पुलिस चौकी के पास स्थित एक कालोनी में निवास करने वाले मेहताब के परिजन जमीन पर लेटे हुए थे। बताया गया है कि इसी बीच शमशान घाट की दीवार उनके ऊपर जा गिरी दीवार गिरने से सितारा पत्नी मेहताब (45) शहनवाज पुत्र मेहताब (18) हैदर पुत्र मेहताब (28) गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को थिथौला में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी मिलने पर नायाब तहसीलदार युसुफ अली ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से हादसे की जानकारी लेते हुए उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर कानूगों आदेश कुमार लेखपाल संजय चौहान भी मौजूद रह।

# पेड़ गिरने से पोल व वायर क्षतिग्रस्त

**रुड़की।** मौसम के बिगड़े मिजाज से विद्युत पोल और वायर पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति और यातायात प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मचारी अतर सिंह राणा और विपिन तोमर आदि को सुबह सवेरे सूचना मिली कि हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग निकट पेसिफिक होटल के पास पेड़ गिरा है। जिसके बाद पेड़ गिरने की वजह से बिजली के पोल एवं वायर क्षतिग्रस्त होने के साथ ही यातायात का आवागमन बाधित हो गया। जिसके बाद विद्युत विभाग से संपर्क कर बिजली की लाइन कटवाकर पोल एवं वायरो को भी सड़क किनारे किया गया। जबकि वुडन कटरों की सहायता से पेड़ को टुकड़ों में काटकर यातायात सुचारू किया।

# सहकारी समिति झबरेड़ा में भरा पानी, कर्मचारी व किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** किसान सहकारी समिति झबरेड़ा प्रांगण में बरसात का पानी भर जाने से समिति के कर्मचारियों को समिति के ऑफिस के कमरों में अंदर जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही समिति में पानी भर जाने से किसानों का भी आना जाना बंद हो गया।

जानकारी के अनुसार कस्बे में स्थित किसान सहकारी समिति में कई दिन से हो रही बारिश का

**प्रशासन बना रहा व्यवस्था**

पानी भर गया। समिति प्रांगण में पानी भरने से कर्मचारियों को भी पानी से ही होकर समिति के ऑफिस में जाना पड़ा। समिति सचिव तलवार सिंह का कहना है कि समिति प्रांगण में पानी भरने से जहां किसानों का आना बंद हो गया वहीं कर्मचारियों को भी परेशानी उठानी पड़ी। समिति प्रांगण मैं भर पानी को नगर पंचायत द्वारा टैंकर में भरकर निकाला गया।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम खुशबू (KHUSHBOO) है जिसे बदलकर मैंने अपना नाम खुशबू साबरी (KHUSHBOO SABRI) रख लिया है इसलिए भविष्य में मुझे खुशबू साबरी के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा लिखा, समझा व दर्ज किया जाए।

**खुशबू साबरी पत्नी शाह सुहेल नि. पिरान कलियर रुड़की, जनपद हरिद्वार।**

# मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थाना सिडकुल के हजारा ग्रँट निवासी जय कुमार ने तहरीर देकर बताया कि 31 जून को वह धनोरा से कलियर कुछ काम के लिए आ रहा था।रास्ते में वह बावन दर्रा के पास शौच के लिए चला गयाथा।कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसकी उसकी मोटरसाईकिल वहां नही थी।किसी अज्ञात चोर ने उसकी मोटरसाईकिल को चोरी कर लिया है।उसने अपनी मोटरसाईकिल को काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नही चल पाया है।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

**वहीं दूसरी ओर राहगीरों** से मारपीट के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि जुबेर अपने मच्छी मोहल्ले में राहगीरों के साथ मारपीट कर रहा था। जिसके बाद पुलिस टीम में शामिल आनंद मेहरा, विपिन और सुरेश तोमर ने जुबेर को गिरफ्तार किया।

### नायब तहसीलदार ने किया सोलानी नदी की ठोकर का निरीक्षण

# नदी का जलस्तर बढ़ने से बढ़ी ग्रामीणों की चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सोलानी नदी अपने रुद्र रुप पर है। पानी के तेज बहाव के कारण नदी के पुल पर बनाई गई पत्थरों की ठोकर बैठ गई है। आलम यही रहा तो एक दो दिन में पुल का हिस्सा पूरी तरह ढह जाएगा जिससे दर्जनों गांव का सम्पर्क लंढौरा से कट जाएगा।

गौरतलब है कि पहाड़ों व मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते सोलानी नदी अपने रुद्र रुप में है। नदी फिलहाल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। लगातार बढ़ रहे पानी की रफ्तार से जोरासी रणसुरा मार्ग पर स्थित सोनाली नदी के पुल पर आवाजाही के लिए बनाई गई पत्थरों की ठोकर बैठ गई है। पानी का बहाव तेज होने के कारण मिट्टी का कटाव जारी है। आलम यही रहा तो पुल का एक हिस्सा पूरी तरह जमींदोज हो जाएगा। जिस कारण लंढौरा से दर्जनों गांव का सम्पर्क कट जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य गुलफशा कहना है कि दो साल पहले पुल का कुछ हिस्सा पानी में बह गया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल पर आवाजाही के लिए पत्थरों की ठोकर बनाई गई थी। मगर पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण सोलानी नदी उफान पर है। पानी के तेज बहाव के कारण



पत्थरों की ठोकर बैठ गई है। जो कभी भी गिर सकती है।

बुधवार को सोलानी नदी के बढ़ते जलस्तर व किसानों की फसलों का जायजा लेने पहुंचे नायाब तहसीलदार युसुफ अली ने कानूगों आदेश कुमार के साथ पानी से बर्बाद हुई फसलों तथा पत्थरों की ठोकर का निरीक्षण किया। नायाब तहसीलदार युसुफ अली ने कहा कि नदी के तेज बहाव के कारण पत्थरों की ठोकर के नीचे से मिट्टी निकलने के कारण पुल की ठोकर बैठ गई है। जिसके संबंध में जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।

**हजारों बीघा फसलों पर नष्ट**-सोलानी नदी का जलस्तर बढ़ने से जौरासी जबरदस्तपुर, रणसुरा, हज्जरपुर, खंगपुर, थिथौला के किसानों की हजारो बीघा जमीन में पानी भर गया है। नदी के तेज बहाव के कारण खड़ी फसल नष्ट हो गई है। क्षेत्र के किसानों के सामने पशुओं के चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।

# लक्सर पालिका बरसात में चला रही लगातार सफाई अभियान : नीटू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद ने भारी बरसात के बावजूद सफाई अभियान जारी रखा है। नगर पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने बताया कि लक्सर शिव चौक, रोडवेज बस स्टैंड, और वन विभाग के दफ्तर के पास की पुलिया में जमा कूड़े को जेसीबी लगाकर हटाया जा रहा है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि भारी बारिश होने पर जलभराव की समस्या से लोगों को परेशानी न हो।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष ने बताया कि पहले भी बड़े नालों की सफाई पोकलैंड मशीन और मजदूरों की मदद से की गई थी। उन्होंने जनता से अपील की है कि अगर किसी भी क्षेत्र में पानी भर जाए या नालों में कूड़ा जमा हो, तो तुरंत नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद के सभी कर्मचारी और सभासद जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं और किसी को भी परेशानी नहीं होने देंगे। काम लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में कई सभासदों ने भी सहयोग किया।

# टैरिफ पर घमासान

आखिरकार टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बराबर दी जा रही धमकी से भारत का अब धैर्य टूटता दिखाई दे रहा है। ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं। ऐसा वह इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत रूस के साथ बड़ा कारोबार कर रहा है। बड़े पैमाने पर उससे तेल और गैस खरीद रहा है।

सैन्य सामानों में भी वह अमेरिका के सामने रूस को तरजीह दे रहा है। जबकि रूस इन सब बातों से शक्ति पाकर यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। भारत ने काफी हद तक धैर्य से काम लिया और ट्रम्प की किसी भी बात का सीधे जवाब नहीं दिया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि भारत जवाब नहीं दे सकता, बल्कि भारत चाहता है कि सारा मामला कूटनीति स्तर से निपटे, जोकि सबसे बेहतर तरीका भी है, लेकिन बात बनती न देख सीधे सोमवार को अमेरिका व ई-यू को सीधे निशाने पर ले लिया और कहा कि यह देश स्वयं बड़े पैमाने पर रूस से कारोबार कर रहे हैं और हमें नसीहत दे रहे हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका अभी भी रूस से यूरेनियम, हैक्साफ्लोराइट, खाद्य और कैमिकल्स मंगा रहा है।

जहां तक ईयू की है, पिछले 2024 में करीब 85 बिलियन यूरो का व्यापार किया। असल में सारा झगड़ा इस बात पर है भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा आयातक रहा है और दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2024 में करीब 130 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है। इसमें 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत की तरफ से अमेरिका को होता है, तो वहीं अमेरिका को भारत की तरफ से 42 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। इस तरह व्यापार घाटा करीब 46 अरब डॉलर का है जो भारत के पक्ष में जाता है। अमेरिका को यही व्यापार घाटा खल रहा है और वह चाता है कि यह घाटा किसी भी कीमत पर कम किया जाए। इसी को कम करने के लिए अमेरिका बराबर टैरिफ की धमकी दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प इस टैरिफ के जाल में इस तरह उलझ गए हैं कि उन्हें दोस्त दुश्मन में भी कोई अंतर नजर नहीं आ रहा है और वह अमेरिका के साथ अन्य देशों के संबंधों की परवाह नहीं कर रहे हैं। कई देशों से उनकी ठन सी गई दिखती है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा तो उनसे इतने खफा हैं कि उन्होंने उनसे बात करने से ही मना कर दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है।

हालांकि ट्रम्प उनसे बातचीत करने की पेशकश कर चुके हैं, लेकिन लूला बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि वह चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग, भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना ज्यादा पसंद करेंगे। रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिका का नाम लेने पर अब डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं, जांच कराएंगे। सभी अपने-अपने विकल्प तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ऐसे माहौल में इस समय रूस के मोस्को में मौजूद हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि भारतीय विदेश मंत्री इस महीने के आखिर में रूस जा सकते हैं, जाहिर है भारत ने भी अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका ज्यादा हठधर्मी से काम लेगा तो भारत के लिए विकल्प खुले हैं।

## अडानी के खिलाफ जांच से मोदी चुप



अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है, इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करती है, यही वजह है कि ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं, भारत, कृपया समझे, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, मकी मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करती है। मोदी के हाथ बंधे हुए हैं।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं



**पवन सिंह**

देश के नागरिकों की रूचि इस हकीकत को जानने में होगी कि सत्तारूढ़ दल की नजरों में कश्मीर और कश्मीरियों की हैसियत क्या है ? क्या वही है जो दुनिया के सामने प्रदर्शित की जाती है या कुछ अलग है ? उस कश्मीर की जिस पर हक को लेकर पाकिस्तान अगरजुबान भी खोलता है तो देशभक्तों का खून खौलने लगता है। भगवा तलवारें म्यानों से बाहर आने लगतीं हैं।

सवाल यह है कि हुक्मरानों और उनके समर्थकों की नजरों में क्या कश्मीर धरती पर बसा कोई स्वर्ग है? एक सैरगाह है या केवलजमीन का टुकड़ा है और इसी के साथ यह कि उनकी नजरों में वहां बसने वाले कश्मीरियों की औकात क्या है? क्या उन्हें भी विशालभारत देश की आत्मा का ही हिस्सा माना जाता है या फिर उनकी मौजूदगी में किसी अदृश्य पाकिस्तान की हरदम तलाश चलती रहती है? यानी हमें कश्मीर की तो जरूरत है कश्मीरियों की नहीं?

कश्मीर और कश्मीरियों के दर्द को समझने के लिए हमें 29 जुलाई की रात लोकसभा में दिए गए सिर्फ छह मिनटों के एक भाषण कीआत्मा में प्रवेश करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिंदूर पर हुई धुआंधार बहस का यह दूसरा दिन था। देर रात हो चुकी थी, सदन लगभगखाली-सा था फिर भी कुछ सांसद थे जिन्हें बोलना था और सुनना था।

यह भाषण नगर से चुने गए नेशनल कांफ्रेंस के बेहतरीन सांसद आगा रूहुल्ला मेहंदी ने दिया था। मेहंदी अपनी गैर-सांप्रदायिकराजनीति के लिए पूरी कश्मीर घाटी में एक खास पहचान रखते हैं। मेहंदी ने सिर्फ छह मिनटों में अपनी बात को इतने ताकतवर लहजे मेंरख दिया कि प्रधानमंत्री पौने दो घंटों में भी नहीं रख पाए होंगे।

मेहंदी के कहे को अगर सार में बताना हो तो उन्होंने कहा पहलगाम में जब खूनी दहशतगर्दी हुई तो उसके खिलाफ पूरी घाटी सड़कों परनिकल आई, दुकानें और रोजगार बंद हो गए। घाटी की जनता को पता है कि खून का बहना क्या होता है, कत्ल क्या होता है। कश्मीर के लोगों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निभाई।

सांसद मेहंदी ने आगे कहा अफसोस इस बात का है कि जब भी इस तरह की घटनाएं होतीं हैं



पाकिस्तान के साथ जंग छिड़ने के पहले कश्मीर के अवाम के साथ जंग छेड़ दी जाती है। बाकीयों के साथ बाद में छेड़ी जाती है। पुलवामा (14 फरवरी 2019) के लोग जब आज भी नगर के लिए ट्रैवल करते हैं, हर पांच किलोमीटर पर उनकी गाड़ियों को रोका जाता है।

पहलगाम के वाकए के बाद भी ऐसा ही हुआ। बाकी के साथ जंग बाद में छेड़ी गई कश्मीर के अवाम के साथ पहले छेड़ दी गई। दो हजार से ज्यादा लोगों को किसी भी कानून का लिहाज किए बगैर घरों से उठाकर जेलों में बंद कर दिया गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सौ से ज्यादा कश्मीरियों को पीटा गया, सड़कों से हटाया गया और उनकी दुकानें बंद करवाई गईं। सिर्फ शक की बुनियाद पर कश्मीर में 12 घरों में यह मानकर ब्लास्ट कर दिया गया कि वे मुलजिमों के हो सकते हैं।

सत्ता पक्ष के सांसद अपना धैर्य खोने लगे थे, उनके सब्र का बांध टूटने लगा था। दो दिन से चल रही बहस के दौरान किसी ने भी ऐसे सवाल नहीं उठाए थे जो सांसद मेहंदी पूछ रहे थे। मेहंदी ने जब सत्ता पक्ष की ओर रुख करते हुए सवाल किया कि क्या कश्मीर आपके के लिए सिर्फ एक जमीन है? क्या मुल्क में कोई कानून है? सत्ता पक्ष की बेंचों की तरफ से किसी की आवाज सुनाई दी 'तो इसमें गलत क्या है?'

जवाब सुनकर सांसद मेहंदी बिफर पड़े। अब तक सदन में शोर बढ़ने लगा था और काफी गर्माहट पैदा हो चुकी थी। अपनी सीट पर वापस बैठने से पहले मेहंदी ने पलटवार करते हुए आखिरी बात कह दी तो यही है कश्मीर आपके लिए। यह है आपकी हकीकत? यही है आपकी जम्हूरियत?

यकीन किया जाना चाहिए कि सांसद मेहंदी के द्वारा कही गई एक-एक बात 29 जुलाई की कार्रवाई के रिकॉर्ड में दर्ज हुई होगी। मेहंदी जब पुलवामा का जिक्र कर रहे थे, मुझे रह-रहकर याद आ रहा था कि उस हादसे के दौरान किस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीर से आकर अध्ययन करने वाले बच्चों और छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ मारपीट की गई थी। उन्हें आतंकवादी बताया गया था। उन्हें अपने घरों को वापस लौटने की धमकियां दी गईं थीं। सीआरपीएफ की हेल्पलाइन की मदद से उन्हें वापस भेजा गया था।

पुलवामा के कोई एक सप्ताह बाद (23 फरवरी 2019 को) राजस्थान के टोंक में हुई चुनावी सभा में पीएम ने कहा था हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है। कश्मीर और कश्मीरियों के खिलाफ नहीं है। देश के किसी भी कोने में कश्मीरी बच्चों के साथ बुरा व्यवहार नहीं होना चाहिए। वे अपने ही हैं। पीएम के कहे के बावजूद कश्मीरियों के खिलाफ तब हिंसा की घटनाएं बंद नहीं हुईं थी।

पहलगाम हादसे के बाद कश्मीरियों के खिलाफ घाटी-स्थित उनके घरों और देश के विभिन्न हिस्सों में हुई हिंसा की घटनाओं के खिलाफ पीएम ने न तो संसद के भीतर कुछ कहा और न ही बाहर किसी सभा में। सांसद आगा मेहंदी जब लोकसभा में बोल रहे थे मोदी उपस्थित नहीं थे। उन्हें बाद में तो पता चला ही होगा कि क्या कहा गया। क्या ऐसा मान लिया जाए कि सत्ता पक्ष की बेंचों ओर से किसी के द्वारा की गई टिप्पणी तो गलत क्या है? सरकार की भी मौन सहमति है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सवाल जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का

**जाहिर है इस कथन के तहत जांच एजेंसियों की रिपोर्ट्स का अति सूक्ष्म अध्यन व गवाहों से भरसक जिरह करना अदालत का दायित्व है परन्तु हम जांच एजेंसियों की दोषसिद्धि दर की भी अनदेखी नहीं कर सकते। मिसाल के तौर पर जब विपक्षी नेताओं के विरुद्ध सीबीआई और ईडी की कार्रवाई करती है तो सजा की दर केवल एक प्रतिशत होती है। जैसा कि राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया गया था। हो सकता है कि यह आंकड़ा विशेष रूप से राजनीतिक मामलों तक ही सीमित हो परन्तु इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि क्या जांच एजेंसियों की कार्रवाइयां भी पूर्वाग्रह से प्रेरित तथा सत्ता के इशारे पर की जाती हैं? इसी तरह आतंकवाद से संबंधित मामलों में ठोस सबूत जुटाना मुश्किल होता है, क्योंकि कई बार गवाह डर के कारण सामने नहीं आते या सबूत अपर्याप्त होते हैं। तो भी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। कई बार हमारे देश में लंबी व जटिल कानूनी प्रक्रिया के चलते ATS द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्धों को निचली अदालतों में सजा मिलती है, लेकिन उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में अपील के बाद वे बरी हो जाते हैं।**



**निर्मल रानी**

पिछले कुछ दिनों के भीतर विभिन्न न्यायालयों द्वारा कई बहुचर्चित व हाई प्रोफाइल मामलों से संबंधित कई ऐसे फैसले सुनाए गए, जिससे एक बार फिर जांच एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल भी दो तरह के। एक तो यह कि यदि सम्बद्ध मामले में अदालत के अनुसार आरोपी बेगुनाह थे तो आखिर अपराध करने वाले कौन थे? उन्हें सामने लाने की जिम्मेदारी आखिर किस एजेंसी की है ? और दूसरा बड़ा सवाल यह कि लंबे समय तक जेल में रहने, कथित रूप से प्रताड़ना सहने, पूरे समाज में अपनी व अपने परिवार की बदनामी उठाने, इतने वर्षों तक अपने काम काज से मुक्त होकर जांच व जेल का सामने करने गोया आरोपियों का पूरा जीवन बर्बाद होने की भरपाई कैसे हो और कौन करेगा इसकी भरपाई ?

गत 21 जुलाई को बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले से संबंधित मामले में 19 साल बाद, ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया, जबकि कमाल अहमद अंसारी नाम के एक आरोपी की 2021 में कोरोना के चलते जेल में ही मृत्यु हो चुकी थी। गौरतलब है कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में केवल 11 मिनट के भीतर सात स्थानों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 बेगुनाह लोग मारे गए थे तथा 800 से अधिक घायल हुए थे। यह बम धमाका मुंबई की उन लोकल ट्रेन्स को लक्षित करके किया गया था, जिसमें रोजाना लाखों यात्री सफर करते हैं।

इसी तरह का दूसरा फैसला गत 31 जुलाई 2025 को मुंबई की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की अदालत ने सुनाया। यह मामला 29 सितम्बर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए बम धमाके से संबंधित था। मालेगांव बम विस्फोट मामले में 17 साल बाद सुनाए गए इस फैसले में भी अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। मुस्लिम बहुल इलाके में हुए इस मोटरसाइकिल बम विस्फोट में फरहीन उर्फ शगुफ्ता शेख लियाकत, शेख मुश्ताक यूसुफ, शेख रफीक मुस्तफा, इरफान जियाउल्लाह खान, सैयद अजहर सैयद निसार और हारून शाह मोहम्मद शाह जैसे 6 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 29 सितंबर 2008 को रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले, मालेगांव के भीकू चौक पर एक मोटरसाइकिल में बम विस्फोट कर इस घटना को अंजाम दिया गया था।

इस घटना के बाद देश में व्यापक विवाद व सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था। यही वह घटना थी जिसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद कांत पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी जैसे लोगों पर गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम UAPA, भारतीय दंड संहिता IPC और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने यह दावा किया था कि जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक लगाकर उड़ाया गया था वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर थी जबकि कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक सामग्री यानी आरडीएक्स उपलब्ध कराई थी। उस समय एटीएस ने यह दावा भी किया था कि यह हमला दक्षिणपंथी संगठन अभिनव भारत की साजिश के तहत किया गया था।

इसी तरह एक और बहुचर्चित मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ा है। गत 4 अगस्त 2025 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले में सत्येंद्र जैन पर लोक निर्माण विभाग में अनियमित नियुक्तियों का आरोप था परन्तु अदालत ने पिछले दिनों इसी मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सीबीआई को लंबी जांच के बाद भी जैन के खिलाफ कोई आपराधिक सबूत नहीं मिले। अब आरोप लग रहा है कि ईडी ने जैन के विरुद्ध बिना ठोस सबूतों के कार्रवाई की, क्योंकि ED ने जैन के घर से नकद या सोना बरामद होने का जो दावा किया था अदालत ने उन दावों को ही झूठा माना और ईडी को फटकार भी लगाई। इन आरोपों में अपनी संलिप्तता से पूर्व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, बिजली, गृह और पी डब्लू डी जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री जैसे गरिमामई पद पर थे।

उदाहरणार्थ उपरोक्त तीनों मामलों का जिक्र यहां इसीलिए किया जा रहा है, क्योंकि यह मामले न केवल है प्रोफाइल थे बल्कि इन मामलों का गहरा सम्बन्ध देश की राजनीति से भी था। मीडिया में इन सभी मामलों ने भरपूर सुर्खियां बटोरी थीं और पक्षपाती मीडिया ने भी इन मामलों में अपने तरीके से मीडिया ट्रायल भी चलाया था। अन्यथा निश्चित रूप से ऐसे और भी फैसले आए दिन होते होंगे जिनमें वर्षों तक जेल भुगतने के बाद या जेल में मौत हो जाने के बाद आरोपियों को सुबूतों, साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते बरी कर दिया जाता हो। इन परिस्थितियों में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठने लाजिमी हैं। अदालतें यदि किसी भी आरोपी को साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के कारण बरी करती हैं तो वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है, क्योंकि हमारे देश की न्याय व्यवस्था का यह कथन है कि भले ही सौ गुनहगार रिहा हो जाएं परन्तु किसी एक भी बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रक्षाबंधनः नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध और नैतिक मूल्यों के पुनर्संवेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है।

रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है। आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है।

रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लेखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजई हुए। मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चितौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चितौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी।

महाभारत में जब भगवान कृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। कृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरू की कथा इस बात को दर्शाती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन सकता है। यह प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है।

रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है, लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों की वह पवित्रता, भावनाओं की वह गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाजारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुनः प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें। आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें।



एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल स्नेह की नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है। रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में 'अवनी अविट्टम' के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और मद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को 'बलेव' के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है-अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा और स्वार्थ के स्थान पर सेवा। आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहां पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधिकतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं।

राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी, तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुनः उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बांधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के यह धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान।

**-ललित गर्ग**

# रूस से अमेरिकी खरीद पर ट्रम्प अंजान

## पत्रकार के सवाल का अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोई जवाब नहीं दिया



**वाशिंगटन।/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं जानते हैं कि अमेरिका रूस से क्या खरीद रहा है। रूस से अमेरिका के केमिकल और खाद आयात करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्राकारों के सवाल पर कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता।

हमें इसकी जांच करनी होगी। यह बयान तब आया जब भारत ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका अब भी रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, खाद और केमिकल्स मंगा रहा है। ट्रम्प ने इससे एक दिन पहले भी उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीद कर ओपन मार्केट में बेच रहा है। भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इंपोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई

- **भारत ने कहा था: रूस से यूरेनियम-खाद ले रहा यूएस-निक्की हेली बोलीं: भारत से रिश्ते खराब न करें**
- **भारतीय एनएसए डोभाल मास्को पहुंचे, भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार**

तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है।

भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा है कि अमेरिका को भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए और चीन को छूट नहीं देनी चाहिए। साउथ कैरोलीना की पूर्व गवर्नर हेली ने एक्स पर लिखा कि भारत को रूस से तेल खरीदने से रोका जा रहा है, लेकिन चीन, जो विरोधी है और रूसी-ईरानी तेल का नंबर एक खरीदार है, उसे 90 दिन के लिए टैरिफ से छूट दी गई है। चीन को छूट न दें। भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ संबंध खराब न कीजिए। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिनकन पार्टी की नेता हैं। वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिनकन पार्टी की नेता हैं।

वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। भारत और अमेरिका के बीच रूस से तेल खरीद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल रूस की राजधानी मास्को पहुंचे हैं। हालांकि, उनका यह दौरा पहले से तय था। डोभाल के दौरे का मकसद भारत-रूस संबंधों को और मजबूत करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस महीने के आखिर तक विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मास्को जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का रूसी तेल खरीदना दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहा है। यूक्रेन युद्ध से पहले रूस अपना क्रूड आयल यूरोपीय यूनियन की तरफ से तय 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर बेचता था, लेकिन वार के बाद से भारत इसे छूट पर खरीदता है।

# भारत को लेकर ट्रम्प का दोगलापन

**नई दिल्ली।** रूस से कारोबार को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं।

भारत ने बीते कुछ महीनों से लगातार अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देते हुए रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर किसी भी दबाव में न झुकने की बात कही है। हालांकि, ट्रम्प की तरफ से लगातार तीखी होती टिप्पणियों के बाद भारत ने पहली बार पलटवार किया और भारत को निशाना बनाए जाने को अन्यापूर्ण और अनुचित करार दे दिया। नई दिल्ली ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बावजूद रूस से अलग-अलग उत्पाद खरीद रहे हैं। भारत ने अमेरिका पर परमाणु कार्यक्रम के लिए उत्पाद खरीदने और ईयू पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से लगातार कारोबार जारी रखने की बात कही। साथ ही तेल खरीद के लिए भारत को

### रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यूएस-यूरोप का मास्को से कितना कारोबार, आंकड़े खोल रहे पोल

बेवजह निशाना बनाए जाने की आलोचना की। भारत की तरफ से अमेरिका और ईयू को इस तरह तथ्यों के साथ जवाब देने की मुख्यत: दो वजहें हैं। पहला: ट्रम्प ने हाल ही में रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ के साथ-साथ जुर्माना लगाने की धमकी दी है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि भारत पर बढ़े हुए टैरिफ का एलान अगले 24 घंटे में हो सकता है। दूसरी तरफ यूरोपीय संघ ने जुलाई के अंतिम हफ्ते में भारत की बड़ी तेल रिफाइनिंग कंपनी नायरा पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था। इतना ही नहीं ईयू ने भारत से रिफाइन होकर आने वाले रूसी तेल के आयात को भी प्रतिबंधित कर दिया था। ईयू के इस फैसले के बाद अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट ने नायरा एनर्जी के अकाउंट्स को बंद कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलिफ़ोर्निया में जंगल में लगी आग से सैकड़ों इमारतें खतरे में

**लॉस एंजिल्स।** मध्य कैलिफ़ोर्निया में तेज़ी से फैल रही एक जंगल की आग से सैकड़ों इमारतों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आग ने पांच दिनों से भी कम समय में 82000 एकड़ (लगभग 332 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। अमेरिकी वन सेवा और कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, गिफ़र्ड फ़ायर नामक यह जंगल की आग शुक्रवार अपराह्न भड़की थी।

### चीन के गुआंगझो में भूस्खलन में सात लोग लापता

**गुआंगझो।** दक्षिणी चीन के गुआंगझो प्रांत की राजधानी गुआंगझो में बुधवार सुबह बारिश के बाद हुए भूस्खलन में सात लोग लापता हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे हुए इस भूस्खलन में बेयून जिले के दायुआन गांव में कई मकान ध्वस्त हो गए और कुल 14 लोग वहां फंस गए। दोपहर तक सात लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया और इन सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस हादसे के बाद आस-पास के सभी घर खाली करा लिए गए हैं। अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने बुधवार को तमिलनाडु के 14 मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनाथपुरम जिले के ये मछुआरे कल रात मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे तभी श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने के बाद अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे कच्चातीवु द्वीप के पास दो नावों (एक नाव में दस और दूसरी में चार) में मछली पकड़ रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी नावों को श्रीलंकाई नौसेना ने जब्त कर लिया।

### मछलियों के जीवन चक्र में आ रहा है बदलाव: विशेषज्ञ

**कोच्चि।** वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन से मछलियों के जीवन चक्र में बदलाव हो रहा है जिससे मछलियों की प्रजनन दर प्रभावित हो रही है। केन्द्रीय समुद्रीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थ्थान के निदेशक के निदेशक डॉ. ग्रिसन जॉर्ज ने यह चौंकाने वाली जानकारी यहां आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में दी।

# गाजा में इजरायली हमलों में 83 फलस्तीनी मारे गए

### मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतिक्षा कर रहे 58 लोग शामिल

**गाजा/बेरूत।** गाजा में मंगलवार को इजरायली हमले में कम से कम 83 फलस्तीनी मारे गए। गाजा नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ से कहा कि मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतीक्षा कर रहे 58 लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इज़रायली हमलों में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए गाजा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसने अल-कुद्स ब्रिगेड और नासिर ब्रिगेड के साथ मिलकर गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के उत्तर में इज़रायली सैनिकों और

- **पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का सदस्य मारा गया**

वाहनों को मोर्टार के गोले दागे हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 18 मार्च को इज़रायल द्वारा गाजा में तीव्र हमलों को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 9519 फलस्तीनी मारे गए हैं और 38630 अन्य घायल हुए हैं। इसके बाद अक्टूबर 2023 से गाजा में इजरायल की ओर से शुरू किये गए अभियान में मरने वालों फलस्तनीनियों की कुल संख्या 61020 हो गई है और 150671 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में भुखमरी और कुपोषण के कारण आठ नई मौतें दर्ज की गईं, जिससे अक्टूबर 2023 से इस तरह की कुल मौतों की संख्या 188 हो गई, जिनमें 94 बच्चे शामिल हैं। दूसरी ओर पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में मंगलवार को एक वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतक हुसम घरायब हिजबुल्ला का सैन्य कार्यकर्ता था। एक अलग घटनाक्रम में, स्थानीय टीवी चैनल अल-जदीद ने बताया कि लेबनानी कैबिनेट ने मंगलवार को सेना को हिजबुल्लाह को हथियारविहीन करने के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस वर्ष के अंत तक सभी हथियार सरकार के पूर्ण नियंत्रण में हों। सेना को यह योजना इस माह के अंत तक कैबिनेट को सौंपने के लिए कहा गया है।

### अमेरिका के एरिजोना में विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**एरिजोना।** अमेरिका में एरिज़ोना प्रांत के नवाजो नेशन में बुधवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। नवाजो नेशन पुलिस ने फेसबुक पर बताया कि दुर्घटना के समय यह छोटा विमान पास के एक अस्पताल से एक मरीज को लेने जा रहा था। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना अपराह्न करीब 12:40 बजे एरिज़ोना के चिनले के पास हुई। सीएनएन न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में नवाजो पुलिस के हवाले से बताया कि हम पीड़ितों के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बताया कि विमान बीचक्राफ्ट 300 था, जो नवाजो नेशन के चिनले म्यूनिसिंपल हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एनटीएसबी की प्रवक्ता सारा टेलर सुलिक ने सीएनएन को बताया कि एनटीएसबी के जांचकर्ता घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं।




नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान (SIR) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद प्रियंका गांधी, संजय राउत, सुप्रिया सुले और काकोली घोष व अन्य।

### कंबोडियाई अधिकारियों की हत्या की योजना के आरोपों का खंडन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने उन रिपोर्टो का कड़ा खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि उनका देश कथित तौर पर कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत और सीनेट के अध्यक्ष हुन सेन की हत्या की योजना बना रहा है।

थाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि कंबोडिया ने विदेशी खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए यह निराधार आरोप लगाया है कि थाईलैंड, हुन सेन और हुन मानेत की हत्या की साजिश रच रहा है लेकिन थाईलैंड सरकार इस निराधार आरोप का स्पष्ट रूप से खंडन करती है। उल्लेखनीय है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 24 जुलाई को सीमा को लेकर एक सशस्त्र टकराव में बदल गया था। सीमा क्षेत्र में झड़पों के बाद, दोनों पक्षों ने भारी गोलाबारी की और इसमें कई लोग हताहत भी हुए। इसके बाद गत सप्ताह कुआलालंपुर में मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की मध्यस्थता में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुई बैठक हुई और तत्काल युद्धविराम समझौते की घोषणा की गई।

## पीएम मोदी गलवान झड़प के बाद पहली बार जाएंगे चीन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एसओसी समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। यह 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी।

मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल

- **एसओसी समिट में शामिल होंगे मोदी, 11 साल में पांच बार चीन जा चुके हैं भारत के प्रधानमंत्री**

संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी।

## पाक के सिंधु डेल्टा में पानी 40% घटा

### ऊपरी इलाकों में नहरों और बांधों में रोका, समुद्र का पानी भरने से जमीन हुई खारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी सिंधु के डेल्टा में जिंदगी खत्म होने की कगार पर है। सिंधु का पानी ऊपर के इलाकों में नहरों और बांधों में रोक लिया गया है।

इसकी वजह से सिंध प्रांत और डेल्टा क्षेत्र में पानी पहुंचना लगभग बंद हो गया है। 1950 के दशक से अब तक सिंधु डेल्टा में बहने वाले पानी में 80 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। दूसरी तरफ इसमें अरब सागर का खारा पानी घुस आया है। इससे यहां की जमीन खारी हो चुकी है। खेती बंद हो गई है। मछलियों की आबादी घटी है और झींगा-केकड़ों का जीवन संकट में है। डेल्टा में कभी 17 छोटी नदियां, दलदली जमीन, मैंग्रोव जंगल और मछलियों से भरे



कीचड़ भरे मैदान थे। आज वह मिट्टी नमकीन, पानी जहरीला और जमीन रहने लायक नहीं बची। सिंध सरकार के मुताबिक, यहां 80 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं बचा। समुद्र का खारा पानी अब जमीन के अंदर तक घुस आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1960 के दशक से अब तक मैंग्रोव का 86 प्रतिशत हिस्सा खत्म हो गया है। इससे मछलियों की आबादी में 80 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो दशकों में अब तक 12 लाख से अधिक लोग डेल्टा छोड़कर कराची जैसे शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। पाकिस्तान फिशरफोक फोरम का कहना है कि तटीय इलाकों से हजारों मछुआरे परिवार विस्थापित हो चुके हैं। 54 साल के हबीबुल्लाह खट्टी ने अपना अब्दुल्ला मीरबहार गांव को छोड़ने दिया है। गांव छोड़ने से पहले उन्होंने अपनी मां की कब्र पर आखिरी सलाम किया। वो बताते हैं, कभी 40 गांवों वाले खारो चान इलाके में अब ज्यादातर गांव समंदर निगल चुका है।

## टैरिफ विवाद, ट्रम्प बोले: ब्राजील राष्ट्रपति जब चाहें, बात करें

**ब्रासीलिया।** ब्राजीली राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने राजधानी ब्रासीलिया में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प से बातचीत से इन्कार कर दिया।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रम्प ने कहा था कि लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं। लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा। अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे

- **लूला दा सिल्वा का दो टूक जवाब-उनसे नहीं मोदी और जिनपिंग से चर्चा करना चाहूंगा**

निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जाने पर विचार कर रहा है।

लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रम्प से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवम्बर में होने वाले डब्ल्यूटीओ-30 क्लाइमेट समिट में ट्रम्प को न्योता जरूर भेजेंगे। अमेरिका ने हाल ही में ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक यह टैरिफ पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते लगाया गया है।

# नेतन्याहू ने पूरा गाजा कब्जाने का बनाया मन, आर्मी चीफ बोले: यह गलती मत कर देना

**तेल अवीव।** गाजा युद्ध शुरू होने के करीब दो साल बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अब पूरे गाजा पर कब्जा करने की योजना (बिग गाजा प्लान) पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन, नेतन्याहू के इस बिग गाजा प्लान पर इजरायली सेना सहमत नहीं है। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने योजना पर आपत्ति जताई है।

इससे इजरायली राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव और अधिक बढ़ गया है। जमीर ने चेतावनी दी है कि गाजा पर कब्जे की कोशिश से वहां बंधक 20 इजरायली नागरिकों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा।



जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा

फिलहाल गाजा के करीब 75 प्रतिशत हिस्से पर इजरायली सेना का नियंत्रण है। अब नेतन्याहू संपूर्ण गाजा पर कब्जा चाहते हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। नेतन्याहू के करीबी सहयोगियों ने बिग गाजा प्लान के खिलाफ जाने पर आर्मी चीफ जमीर का इस्तीफा मांगा है। उनके एक करीबी अधिकारी ने एक इजरायली वेबसाइट से कहा कि अब फैसला हो चुका है, हम गाजा पर पूर्ण कब्जे की ओर बढ़ रहे हैं। अगर चीफ आफ स्टाफ जमीर को यह मंजूर नहीं है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। गाजा युद्ध के दौरान इजरायली अधिकारियों ने पीएम नेतन्याहू के फैसलों पर सवाल उठाए हैं। आंतरिक खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख रानन बार को हटाने की नेतन्याहू की योजना कोर्ट ने रोक दी थी। आईडीएफ चीफ हर्शी हलेवी ने मार्च 2025 में इस्तीफा दे दिया था। नवम्बर 2024 में तत्कालीन रक्षा मंत्री गैलेंट को नेतन्याहू ने 'विश्वास संकट' का हवाला देकर हटा दिया था।

## संरा ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों के विस्तार को लेकर दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र गाजा पट्टी के माध्यम से इजराईली सैन्य अभियानों के संभावित विस्तार के खिलाफ चेतावनी दी है। यूरोप पश्चिम एशिया और अमेरिका के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव मिरोस्लाव जेंका ने मंगलवार को कहा कि इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पूरे गाजा पट्टी में इज़रायली सैन्य अभियानों का विस्तार करने के संभावित निर्णय से संबंधित नवीनतम रिपोर्टें यदि सच हैं, तो बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया कि इससे लाखों फलस्तीनियों के लिए विनाशकारी परिणाम सामने आएंगे और गाजा में शेष (इजरायली) बंधकों के जीवन को और भी खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून स्पष्ट है। गाजा फलस्तीनी राज्य का एक अभिन्न अंग है और उसे बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने जुलाई 2024 में कहा था कि इज़रायल का दायित्व है कि वह सभी नई बस्तियां बसाने की गतिविधियों को तुरंत बंद करे।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108